आर.एन.आई. नं. 45080/85, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2021-23

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 36 अंक 219 | इन्दौर, शनिवार 04 मार्च 2023 | फाल्गुन शुक्ल 13 संवत् 2079 | पृष्ठ-08 मूल्य-4.00 | www.awantika.com

## देश विदेश

### लोकसभा 2024 चुनाव अकेले लड़ेगी टीएमसी

**कोलकाता।** एक तरफ लोकसभा चुनाव 2024 के लिए विपक्षी पार्टियां एकजुट होने की मुहिम चला रही है। वहीं, तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने विपक्षी एकजुटता की इस मुहिम से खुद को अलग कर लिया है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने लोकसभा चुनाव अकेले लड़ने का फैसला किया है। उन्होंने गुरुवार को कहा कि हम 2024 का चुनाव अकेले लड़ेंगे। किसी भी राजनीतिक दल के साथ गठबंधन नहीं करेंगे। सीएमसी का गठबंधन जनता के साथ होगा। ममता का बयान ऐसे समय में आया है जब 1 मार्च को तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के जन्मदिन पर मंच से विपक्षी एकजुटता का उदाहरण पेश किया गया।

### आगर-मालवा में फूड पॉइजनिंग से 184 बीमार

**आगर मालवा।** जिले में फूड पॉइजनिंस से 184 लोग बीमार हो गए। मामला नलखेड़ा क्षेत्र के लटूरी गेहलोत गांव का है। यहां एक मृत्युभोज का कार्यक्रम हुआ था। भोजन के बाद ग्रामीणों को उल्टी-दस्त की शिकायत होने लगी। बड़ी संख्या में बीमार होने पर प्रशासन को इसकी सूचना दी गई। शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग का अमला यहां पहुंचा और इलाज शुरू किया। सीएमएचओ एसएस मालवीय ने बताया कि सभी मरीजों की हालत अभी ठीक है। वहीं खाद्यान विभाग की टीम ने यहां से खाने और पानी के सैंपल लिए हैं। इसकी जांच की जाएगी।

### सोनिया गांधी की तबीयत बिगड़ी, अस्पताल में भर्ती

**नई दिल्ली।** कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी को तबीयत बिगड़ने के चलते दिल्ली के गंगाराम अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक 76 साल की सोनिया को बुखार आने की वजह से उन्हें गुरुवार को एडमिट किया गया था। सोनिया का इलाज कर रहे डॉ. डीएस राणा ने बताया कि सोनिया सीनियर कंसल्टेंट की निगरानी में हैं। फिलहाल उनकी हालत स्थिर है। इसके पहले 5 जनवरी को भी उन्हें वायरल इन्फेक्शन के चलते दिल्ली के गंगाराम अस्पताल में एडमिट होना पड़ा था।

शाहरुख के बंगले मन्नत में 2 लोग घुसे

### दीवार फांदकर बंगले की तीसरी मंजिल तक पहुंचे



**मुम्बई।** शाहरुख खान के बंगले 'मन्नत' की सुरक्षा में चूक का मामला सामने आया। गुरुवार देर रात दो युवक दीवार फांदकर बंगले की तीसरी मंजिल तक पहुंच गए। हालांकि, सिक्योरिटी गार्ड्स ने इन्हें पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। दोनों लड़कों की उम्र 21 से 25 साल बताई जा रही है। दोनों गुजरात के हैं। पुलिस ने दोनों के खिलाफ आईपीसी की धारा 452/34 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस घटना के वक्त शाहरुख खान घर पर नहीं थे। दोनों लड़के बंगले की तीसरी मंजिल तक पहुंच गए थे। सबसे पहले सिक्युरिटी गार्ड ने देखा। ये घटना रात 9.30 बजे की है। पुलिस की पूछताछ में बताया कि दोनों सूरत के रहने वाले हैं और शाहरुख से मिलने के लिए मुंबई पहुंचे थे।

### विधायक के बेटे के ऑफिस व घर से 8 करोड़ कैश मिला

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में गुरुवार को लोकायुक्त ने भाजपा विधायक मदल वीरुपक्षप्पा के बेटे प्रशांत कुमार को 40 लाख रुपए घूस लेते गिरफ्तार किया। प्रशांत की गिरफ्तारी पिता के बेंगलुरु स्थित कर्नाटक सोप एंड डिटर्जेंट लिमिटेड के दफ्तर से हुई। लोकायुक्त ने केएसडीएल दफ्तर और प्रशांत के घर पर छापा मारा तो 8 करोड़ कैश बरामद हुआ। गिनती करने के बाद अफसरों ने नोटों के बंडल बिस्तर पर रख दिए। भाजपा विधायक मदल वीरुपक्षप्पा ने केएसडीएल के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने कहा कि जिस टेंडर के मामले में बेटे ने घूस ली, उसमें मैं शामिल नहीं हूं।

### मदरसा में नाबालिग को डंडे से बेरहमी से पीटा

**मुंबई।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में एक निजी मदरसे में नाबालिग छात्र को टीचर द्वारा बुरी तरह पीटने का मामला सामने आया है। छात्र की गलती सिर्फ इतनी थी कि उसे टीचर ने जो पाठ याद करने दिया था, उसे वह ठीक से सुना नहीं सका। मामला नवंबर 2022 का है, जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में देखा जा सकता है कि टीचर ने छात्र को 70 सेकेंड में 70 डंडे मारे। उधर, मदरसे के ट्रस्टी ने टीचर के खिलाफ केस दर्ज कराया है। टीचर घटना के बाद से लापता है।

10 वीं और 12वीं की परीक्षा में नकल कराने पर्यवेक्षक ले रहा था रिश्वत

## 10-10 हजार रुपए लेते लोकायुक्त ने रंगेहाथ पकड़ा

दैनिक अवन्तिका ▶▶ दमोह

यहां 10वीं और 12वीं की परीक्षा में रिश्वत लेकर नकल कराने का मामला सामने आया है। सागर लोकायुक्त ने दमोह के नरसिंहगढ़ हायर सेकेंडरी स्कूल में पर्यवेक्षक के रूप में तैनात एक शिक्षक को 5 हजार रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। यह शिक्षक बोर्ड परीक्षा में नकल कराने की एवज में 10-10 हजार रुपए मांग रहा था। इस बात की शिकायत एक छात्रा के पिता ने सागर लोकायुक्त से की थी।



लोकायुक्त डीएसपी प्रफुल्ल श्रीवास्तव ने बताया कि ग्राम देवालय तहसील पथरिया जिला दमोह निवासी रामू पिता नन्हेभाई रैकवार की बेटी को परीक्षा में नकल कराने व अच्छे नम्बरों से पास कराने के लिए शासकीय उच्चतर माध्यमिक स्कूल नरसिंहगढ़ के शिक्षक घनश्याम पिता पन्नालाल अहिरवार ने 7 हजार रुपए रिश्वत की मांग की। दो हजार पहले ले लिए इसके बाद पांच हजार रुपए की मांग कर रहा था। शिक्षक घनश्याम द्वारा मांगी जा रही रिश्वत की शिकायत रामू रैकवार ने सागर लोकायुक्त एसपी से की।

इसके बाद आज रामू रैकवार ने नरसिंहगढ़ के सीतानगर तिराहा पहुंचकर शिक्षक घनश्याम अहिरवार को पांच हजार रुपए की रिश्वत दी। तभी सागर लोकायुक्त टीम के डीएसपी प्रफुल्ल श्रीवास्तव, बीएम द्विवेदी, प्रधान आरक्षक अजय क्षेत्रीय, आरक्षक आशुतोष व्यास, सुरेन्द्रसिंह, संजीव अग्निहोत्री व संतोष गोस्वामी ने दबिश देकर उसे रंगे हाथ पकड़ लिया।

**कई छात्राओं के परिजनों से रुपए लिए**

शिक्षक घनश्याम अहिरवार के रिश्वत लेते हुए पकड़े जाने की खबर से हड़कम्प मच गया, जिसने भी सुना स्तब्ध रह गया। खबर यह भी है कि एमपी माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित हाई स्कूल व हायर सेकेन्डरी की परीक्षाओं में नकल कराने के लिए शिक्षक घनश्याम अहिरवार ने और भी कई छात्राओं के परिजनों से रुपए लिए हैं। इन सभी की जांच भी शुरू कर कर दी।

मंदिर प्रांगण में पैर नहीं जलेंगे, ठंडे पानी का भी इंतजाम

## गर्मी शुरु होते ही महाकाल में भक्तों के लिए बिछाया कारपेड

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन



गर्मी का मौसम शुरू होते ही महाकाल मंदिर में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए समिति ने फर्श पर लाल कारपेड बिछा दिए हैं ताकि पैर न जले। वहीं ठंडे जल का भी पर्याप्त इंतजाम किया जा रहा है।

समिति के प्रशासक संदीप सोनी ने बताया कि मंदिर परिसर के अंदर सभी छोटे मंदिरों के पहुंच मार्ग से लेकर बाहर से निकलने वाले मार्ग पर समिति ने नया लाल रंग का कारपेड बिछा दिया है। इसके ऊपर से होकर श्रद्धालु आराम से आ-जा सकेंगे और पैर नहीं जलेंगे। साथ ही अधिक गर्मी के दौरान इसे पानी डालकर गिला भी करेंगे ताकि ठंडक बनी रहे। परिसर में आरओ के ठंडे पानी भी उपलब्ध रहेगा। वॉटर कूलरों की सफाई व जरूरी रिपेरिंग का काम कराया जा रहा है ताकि गर्मी में दिक्कत न आए।

भारी हंगामे के बीच मप्र विधानसभा की कार्यवाही 13 मार्च तक स्थगित

## स्पीकर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर कमलनाथ के हस्ताक्षर नहीं

■ नेता प्रतिपक्ष बोले- नरोत्तम मिश्रा ने मुझे किताब फेंककर मारी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश विधानसभा की कार्यवाही 13 मार्च तक के लिए स्थगित कर दी गई है। शुक्रवार बजट सत्र के पांचवें दिन स्पीकर गिरीश गौतम के खिलाफ कांग्रेस ने अविश्वास प्रस्ताव दिया। नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह ने संसदीय कार्य मंत्री नरोत्तम मिश्रा के खिलाफ विधानसभा के प्रमुख सचिव को विशेषाधिकार हनन की सूचना दी।



नेता प्रतिपक्ष ने संसदीय कार्यमंत्री नरोत्तम मिश्रा पर किताब फेंककर मारने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा मैं सदन में स्पीकर से पूछ रहा था कि अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा कब कराएंगे? इसी बीच संसदीय कार्यमंत्री ने नियम संचालन पुस्तिका मेरी ओर जोर से फेंककर मारी। नेता प्रतिपक्ष ने आगे कहा, हम संसदीय कार्यमंत्री के विरुद्ध अवमानना प्रस्ताव लाएंगे। इस प्रकार के मंत्री को सदन में बैठने का अधिकार नहीं है। नेता प्रतिपक्ष के आरोप पर नरोत्तम मिश्रा ने कहा, मैंने किताब नहीं मारी। मैं चपरासी को हटा रहा था।

**45 विधायकों के हस्ताक्षर**

नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह ने विधानसभा के पीएस एपी सिंह को अविश्वास प्रस्ताव की सूचना दी। इसमें 45 विधायकों के हस्ताक्षर हैं। कमलनाथ के साइन नहीं हैं। इस पर नरोत्तम मिश्रा ने कहा- प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ ने अविश्वास प्रस्ताव पर सहमति दे दी, लेकिन साइन नहीं किए। अविश्वास प्रस्ताव पर कमलनाथ के साइन नहीं होने पर सज्जन वर्मा ने कहा कि वे आज जोबट में हैं। नेता प्रतिपक्ष बोले कि हमने उनके साथ बैठकर ही अविश्वास प्रस्ताव का निर्णय लिया था।

खुद के शर्ट से पेड़ पर फंदा बनाकर लगाई फांसी

## एमजीएम कॉलेज परिसर में खंडवा के युवक ने की आत्महत्या, मोबाइल से हुई पहचान

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

महात्मा गांधी मेमोरियल मेडिकल कॉलेज (एमजीएम) के परिसर में पेड़ पर अपनी ही शर्ट से फांसी का फंदा लगाकर एक युवक ने आत्महत्या कर ली। सुबह राह चलते लोगों ने पेड़ पर युवक को लटके देख पुलिस को सूचना दी। बाद में नगर निगम की गाड़ी की मदद से करीब 20 फीट ऊपर से शव को उतारा गया। पुलिस ने मृतक की जेब में मिले मोबाइल से शव की शिनाख्त की है। फिलहाल पुलिस सुसाइड के कारणों का पता लगाने में जुटी है।



संयोगितागंज थाना प्रभारी तहजीब काजी के मुताबिक सुबह करीब 11 बजे बीआरटीएस पर एमजीएम मेडिकल कॉलेज परिसर में एक पेड़ पर युवक का शव लटका होने की सूचना मिली थी। इसके बाद मौके पर एसआई खत्री सहित अन्य जवानों को भेजा गया। शव काफी ऊंचाई पर लटका होने से उसे उतारने में पुलिस टीम को दिक्कत हो रही थी। ऐसे में फायर ब्रिगेड को मौके पर बुलाया गया। लेकिन फायर टीम के काफी देर तक नही आने पर नगर निगम की गाड़ी बुलाकर पुलिस जवानों ने खुद ऊपर चढ़कर शव को उतारा।

पुलिस के अनुसार युवक की पहचान सचिन (40) पुत्र जगन्नाथ पटेल निवासी भगवानपुरा, खंडवा के रूप में हुई है। प्रारंभिक पूछताछ में परिवार के लोगों ने बताया कि सचिन मजदूरी के लिए इंदौर आया था। कुछ दिन से उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। पुलिस को कपड़ों से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है।



भोपाल में अन्तर्राष्ट्रीय धर्म-धम्म सम्मेलन

## धर्म का जहाज हिलता-डुलता है, लेकिन डूबता नहीं- राष्ट्रपति

दैनिक अवन्तिका ▶▶ भोपाल

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अंतरराष्ट्रीय धर्म-धम्म सम्मेलन में कहा कि धर्म का जहाज हिलता-डुलता है, लेकिन डूबता नहीं। यह सम्मेलन मानवता की दिशा में एक बड़ी जरूरत को पूरा करने के लिए सार्थक प्रयास है। राज्यपाल ने कहा कि यह सम्मेलन युद्ध और पीड़ा से कराहते विश्व को शांति का मार्ग दिखाएगा। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा, धर्म-धम्म का पहला सिद्धांत सभी जीवों के साथ दया और सम्मान के साथ व्यवहार करना है।

पहले दिन सम्मेलन में संस्कृति मंत्री उषा ठाकुर और सांची बौद्ध-भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्व-विद्यालय की कुलपति डॉ. नीरजा गुप्ता भी शामिल हुईं। धर्म-धम्म के वैश्विक विचारों को मंच प्रदान करने वाले सम्मेलन में भूटान, मंगोलिया, श्रीलंका, इंडोनेशिया, थाइलैंड, वियतनाम, नेपाल, दक्षिण कोरिया, मॉरिशस, रूस, स्पेन, फ्रांस, अमेरिका और ब्रिटेन की सहभागिता है।

**15 देशों के विद्वान हुए शामिल**

भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में हो रहे 7वें अंतरराष्ट्रीय धर्म-धम्म सम्मेलन में 15 देशों के 350 से ज्यादा विद्वान और 5 देशों के संस्कृति मंत्री शामिल हुए। 'नए युग में मानववाद' के सिद्धांत पर केंद्रित सम्मेलन 5 मार्च तक चलेगा।

शानदार तेजी के साथ बंद हुआ शेयर बाजार

## सेंसेक्स 900 अंक मजबूत हुआ, निफ्टी में भी आया उछाल

दैनिक अवन्तिका ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय शेयर बाजार में आज शानदार खरीदारी देखने को मिली। जिसके चलते सेंसेक्स करीब 900 अंक मजबूत हुआ है तो निफ्टी भी 17600 अंकों के स्तर के पार निकल गया है। आज कारोबार में अडानी ग्रुप शेयरों में लगातार चौथे दिन तेजी देखने को मिली। बैंक, फाइनेंशियल और मेटल शेयरों में जबरदस्त खरीदारी रही है। बाजार की इस तेजी में निवेशकों के पोर्टफोलियो में खासी वृद्धि हुई है और उनके संपत्ति में 4 लाख करोड़ का इजाफा हुआ है। कारोबार में सेंसेक्स में 900 अंकों की तेजी रही है और यह 59,809 अंकों के स्तर पर बंद हुआ है। वहीं निफ्टी 272 अंक बढ़कर 17,594 अंकों के स्तर पर बंद हुआ है। आज के कारोबार में बैंक शेयरों में जोरदार खरीदारी रही है। बैंक निफ्टी 2.33 प्रतिशत मजबूत हुआ है. वहीं पीएसयू बैंक इंडेक्स 5 प्रतिशत से ज्यादा मजबूत हुआ है। फाइनेंशियल इंडेक्स भी 2 प्रतिशत मजबूत हुआ है।






## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का शुक्रवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।





पालकी का पूजन करती महिलाएँ एवं बारात में शामिल भक्तगण।

# शिव बारात, रिसेप्शन में हजारों श्रद्धालुओं ने ली प्रसादी

## पंडितों ने मंत्र पढ़कर विवाह की रस्म भी कराई गई , संत, नेता हुए शामिल, आतिशबाजी भी हुई

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

शुक्रवार को महाकाल-पार्वती जी का अनूठा रिसेप्शन हुआ। इसके पहले नगरकोट से बैंड-बाजे, ढोल-ताशों के साथ शिव की बारात निकली। हजारों लोगों ने लाइन में लगकर बाबा की प्रसादी ग्रहण की।आयोजन के प्रमुख राजेश अग्रवाल, पंडित रमण त्रिवेदी एवं महेंद्र कटियार ने बताया दोपहर में बारात शुरू हुई जो नगर का भ्रमण करते हुए शाम 6 बजे रामघाट स्थित राणौजी की छत्री वाले गणेश के प्रांगण में पहुंची जहां बारात का इत्र वर्षा से स्वागत किया गया।

बारात आने के बाद पंडितों ने मंत्र पढ़कर शिव विवाह में लग्न की रस्म कराई। इसके बाद प्रसादी शुरू हुई जो रात 12 बजे तक निरंतर चलती रही। महाकाल शयन आरती भक्त परिवार की ओर से 23 वें वर्ष में यह आयोजन रखा गया।





**अनूठे शिव विवाह में वीआईपी से लेकर आम भक्त शामिल**

इस अनूठे शिव विवाह में नगर के संत, महंत, महामंडलेश्वर, समाजसेवी, प्रशासन व पुलिस के अधिकारी, पत्रकार और राज नेताओं के साथ कई विशिष्टजन शामिल हुए तो हजारों आम भक्तों ने प्रसादी का आनंद लिया।

## सड़कों पर हर दिन वाहनों के जाम से बच्चों को दिक्कत

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

शहर की सड़कों पर हर दिन वाहनो के जाम दिक्कतों का सबब बनते जा रहे है। इन दिनों परीक्षा का दौर चल रहा है। ऐसे में सड़कों पर लगने वाले वाहनों के जाम स्कूली बच्चों विद्यार्थियों के लिए परेशानियों का कारण बन रहे है। कई मुख्य चौराहे पर यातायात पुलिसकर्मी भी मौजूद नहीं रहते हैं। जिसके चलते समस्याएं और भी बढ़ जाती हैं। नियम विरुद्ध वाहन चालक सड़कों पर समस्याएं बना रहे है। हालांकि नगर निगम प्रशासन ने कुछ मार्गों पर वाहनों के पार्किंग को हटाया तो है। लेकिन इसके बावजूद भी वाहनों के जाम की समस्या से निजात नहीं मिल पा रही है। स्कूली बच्चे और विद्यार्थी खासकर हर दिन परेशान हो रहे हैं।

## 200 किलो सिंगल यूज प्लास्टिक पॉलिथीन एवं 90 लिटर एसीड जप्त

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

नगर पालिक निगम अमले द्वारा शुक्रवार को गोपाल मंदिर एवं ढाबा रोड़ क्षेत्रों में उपायुक्त संजेश गुप्ता के मार्गदर्शन में प्रतिबंधित प्लास्टिक सामग्री का विक्रय करने वालो के यहा कार्यवाही की गई। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम ने 200 किलो पॉलिथीन, सिंगल यूज प्लास्टिक सामग्री एवं 90 लीटर ज्वलनशील एसीड जप्त किया गया तथा 28 हजार का जुर्माना वसूला गया। नगर निगम स्वास्थ्य अमले द्वारा शुक्रवार गोपाल मंदिर एवं ढाबा रोड़ क्षेत्र में प्रतिबंधित प्लास्टिक सामग्री एवं अमानक स्तर की पॉलिथिन का विक्रय करने वाले 04 बड़े दुकानदारों के यहां से लगभग 200 किलो पॉलिथीन एवं सिंगल यूज प्लास्टिक सामग्री जप्त की गई वही 90 लीटर ज्वलनशील एसीड जप्त किया गया एवं 28 हजार का जुर्माना वसूला गया। कार्यवाही में 3 बड़ी गाड़ियों में लगभग 200 किलोग्राम प्रतिबंधित पॉलिथीन तथा सिंगल यूज प्लास्टिक के 5 बड़े बोरों के साथ ही खुले में बिक रहे ज्वलनशील एसिड को भी भारी मात्रा में जप्त किया गया।

## न्यूज कॉलम

### शर्मा आईटी सेल के प्रदेश और गोविंदानी उज्जैन नगर प्रमुख





**उज्जैन।** भाजपा मध्यप्रदेश अंत्योदय प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक रामेश्वर दुबे ने आईटी सेल में प्रदेश प्रमुख के रूप में उज्जैन के महेंद्र शर्मा और उज्जैन नगर आईटी सेल प्रमुख के रूप में भरत गोविंदानी को मनोनीत किया है। दोनों नियुक्तियां प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा की सहमति से की है। इस पर हुकुचंद बल्दिया, महेंद्र सिंह बैस, विशाल जैन, अशोक बारोट, सुमित तिवारी, संतोष धामाणी, सीताराम पोरवाल, अवधेश प्रताप सिंह, गोलू चौहान, रुपेशशर्मा, पवन काबरा आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

### गली मोहल्ले की नालियां क्षतिग्रस्त, बनी मुसीबत

**उज्जैन।** शहर को स्मार्ट सिटी बनाने के साथ धार्मिक पर्यटन के लिहाज से सवारने की कार्यवाही और योजनाएं तो बहोत की जा रही हैं। लेकिन नगर की भीतरी हालत दयनीय और खतरनाक हो रही है। वजह बताई जा रही है कि अनेक वार्ड में नालियां और नाले क्षतिग्रस्त हो गए। जिसमें गंदी कई कई दिनों तक जमी रहती है। जिससे रहवासी इलाकों में बदबू फैल रही है। रामघाट महाकाल तोपखाना गुदरी छत्री चौक गोपाल मंदिर क्षेत्रों में भी नालियों के ऊपर अतिक्रमण होने से सफाई नहीं हो पा रही है। लिहाजा नालियां गंदगी से भरी रहती है। जिसके चलते रहवासी और व्यवसायिक इलाकों में बदबू फैल रही है। अनेक क्षेत्रों में नालियां क्षतिग्रस्त हो चुकी है। जिससे दुर्घटनाओं की संभावनाएं बन रही है। रहवासी आरोप लगा रहे हैं कि नगर निगम का इस ओर कोई ध्यान नहीं है।

### गर्मी के मौसम में आए कोल्डड्रिंक बिगाड़ न दे स्वास्थ्य का जायका

**उज्जैन।** गर्मी के मौसम शुरू होते ही शीतल पेय पदार्थ का चलन बढ़ जाता है खासकर बच्चों में आइसक्रीम कोल्ड ड्रिंक्स की डिमांड ज्यादा रहती है ऐसे में ब्रांडेड कंपनियों के अलावा कई लोकल कंपनियां भी पेप्सी कोल्ड ड्रिंक्स कई शीतल पेय पदार्थ बाजारों में बड़े पैमाने पर उतार रही है। लेकिन इस मामले में कुछ समाजसेवियों ने चर्चा में कहा कि कई शीतल पेय पदार्थ की नकली कंपनियां भी बाजार में शीतल पेय पदार्थ पेप्सी ला रही है। इस बारे में जागरूकता रखना अनिवार्य है। इसकी वजह कहीं गई कि कई लोकल और अमानक स्तर की आइसक्रीम पेप्सी कोल्ड ड्रिंक्स बच्चों के स्वास्थ्य के लिए खतरनाक साबित हो सकती है। क्योंकि इसमें अधिकतर पेय पदार्थ पेप्सी प्लास्टिक कवर मे पैक की जा रही है। इस मामले में खाद्य विभाग प्रशासन को भी जांच कार्यवाही करने की आवश्यकता पर जोर दिया गया है।

## गढ़ कालिका मंदिर में शिव-पार्वती विवाह व फाग महोत्सव आज

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन


गढ़ कालिका मंदिर में शिव-पार्वती विवाह एवं फाग महोत्सव शनिवार को होगा। मंदिर की शासकीय पुजारी महंत करिश्मा नाथ ने बताया शाम 6 से रात 10 बजे तक आयोजित उत्सव में इंदौर के कलाकारों द्वारा शिव-पार्वती, राधा-कृष्ण एवं हनुमान जी की झांकियों की प्रस्तुति दी जाएगी। भजन-कीर्तन व नृत्य होंगे। मां गढ़ कालिका का विशेष श्रृंगार, मंदिर में फूलों की सजावट, रंगीन रोशनी व आतिशबाजी की जाएगी। शाम को ढोल-ढमाकों से महाआरती कर महाप्रसादी वितरण करेंगे।



### वीर हनुमान के दरबार में 5 मार्च फाग उत्सव

- धार्मिक भजनों पर भक्त फूलों से खेलेंगे होली
- श्रृंगार दर्शन, महाआरती के साथ ठंडाई वितरण

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन



होली पर महाकाल वन कार्तिकचौक के प्राचीन दक्षिणमुखी श्री वीर हनुमान के दरबार में रविवार को फाग उत्सव होगा। मंदिर के पुजारी पंडित जस्सू गुरु महाराज, पुजारी नीलेश गुरु, पुजारी कृष्णा गुरु ने बताया शाम 7 से रात 10 बजे तक संगीतमय होली भजनों पर फाग उत्सव होगा। भक्त फूलों से होली खेलेंगे, हर्बल गुलाल का तिलक से स्वागत करेंगे। इत्र वर्षा, ठंडाई वितरण, अतिथि सम्मान, नृत्य होंगे व समापन पर बाबा की महाआरती कर भक्तों को प्रसाद वितरित करेंगे।

## महाकाल में दर्शन शुल्क को लेकर संभागायुक्त ने कलेक्टर को लिखा पत्र

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

महाकाल मंदिर में अभी दर्शन के नाम पर भक्तों से अलग-अलग शुल्क लिए जाता है। इसे लेकर कांग्रेस नेता भरत पोरवाल ने उज्जैन कमिश्नर को एक एक ज्ञापन देकर इसे समाप्त करने की मांग की थी।

महाकाल मंदिर में गर्भगृह दर्शन शुल्क 1500, आम दर्शन शुल्क 250 व भस्म आरती दर्शन शुल्क 200 रुपए का विरोध करते हुए पोरवाल ने संभागायुक्त संदीप यादव को एक ज्ञापन देकर सभी तरह के शुल्क बंद करने की मांग पर संभाग आयुक्त ने उपायुक्त को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए थे। पइसके बाद उपयुक्त ने महाकाल मंदिर समिति के अध्यक्ष एवं कलेक्टर को एक पत्र जारी किया है इसमें इस मांग के संबंध में आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश जारी किए गए। अनुमोदित पत्र में राजस्व अधिकारी ने कलेक्टर को आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। हालांकि मंदिर में यहां शुल्क श्रद्धालुओं से पहले से ही किए जा रहे हैं और कलेक्टर की अध्यक्षता में होने वाली मंदिर प्रबंध समिति की बैठक में सर्व अनुमति से निर्णय के बाद ही इन शुल्क को लागू किया गया है

# स्वच्छता नागरिकों में संस्कार के रूप में आत्मसात हो रही- महापौर

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

### स्वच्छता की संभागीय क्षमतावर्धन कार्यशाला आयोजित हुई



स्वच्छता अब नागरिकों में संस्कार के रूप में आत्मसात हो रही है, हमें स्वच्छता के इस अभियान को आगे बढ़ाते हुए निश्चित रूप से उज्जैन शहर को स्वच्छता में नंबर वन पर लाना है जिस प्रकार स्वच्छता अभियान में नई-नई विधा एवं आयामों को जोड़ा जा रहा है जिसमें बच्चों से लेकर युवाओं एवं बुजुर्गों तक में स्वच्छता के प्रति एक उत्साह है।

यह बात महापौर मुकेश टटवाल ने शुक्रवार को होटल इंपिरियल में स्वच्छता की संभागीय क्षमतावर्धन कार्यशाला के शुभारंभ अवसर पर कहीं। महापौर श्री टटवाल ने कहां कि हम सभी को मिल कर प्रयास करना है कि हम उज्जैन शहर को नम्बर वन बनाए इसके लिए हमे स्वच्छता सर्वेक्षण के मानको का पालन करना अति आवश्यक है। कार्यशाला का शुभारंभ महापौर मुकेश टटवाल, निगम आयुक्त रौशन कुमार सिंह, ज्वाइंट डायरेक्टर राजीव निगम द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया।

नगर निगम आयुक्त रौशन कुमार सिंह द्वारा कार्यशाला में बताया कि यह एक दिवसीय कार्यशाला संभागीय स्तर पर आयोजित की गई है स्वच्छता का उद्देश्य सिर्फ हमारे आसपास की साफ-सफाई से ही नहीं अपितु सभी जगह चाहे वह हमारे घर, प्रतिष्ठान ही क्यों ना हो यह सभी साफ और स्वच्छ होना चाहिए मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की भी मंशा है कि उज्जैन शहर स्वच्छता में नंबर वन आए, तो क्यों ना हम सभी शहरवासी इस अभियान को सफल बनाने में एकजुट होकर कार्य करें, जिससे निश्चित रूप से हम स्वच्छता में उज्जैन शहर को नंबर वन बना सकेंगे।

कार्यशाला जीरो वेस्ट इवेंट पर आधारित रही जिसमें पानी पीने के लिए तांबे के लोटे, चाय के लिए मिट्टी के कुल्हड़ साथ ही जगह-जगह जीरो वेस्ट इवेंट के संदेश दे रहे स्लोगन भी लगाए गए, कार्यशाला में आने वालों के लिए सर्वप्रथम रजिस्ट्रेशन किया जाकर किट वितरित की गई जिसमें फूलों से बना हर्बल गुलाल कपड़ों से बने गत्तों से बनाई गई डायरी साथ ही प्रदर्शनी का भी उद्घाटन उपस्थित अतिथियों द्वारा किया जाकर प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया।

## नगर निगम ने दुकान, गोदाम, ऑफिस, फ्लैट, वाहन पार्किंग ठेके की निविदा जारी की

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

नगर पालिक निगम, उज्जैन के स्वामित्व के विभिन्न शॉपिंग कॉम्पलेक्स की दुकानों, गोदामों, आफिस, श्री कृष्ण सुदामा कॉम्पलेक्स की द्वितीय तल पर निर्मित आवासीय फ्लैट को भू-स्वामी का अधिकार (फ्री-होल्ड) अंतर्गत विक्रय किये जाने तथा मिर्जा नईम बेग मार्ग पर स्थित स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी मल्टी लेवल वाहन पार्किंग स्थल का ठेका कब्जा दिनांक से आगामी 03 वर्ष के लिये ठेका दिये जाने हेतु ई-निविदा जारी की गई है।

नपा उज्जैन के स्वामित्व के विभिन्न शॉपिंग कॉम्पलेक्स वार्ड क्रमांक 44 स्थित (फ्रीगंज) स्थित निमार्णाधीन शॉपिंग कॉम्पलेक्स की भू-तल/प्रथम तल/द्वितीय तल पर निर्मित कुल 26 दुकान/गोदाम/ऑफिस, वार्ड क्रमांक 19 लाला लाजपत राय मार्ग में (फाजलपुरा) स्थित निमार्णाधीन शॉपिंग कॉम्पलेक्स की भू-तल/प्रथम तल/द्वितीय तल पर निर्मित कुल 81 दुकान/गोदाम/ऑफिस, वार्ड क्रमांक 20 मिचीर्नाला स्थित शॉपिंग कॉम्पलेक्स की भू-तल/प्रथम तल पर निर्मित कुल 15 दुकान/गोदाम/ऑफिस, वार्ड क्रमांक 28 दूधतलाई स्थित श्री कृष्ण सुदामा कॉम्पलेक्स की भू-तल/प्रथम तल पर निर्मित कुल 41 दुकान दिये जाने हेतु ई-निविदा जारी की गई है।

## गली मोहल्ले में खुल रहे यात्रीग्रह से फैली अव्यवस्थाएं

**उज्जैन।** महाकाल लोक बनने के बाद मंदिर के आसपास इलाकों में मौजूद गली मोहल्ले के घर घर में यात्री ग्रह खुलने लगे हैं। जिससे अन्य रहवासियों को परेशानियों का सामना करना मजबूरी बन चुका है। महाकाल मंदिर के आसपास रामघाट रोड कार्तिक चौक गणगौर दरवाजा सहित इसमें लगे आसपास क्षेत्रों में घर-घर में यात्री गृह बड़े पैमाने पर खोले जा चुके हैं। इसमें से अधिकतर नियम विरुद्ध खोले जा रहे हैं। लेकिन प्रशासन का कोई ध्यान नहीं है। नियम विरुद्ध यात्री ग्रह खुल जाने से रहवासी इलाकों में चार पहिया तीन पहिया वाहनों की पार्किंग भी मनमर्जी से बड़े पैमाने पर की जा रही है। जिससे गली मोहल्ले में अन्य रहवासियों के लिए जीना दुश्वार हो चुका है। कई बार शिकायत करने के बाद भी प्रशासन नगर निगम का इस ओर कोई ध्यान नहीं होने से दिक्कतें बदस्तूर बनी हुई। महाकाल क्षेत्र के समीप रहने वाले अधिकतर गली मोहल्ले के रहवासियों कहां की मोहल्ले मे यात्री गृह खुल जाने से रेसीडेंसी एरिया के रहवासियों के लिए दिक्कतें बढ़ रही हैं।

## सिंहस्थ मेला अधिनियम को और अधिक प्रभावी बनाया जाएं- महापौर

### मुख्यमंत्री को पत्र लिख की मांग

**उज्जैन।** नगर पालिक निगम महापौर श्री मुकेश टटवाल ने आगामी सिंहस्थ महापर्व को दृष्टिगत रखते हुए सिंहस्थ मेला अधिनियम को और अधिक प्रभावी बनाए जाने, ऐसे क्षेत्र जो सिंहस्थ आयोजन में सम्मिलित नहीं होते हैं किन्तु सिंहस्थ हेतु आरक्षित क्षेत्र अंतर्गत आते हैं उन्हें मुक्त रख इन क्षेत्रों में निर्माण गतिविधियां प्रारंभ करने एवं सिंहस्थ के निर्माण कार्य जैसे मार्ग चौड़ीकरण आदि कार्य अभी से चरणबद्ध प्रारंभ किये जाने के लिए मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान को पत्र लिख मांग की गई है।

पत्र में महापौर श्री टटवाल ने उल्लेख किया है कि प्राचीन नगरी उज्जैन में प्रत्येक 12 वर्ष में एक बार सिंहस्थ (कुंभ) का मेला क्षिप्रा नदी के तट पर आयोजित होता है। वर्ष 2016 में आपके कुशल नेतृत्व में सिंहस्थ मेले का आयोजन सफलता पूर्वक हुआ था जिसकी चर्चा तथा प्रशंसा समूचे विश्व में हुई थी। सिंहस्थ मेला आयोजन हेतु वर्तमान में मध्यभारत सिंहस्थ मेला अधिनियम 1955 अधिनियमित है। वर्तमान परिदृश्य के अनुसार सिंहस्थ के समय करोड़ों श्रद्धालुओं का आगमन उज्जैन में होता है। अतः सिंहस्थ हेतु निर्धारित क्षेत्र में भी वृद्धि हुई है तथा व्यवस्थाओं हेतु आवश्यक वित्त, संसाधन एवं मानव संसाधनों में भी वृद्धि हुई है। आगामी सिंहस्थ वर्ष 2028 में माह अप्रेल में आयोजित होना जिसमें अब केवल 5 वर्ष ही शेष रह गये हैं। वर्तमान परिस्थितियों के अनुरूप सिंहस्थ मेला अधिनियम और अधिक प्रभावी होना चाहिए ऐसा मेरा विचार है। साथ ही यह भी अनुरोध है ऐसे क्षेत्र जो सिंहस्थ आयोजन में सम्मिलित नहीं होते हैं किन्तु सिंहस्थ हेतु आरक्षित क्षेत्र अंतर्गत आते हैं उन्हें भी मुक्त रखा जावे ताकि इन क्षेत्रों में निर्माण गतिविधियाँ प्रारंभ की जा सकें। सिंहस्थ के निर्माण कार्य जैसे मार्ग चौड़ीकरण आदि भी अभी से चरणबद्ध प्रारंभ किया जाना चाहिए।


## उठावना

मेरी बड़ी बहन स्वर्गीय शंकरलाल नीमा की सुपुत्री अथर्व की बुआ रमेशचंद्र जी की बड़सास, अजय, विशाल (टकसाला वाला), रवि, शिव की मासी **सुश्री राजमणि नीमा** का आकस्मिक निधन दिनांक 2-3-2023, गुरुवार को हो गया है। उठावना दिनांक 4-3-2023 शनिवार को अग्रवाल धर्मशाला मोदी की गली उज्जैन पर शाम 4 बजे रखा गया है।



**शोकाकुल-** महेश नीमा (लालू), अथर्व नीमा एवं समस्त नीमा परिवार, मोबा. 9630535555

**शोक बैठक-** प्रतिदिन शाम 6 से 8 बजे निज निवास पर होगी।

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि हमारे पक्षकार संस्था मोतीलाल ओसवाल होम फाइनेंस लिमिटेड ब्रांच उज्जैन (म.प्र.), द्वारा श्री पुखराज सिंह पिता भंवर सिंह, निवासीः- वार्ड नं. 01, मोती बाजार, तहसील महिद्पुर, जिला उज्जैन (म.प्र.) संपत्ति भवन क्र. 5/6, वार्ड नं. 18, गाँधी गली नं. 02, किर्तान्य बाखल, सब्जी मंडी के पीछे, नगर महिद्पुर, तहसील महिद्पुर, जिला उज्जैन (म.प्र.), जिसका कुल क्षेत्रफल 630 वर्ग फीट है को क्रय किये जाने पर वर्णित संपति पर ऋण प्रदान किया जाना प्रस्तावित है।

यह की उक्त संपत्ति श्रीमती सुमन मंडोर पति श्री उमेन्द्र सिंह निवासीः- भवन क्र. 5/6, किर्तान्य बाखल, गाँधी गली नं. 02, राम मंदिर के पास, तहसील महिद्पुर, जिला उज्जैन (म.प्र.) स्वत्व स्वामित्व की है अर्थात श्रीमती सुमन मंडोर पति श्री उमेन्द्र सिंह के द्वारा उक्त संपत्ति श्री पुखराज सिंह पिता भंवर सिंह, निवासीः- वार्ड नं. 01, मोती बाजार, तहसील महिद्पुर, जिला उज्जैन (म.प्र.) को जरिये इकरारनामा विक्रय कि जा रही है ।

सदर मकान/संपत्ति पर किसी भी व्यक्ति, बैंक, वित्तीय संस्था इत्यादि का भार बोझा, गिरवी, हित. अधिकार, डिक्री, अटेचमेंट हो या इस विक्रय व्यवहार में किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो वह इस सूचना के प्रकाशन दिनांक से 07 दिनों में मय लेखी प्रमाण सहित अपनी आपत्ति पंजीकृत डाक से प्रेषित करें अवधि पश्चात सदर संपत्ति के विक्रय पत्र का पंजीयन मेरे पक्षकार के हित में करवा लिया जावेगा एवं कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितो पर बंधनकारक नहीं रहेगी।

**शैलेष कुमार महेश कुमार नागर (अभिभाषक)**
**कार्यालय :- 154ए, कालानी बाग राम नागर चौराहा देवास (म.प्र.)**
**इति दिनांक 04/03/2023**

## जाहिर सुचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार जितेन्द्र राठौर पिता मुलचन्द्रजी जाति तेली निवासी ग्राम पिवडाय तह, व जिला इन्दौर ने विक्रेतागण हेमंत पिता संमदरजी, राजपाल पिता संमदर, केशरबाई विधवा समंदरजी सर्वगण जाति गारी (चौधरी) निवासीगण ग्राम सारोला तह. बडनगर जिला उज्जैन द्वारा विक्रेतागण के मालकी व आधिपत्य की भूमि सर्वे नम्बर 156/1 रकबा 0.08 हे. सर्वे नम्बर 156/2/2 रकबा 0.46 हे. सर्वे नम्बर 157 रकबा 0.68 हे. सर्वे नम्बर 158 रकबा 0.2 हे. कुलकिता 04 कुल रकबा 1.42 हे. भूमि स्थित ग्राम सारोला तहसील बडनगर में स्थित हैं उक्त खाते की भूमि को बिक्री करने का सौदा किया गया है तथा बयाने की राशि विक्रेतागण ने मेरे पक्षकार से नगद प्राप्त कर ली है तथा उपरोक्त बिकी कि गई भूमि का विकय पत्र संपादन किया जाना है यदि उपरोक्त वर्णित भूमि संबधित किसी भी व्यक्ति, संस्था बैंक तथा शासकिय अद्वशासकिय संस्था का ऋण भार बकाया हो या किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह इस 'जाहीर सुचना के प्रकाशन के 07 दिवस के अंदर मेरे कार्यालय मे आपत्ति प्रस्तुत करे। अन्यथा अवधी समाप्त होने के बाद उक्त भूमि का विक्रय पत्र संपादित करा दिया जावेगा। बाद मियाद किसी भी प्रकार की आपत्ति स्वीकार नही कि जावेगी। सूचित हो । दिनांक-03/03/2023

**अजय त्रिवेदी (एडव्होकेट) विजय कुमार त्रिवेदी (दस्तावेज लेखक) कोर्ट परिसर बड़नगर**
**मो.न. 9098777976 9826672595**




**खास न्यूज**

## बीफार्मा स्टूडेंट की मौत: दोस्त से मिलकर लौटते समय हुआ हादसे

**इंदौर।** इंदौर में बीफार्मा स्टूडेंट की सड़क हादसे में मौत हो गई। रात में वह कनाड़िया इलाके में घायल मिला था। उसे राहगिरों ने एमवाय अस्पताल में पहुंचाया। यहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। दोपहर में परिवार को जानकारी लगी। परिवार के पहुंचने के बाद पुलिस ने पीएम कराया। पुलिस ने मर्ग कायम कर टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक घटना एस्सार पेट्रोल पंप की है। यहां कुलदीप पुत्र कैलाश घाटे निवासी सूरज नगर की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक पंप के यहां उसे बाइक से जाते समय अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी। गंभीर घायल होने पर उसे एमवाय में भर्ती कराया गया था। कुलदीप सिमरोल के बीएम कॉलेज से बीफार्मा की पढ़ाई कर रहा था। वहीं पार्ट टाईम डॉक्टर नितिन के मेडिकल पर नौकरी करने जाता था। दोस्तों ने पुलिस को बताया कि वह कनाड़िया रोड पर किसी दोस्त से शाम को मिलने गया था। वहीं से वापस घर जाते समय हादसे का शिकार हो गया।

## क्लीनर ने ड्राइवर की टॉमी मार-मारकर हत्या कर दी

**इंदौर।** मैं चार साल से चौबीस घंटे उसके साथ रहता था। वह जो कहता मैं करता। गालियां भी सुनता। हाथ-पैर भी दबाता। अब आप ही बताइये कोई बेटी को गाली दे, कहे उससे रेप करूंगा तो एक बाप पर क्या बीतेगी? गुस्सा तो उसकी जी-हुजूरी में भी आता था, हमारे बीच गाली-गलौज भी होती थी, पर थोड़ी देर में सब नॉर्मल भी हो जाता था। लेकिन बुधवार सुबह उसने जैसे ही बेटी से रेप की बात कही, मैंने मौका देखकर आव देखा न ताव ड्राइवर के सिर में टॉमी मार-मारकर हत्या कर दी। 45 किमी तक उसके शव को लेकर घूमता रहा। फिर बचने के लिए वही कहानी सुनाई जिसे सुनाकर वह मुझे सुनसान रास्तों पर डराता था। बुधवार तड़के एक क्लीनर ने ड्राइवर की हत्या कर दी। तेजाजी नगर थाना पुलिस से पूछताछ में क्लीनर ने हत्या करने की यही वजह बताई। पुलिस को उसने पहले गुमराह किया, लेकिन उसके बयान में पुलिस को छह ऐसे क्लू मिले जिनसे वह खुद ही जाल में फंस गया।

## गिरफ्तार मद्दा बोला- 2 साल में कई बार इंदौर आया, लेकिन पुलिस पकड़ न सकी



**इंदौर।** मथुरा में एक होटल से पकड़े गए भूमाफिया दीपक मद्दा को पुलिस ने पूछताछ के बाद जेल भेज दिया है। क्राइम ब्रांच ने उसे पकड़ा तो वह कई मामलों में आरोपी रह चुके चिराग शाह के साथ घूम रहा था। चिराग के बारे में क्राइम ब्रांच ने जोन-2 के अफसरों से पूछा कि उसकी जरूरत है क्या? जवाब मिला अभी किसी भी मामले में उसकी जरूरत नहीं है तो उसे वहीं छोड़ दिया गया। मद्दा ने बताया कि केस दर्ज होने के बाद दो साल में वह कई बार छिपकर इंदौर आया था, लेकिन पुलिस उसे पकड़ नहीं सकी। गुरुवार को मद्दा से 3-4 घंटे पूछताछ की गई। क्राइम ब्रांच डीसीपी निमिष अग्रवाल के अनुसार पुख्ता सूचना मिलने पर टीम ने बुधवार दोपहर मथुरा-गोवर्धन के बीच दीपक मद्दा उर्फ दीपक जैन उर्फ दीपक सिसोदिया को पकड़ा है। आरोपी एक दिन पहले ही मथुरा आया था, इससे पहले वह दिल्ली की एक होटल में ठहरा हुआ था। पुलिस को देखते ही वह चौंक गया। तब तक इंदौर में सूचना पहुंच गई कि मद्दा पकड़ा गया है। उसके परिचित-रिश्तेदार एक्टिव हो गए, इसलिए तुरंत उसे इंदौर लेकर आ गए।

## खुद के शर्ट से पेड़ पर फंदा बनाकर लगाई फांसी

**इंदौर।** इंदौर के महात्मा गांधी मेमोरियल मेडिकल कॉलेज (एमजीएम) के परिसर में पेड़ पर अपने ही शर्ट से फांसी का फंदा लगाकर एक युवक ने सुसाइड कर लिया। सुबह राह चलते लोगो ने पेड़ पर बॉडी लटकी देख पुलिस को सूचना दी। बाद में नगर निगम की गाड़ी की मदद से करीब 20 फीट ऊपर से बॉडी को उतारा गया। पुलिस ने मृतक की जेब में मिले मोबाइल से शव की शिनाख्त की है। फिलहाल पुलिस सुसाइड के कारणों का पता लगाने में जुटी है। संयोगितागंज थाना प्रभारी तहजीब काजी के मुताबिक सुबह करीब 11 बजे बीआरटीएस पर एमजीएम मेडिकल कॉलेज परिसर में एक पेड़ पर युवक कर शव लटका होने की सूचना मिली थी।

सरकार के जनप्रतिनिधियों की नकारात्मक व सकारात्मक दोनों स्थितियों की रिपोर्ट बनेगी

# मुख्यमंत्री के युवा इंटर्न देंगे भाजपा की विकास यात्रा का फीडबैक

दैनिक अवन्तिका ● इंदौर

**मध्य प्रदेश में पांच से 25 फरवरी तक चली विकास यात्रा में मंत्री, विधायकों द्वारा किए गए विकास कार्यों के लोकार्पण और भूमिपूजन सहित क्षेत्र में उनकी स्थिति की रिपोर्ट मुख्यमंत्री के युवा इंटर्न तैयार करेंगे। अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन एवं नीति विश्लेषण संस्थान इसका फीडबैक लेगा और एक रिपोर्ट बनाकर मुख्यमंत्री को इससे अवगत कराया जाएगा।**



क्षेत्र में सरकार के जनप्रतिनिधियों की नकारात्मक और सकारात्मक स्थिति की रिपोर्ट भी बनाई जाएगी। इसके लिए मुख्यमंत्री के युवा इंटर्न को एक फार्मेट दिया गया है। इसी फार्मेट के आधार पर जानकारी एकत्र कर सरकार को सौंपी जाएगी। इस आधार पर मंत्री, विधायकों और अन्य जनप्रतिनिधियों की कार्यप्रणाली आंकी जाएगी।

### जमीनी स्तर पर होगा मुख्य फोकस

युवा इंटर्न का मुख्य फोकस ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में जमीनी स्तर पर प्रमुख फ्लैगशिप योजनाओं और पब्लिक सर्विस डिलीवरी को मजबूत करना है। विकेंद्रीकृत शासन के लिए जमीनी स्तर के संस्थानों की क्षमता-संवर्धन और सहयोग करना। प्रमुख योजनाओं के लाभार्थियों को मोबिलाजेशन के लिए ग्रामीण स्तर पर सूचना, शिक्षा और संचार एवं माइक्रोकम्यूनिकेशन करना है।

### लाभार्थियों से संपर्क करेंगे

युवा इंटर्न प्रमुख फ्लैगशिप योजनाओं के लाभार्थियों से संपर्क करेंगे। कृषि स्वास्थ्य -पोषण, शिक्षा- कौशल आजीविका वृद्धि, सामाजिक सुरक्षा और आवास जैसे क्षेत्रों की प्रमुख योजनाओं की पब्लिक सर्विस डिलीवरी को मजबूत करने का काम करेंगे। निर्धारित ग्राम सभाओं के आयोजन में सहयोग करेंगे। युवा इंटर्न प्राथमिकताओं वाली चुनिंदा योजनाओं के विशिष्ट परफार्मेंस इंडिकेटर के लिए संग्रहित किए गए डेटा के आधार पर विलेज -प्रोफाइलिंग तैयार करेंगे।

### 44 प्रतिशत ओबीसी, प्रत्येक पांच में दो महिला इंटर्न

मुख्यमंत्री कार्यालय में युवा इंटर्न का मुख्यालय बनाया गया है। प्रत्येक जिले में 52 सीएम फेलो नियुक्त किए गए है। 18 से 29 वर्ष के 15 युवा इंटर्न प्रत्येक विकासखंड में तैनात किए गए हैं। प्रत्येक इंटर्न को तीन से चार ग्राम पंचायत आवंटित की गई हैं। प्रदेश के 313 विकासखंडों में प्रति बैच अधिकतम 4,695 इंटर्न हैं। प्रति माह युवा इंटर्न को आठ हजार रुपये मानदेय/ स्टाइपेंड (यात्रा भत्ते सहित) दिया जाएगा। युवा इंटर्न (मुख्यमंत्री जनसेवा मित्र) में 39.9 प्रतिशत महिला, 60.1 प्रतिशत पुरुष हैं। इनमें सर्वाधिक अन्य पिछड़ा वर्ग के 44 प्रतिशत, सामान्य के 25 प्रतिशत, एसटी के 16 और एससी के 15 प्रतिशत इंटर्न शामिल हैं। प्रत्येक पांच में से दो इंटर्न महिला और स्नातकोत्तर हैं।

## व्यापारियों का विरोध शिवाजी मार्केट को शिफ्ट करने की तैयारी

**इंदौर।** शिवाजी मार्केट के 124 दुकानदार इन दिनों दहशत में हैं। ये दुकानदार वर्षों से मार्केट में अलग-अलग तरह की दुकानें लगाकर अपनी रोजी-रोटी चला रहे हैं। अब स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत इन दुकानों को हटाया जाना है। निगम के अधिकारियों का कहना है कि दुकानों को हटाकर वहां हरियाली की जाएगी। ऐसा इसलिए ताकि सड़क से गुजरने वाले लोग सरस्वती नदी को आसानी से निहार सकें। शिवाजी मार्केट के इन 124 दुकानदारों को नंदलालपुरा में बने काम्प्लेक्स में शिफ्ट किया जाना है। इधर, दुकानदारों का कहना है कि वे वर्षों से शिवाजी मार्केट में व्यापार कर रहे हैं। नगर निगम के ठीक सामने और मुख्य मार्ग पर होने की वजह से व्यापार अच्छा चलता है। नंदलालपुरा में जिस काम्प्लेक्स में इन दुकानदारों को शिफ्ट किया जाना है, वह जी प्लस टू यानी तीन मंजिला है। दुकानदारों के मन में संशय है कि मुख्य मार्ग से हटकर काम्प्लेक्स में व्यापार कैसे चलेगा।

# अस्पतालों में मरीजों की स्थिति देख जागा सेवाभाव, 15 वर्षों से जारी है मानव सेवा

दैनिक अवन्तिका ● इंदौर



अस्पतालों की दहलीज तक वही पहुंचता है, जो बीमार हो, परेशान हो, दुखी हो। इनमें भी धनाढ्य लोग तो निजी अस्पतालों में पैसा चुकाकर अपनी परेशानियों से निजात पा लेते हैं, लेकिन गरीब और असहाय लोग सरकारी अस्पतालों में किसी यातना शिविर की तरह फंसे रहते हैं। कई तो ऐसे होते हैं, जिनके पास दवा तो ठीक भोजन तक का पैसा नहीं होता। ठीक ऐसे ही लोगों के साथ खड़े होते हैं इंदौर की संस्था परपीड़ा हर वेलफेयर सोसायटी के सदस्य। बीते 15 वर्षों से प्रतिदिन बिना एक भी दिन रुके ये आज तक सेवा में जुटे हुए हैं। गुमनाम नायकों की गौरवगाथा के तहत आज इसी संस्था के समर्पित सेवियों की कहानी।

संस्था के संस्थापक राधेश्याम साबू बताते हैं- मैं जब युवा था, तब हर बात में मुझे अपना स्वार्थ ही दिखाई देता था। किंतु मेरी मां मुझे छुट्टी के दिन अनाथ आश्रम या किसी वृद्धाश्रम ले जाया करती थी। वह चाहती थी कि स्वार्थ छोड़ूं और परमार्थ के आनंद को समझूं। मां के साथ जाते-जाते मेरे भीतर भी संवेदनशीलता घर कर गई। समय गुजरता गया और जब भोपाल स्थित भेल से रिटायर्ड हुआ, तभी दुर्योग से मां का निधन हो गया। उसी दौरान एक मित्र के साथ शासकीय अस्पताल जाना हुआ। वहां हालात देखे तो मां को याद करते हुए मन में सेवा का भाव जागा। वहीं से सेवा का सिलसिला शुरू हुआ, जो आज 15 वर्षों से जारी है।

**धीरे-धीरे कारवां जुड़ता गया :** शुरूआत चुनौतीभरी थी, लेकिन कारवां जुड़ता गया। जनसहयोग से एमवाय, एमटीएच अस्पताल सहित भोपाल के सरकारी अस्पतालों में दान की राशि से लाखों के उपकरण दिए। 82 वर्षीय साबू आज भी सेवा में जुटे रहते हैं। संस्था होनहार विद्यार्थियों की स्कूल फीस, पर्वों पर बस्तियों में राशन वितरण भी करती है। सेवा यज्ञ में आरबीआइ से सेवानिवृत्त अधिकारी सुशील श्रीवास्तव, सुमन द्विवेदी, गौरीशंकर लखोटिया, अरुण चौधरी आदि भी साथ देते हैं।

# वाहन नंबरों की नई सीरीज शुरू, सोमवार से मिलेगा 0001

दैनिक अवन्तिका ● इंदौर



आरटीओ में वीआइपी नंबरों की नई सीरीज एमपी 09 जेडएम शुरू हो गई है। इस सप्ताह की नीलामी में इसके नंबर अपलोड नहीं किए गए थे, लेकिन अब सोमवार से इसके नंबर वाहन मालिकों के लिए नीलामी में उपलब्ध करवा दिए जाएंगे। इसमें कार के 0001 पर सबकी नजर रहेगी। यह नंबर सबसे अधिक कीमत पर बिकता है।

जानकारी के अनुसार, वीआइपी नंबरों की नीलामी गुरुवार को खत्म हुई थी। इसमें 30 से अधिक नंबर बिके थे। इस नीलामी के खत्म होते ही वाहन पोर्टल पर नई सीरीज एमपी 09 जेडएम के नंबर डाल दिए गए हैं। अब आवेदक सोमवार सुबह से लेकर गुरुवार तक इसमें बोली लगा सकेंगे। गुरुवार शाम को इसका परिणाम आ जाएगा।

अधिकारियों ने बताया कि इसके 0001 नंबर पर सबकी नजर रहेगी। हर बार यही नंबर सबसे अधिक कीमत पर बिकता है। पिछली सीरीज का 0001 नंबर दो लाख 12 हजार में बिक गया था, जबकि इसकी आधार कीमत एक लाख रुपये थी। शेष अन्य नंबर 0007, 0009, 9999 ऐसे नंबर होते हैं, जो अपनी आधार कीमत से अधिक पर बिकते हैं।

### अब हर सप्ताह होती है नीलामी

गौरतलब है कि पिछले साल अगस्त से वाहनों के नंबरों की नीलामी की व्यवस्था में बदलाव किया गया है। इसमें दो पहिया और चार पहिया वाहनों के लिए एक ही सीरीज शुरू की गई है। इसके अलावा अब यह नीलामी हर सप्ताह होने लगी है। पहले यह नीलामी माह में केवल दो बार हुआ करती थी। लोगों को अपने पंसदीदा नंबर खरीदने के लिए इंतजार करना होता था। वहीं, अलग-अलग सीरीज होने से लोगों को कई कई माह तक इंतजार भी करना होता था। अब वाहन मालिकों को फायदा हो गया है। वे हर सप्ताह अपने पसंदीदा नंबर ले सकते हैं।

# इंदौर से पटना के लिए रवाना हुई पहली होली स्पेशल ट्रेन रही फुल

दैनिक अवन्तिका ● इंदौर

डा. आंबेडकर नगर-इंदौर-पटना के बीच चलने वाली होली स्पेशल ट्रेन शुक्रवार को रवाना हो गई। डा. आंबेडकर नगर से सुबह 5.20 बजे चली ट्रेन इंदौर आकर पटना के लिए रवाना हुई। यह ट्रेन शनिवार सुबह 4 बजे पटना पहुंचेगी। होली स्पेशल ट्रेन स्लीपर और सामान्य श्रेणी में फुल रही। अब यह स्पेशल ट्रेन शनिवार को पटना से इंदौर के लिए रवाना होगी।

पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल द्वारा इंदौर से पटना के बीच होली स्पेशल ट्रेन शुरू की गई है। शुक्रवार को पहली होली स्पेशल ट्रेन रवाना हो गई। ट्रेन में जाने वालों का उत्साह ऐसा था कि गुरुवार तक वेटिंग का आंकड़ा 20 से ज्यादा हो गया था ।10 और 17 मार्च को आंबेडकर नगर (महू) से पटना के बीच चलने वाली स्पेशल ट्रेन मे भी खूब बुकिंग हो रही है। अब 4 मार्च को पटना से पहली स्पेशल ट्रेन इंदौर आएगी।

रेलवे ने होली के लिए स्पेशल साप्ताहिक ट्रेन चलाई है। यह 3, 10 और 17 मार्च को इंदौर से, जबकि 4, 11 और 18 मार्च को पटना से चलेगी। ट्रेन प्रति शुक्रवार महू से सुबह 5.20 बजे रवाना होगी और शनिवार सुबह 4 बजे पटना पहुंचेगी। शनिवार को सुबह 7.20 बजे पटना से रवाना होकर रविवार सुबह 5.40 बजे इंदौर आकर 6.15 बजे महू पहुंचेगी।

### इन स्टेशनों पर रुकेगी

डा. आंबेडकर नगर-इंदौर-पटना के बीच चलने वाली स्पेशल ट्रेन का कई स्टेशनों पर ठहराव भी रहेगा। ट्रेन दोनों दिशाओं में देवास, मक्सी, संत हिरदाराम नगर, विदिशा, बीना, सागर, दाहोद, कटनी,, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज, छिवकी, बक्सर, आरा, दानापर में रुकेगी।

# डिवाइडर से टकराई बाइक, छात्र की मौत, वीडियो बनाते रहे लोग

दैनिक अवन्तिका ● इंदौर

बीएम कालेज के छात्र कुलदीप की गुरुवार रात सड़क हादसे में मौत हो गई।कुलदीप स्पोर्ट्स बाइक से घर जा रहा था।अनियंत्रित बाइक डिवाइडर में घुस गई।सिर में चोट आने से उसकी मौत हो गई।

कनाड़िया टीआइ जेपी जमरे के मुताबिक घटना कनाड़िया चौराहा स्थित एस्सार पेट्रोल पंप के समीप की है। खंडवा निवासी कुलदीप पुत्र कैलाश थाटे गुरुवार रात दोस्त अमन से मिलने आया था।



### मेडिकल कॉलेज के सामने लगा जाम, लोग बनाते रहे वीडियो

पुलिस के अनुसार युवक की पहचान सचिन (40) पुत्र जगन्नाथ पटेल निवासी भगवानपुरा, खंडवा के रूप में हुई है। प्रांरभिक पूछताछ में परिवार ने बताया कि सचिन मजदूरी के लिए इंदौर आया था। कुछ दिन से उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। पुलिस को कपड़ों से सुसाइड नोट नही मिला है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए एमवाय भेजा गया है।

युवक को पेड़ पर लटका देख मेडिकल कॉलेज के सामने भारी भीड़ लग गई। इसके चलते जाम जैसी स्थिति बन गई। राह चलते लोग उसका वीडियो बनाने लगे। यहां कई वाहन चालक सड़क पर गाड़ी रोककर खड़े हो गए। काफी देर सड़क पर जाम की स्थिति बनी रही। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने लोगों को यहां से हटाया और शव को उतारने के प्रयास में जुट गई।

पॉश कॉलोनी की इस महिला से सीखिए स्ट्रीट डॉग केयर

# घर बनाए, भोजन-पानी दिया, नतीजा-6 साल में डॉग बाइट का एक भी केस नहीं

दैनिक अवन्तिका ● इंदौर

आमतौर पर लोग स्ट्रीट डॉग्स को दुत्कार देते हैं या मारते हैं लेकिन इंदौर की पॉश कॉलोनी की इस महिला के साथ ऐसा नहीं है। उन्हें स्ट्रीट डॉग्स से बहुत लगाव है। उनकी सबसे बड़ी चिंता शहर में बढ़ती डॉग्स बाइट्स की घटनाओं को लेकर है। उनका मानना है कि स्ट्रीट डॉग्स हिंसक नहीं होते। इन्हें भोजन-पानी नहीं मिलता और लोग इन्हें पत्थरों से मारते हैं इसलिए वे काटने दौड़ते हैं। अगर इन्हें भरपूर प्यार मिले तो ये घटनाएं रोकी जा सकती है।


छह साल पहले शुरू किए गए उनके इस ह्यडॉगीटाइजेशन अभियानह्ण में धीरे-धीरे रहवासी जुड़ते गए। उन्होंने इन स्ट्रीट डॉग्स के लिए मकान के बाहर डॉग्स होम बनाए और भोजन-पानी देना शुरू किया। वे ये डॉग्स रहवासियों के दोस्त बन गए हैं। यही कारण है कि ओल्ड पलासिया क्षेत्र में 6 साल से एक भी डॉग बाइट की घटना नहीं हुई।




**स्ट्रीट डॉग्स को मिले नाम लड्डू, बिस्किट, कॉफी, चाय :** जैन ने इनके रहने के लिए छोटे-छोटे ट्रंक में इनका घर बनाया। इन डॉग्स होम पर लिए सुंदर पेंटिंग की। इसके अंदर बिस्तर की व्यवस्था की गई। भोजन व पानी के लिए पॉट्स रखे। और सभी को नाम भी दिया गया। नाम भी बड़े रोचक जैसे लड्?डू, लट्?टू, बिस्किट, कॉफी, चाय आदि। रहवासियों ने इन्हीं नाम से इन्हें पुकारना शुरू किया तो हर एक डॉगी को एक नाम के साथ पहचान मिली।

### पहले देखिए 2016 से अब तक इंदौर में डॉग बाइट की कितनी घटनाएं हुई

इस मिशन की शुरूआत ओल्ड पलासिया के श्रीनगर इलाके में वाली वंदना जैन ने की थी। उन्होंने अकेले यह अभियान शुरू किया। इसके लिए उन्होंने अपनी कॉलोनी में रहने वाले स्ट्रीट डॉग्स के लिए भोजन-पानी देना शुरू किया तो वे फ्रैंडली हो गए। यही बात उन्होंने रहवासियों को समझाने की कोशिश की। वंदना जैन के मुताबिक डॉग्स बाइट रोकने लिए एक तो इनकी नसबंदी जरूरी है ताकि संख्या ज्यादा न बढ़े और दूसरा इनसे दोस्ती यानी इन्हें भोजन-पानी देते रहें। नगर निगम के डॉग नसबंदी प्रोग्राम में भी इलाके में सहयोग किया, ताकि इनकी संख्या नहीं बढ़े। वंदना जैन न कोई एनजीओ संचालित करती है और न ही कैमरे के सामने आना चाहती है। उनका कहना है कि यह मेरा डॉगीटाइजेशन अभियान (सोशल मीडिया माध्यम) है। वे कैमरे के सामने सुर्खियों में आना नहीं चाहती। उनकी लोगों से अपील है कि डॉग बाइट की घटनाओं को रोकने के लिए पहले तो स्ट्रीट डॉग्स की नसबंदी कराए और उन्हें अपना मित्र बनाए। इससे डॉग बाइट की घटनाएं रुक जाएंगी।



खास न्यूज

## दर्शन ठाकुर की तलाश में दबिश



**उज्जैन।** शासकीय विधि कॉलेज के अस्टिेंट प्रोफेसर ईश्वर नारायण शर्मा के साथ हुई मारपीट के मामले में फरार दर्शन ठाकुर की तलाश में नागझिरी थाना पुलिस ने शुक्रवार को उसके ठिकानों पर दबिश दी। लेकिन फरार होना सामने आया। दर्शन ठाकुर को प्रोफेसर ने नकल करने से रोका था, जिसके चलते उसने अपने दो साथियों के साथ मिलकर कॉलेज के बाहर ही प्रोफेसर पर हमला कर दिया था। उसके दोनों साथी गिरफ्त में आ चुके हैं।

## 36 डिग्री के करीब पहुंचा तापमान



**उज्जैन।** मार्च के प्रथम सप्ताह में अधिकतम तापमान 36 डिग्री के करीब पहुंच गया है। जीवाजीराव वेधशाला अधीक्षक डॉ. राजेन्द्र कुमार गुप्त के अनुसार 2 दिनों से पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते आसमान में बादल छाए हुए हैं। इस बीच जहां दिन का तापमान बढ़ा है, वहीं गुरुवार-शुक्रवार रात न्यूनतम तापमान एक डिग्री बढ़कर 16 दर्ज हुआ था। शुक्रवार को दिनभर हवा 4 किमी. प्रतिघंटे की रफ्तार से चलती रही। आसमान साफ होने के बाद तापमान में ओर तेजी आएगी।

## बाइक में भिड़ंत 2 युवक घायल

**उज्जैन।** शुक्रवार देर शाम एमआर-5 मार्ग पर 2 बाइक में आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। एक बाइक पर सचिन पिता रमेशचंद्र परमार 38 वर्ष निवासी अवंतिपुरा और दूसरी बाइक पर अमन पिता सत्यनारायण सोलंकी 19 वर्ष निवासी ग्राम कल्याणपुरा नरवर सवार था। दोनों के घायल होने पर उपचार के लिये जिला अस्पताल लाया गया। मामले की सूचना ड्युटी कम्पाउंडर ज्ञानेश निगम द्वारा चिमनगंज थाना पुलिस को दी गई है।

## बक्का लेकर लोगों को धमका रहा था बदमाश

**उज्जैन।** रात में कानीपुरा मल्टी के सामने बक्का लेकर बदमाश लोगों को डरा धमका रहा था। चिमनगंज थाना पुलिस खबर मिलने पर पहुंची और बदमाश का हिरासत में लेकर धारदार बक्का बरामद किया। बदमाश राकेश उर्फ जट्टू पिता पवन प्रजापत निवासी इंदौररोड स्थित ग्राम नवाखेड़ा होना सामने आया है। जिसके खिलाफ आर्म्स एक्ट का प्रकरण दर्ज किया गया है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 3-256 | 7-467 |
| मेन बाजार | 4-680 | 3-346 |
| मिलन डे | 8-459 | 0-235 |
| मिलन नाइट | 6-169 | 6-457 |
| कल्याण नाइट | 9-568 | 7-124 |
| रुकमणि डे | 2-480 | 2-778 |
| रुकमणि नाइट | 6-880 | 5-799 |
| मधुर डे | 1-137 | 7-188 |
| मधुर नाइट | 6-367 | 2-138 |
| 2 | 4 | 5 |

# आटो रिक्शा के कांच फोड़कर बदमाशों ने फैलाई दहशत

## 2 बाइक पर आए थे 7 युवक, हाथों में थे पाईप

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

रेलवे स्टेशन परिसर में शुक्रवार दोपहर उस वक्त दहशत फैल गई, जब बाइक से आए कुछ बदमाशों ने एक के बाद एक आटो रिक्शा के कांच फोड ?ा शुरू कर दिये। चंद सेकेंड में बदमाश मौके से भाग भी निकले। पूरा घटनाक्रम सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ है।

बताया जा रहा है कि दोपहर 3.42 बजे रेलवे स्टेशन परिसर रिजर्वेशन काउंडर के सामने 2 बाइक पर सवार होकर 6 से 7 बदमाश पहुंचे थे, जिनके हाथों में स्टील के पाइप थे। लोग कुछ समय पाते उससे पहले बदमाशों ने कतार से खड़े आटो रिक्शा के कांच फोड़ना शुरू कर दिये। बदमाशों को देख लोग दहशत में आ गये, रिक्शा चालक बदमाशों को रोकने और पकड़ने का प्रयास करते सभी भाग निकले थे। इस दौरान उनके पाइप वहीं गिर गये थे।




आटो रिक्शा चालक कैलाश पिता रामदीन पाटीदार निवासी सरदारपुरा ने बताया कि बदमाशों ने उसकी आटो क्रमांक एमपी 13 आर 3007 के साथ फाजलपुरा में रहने वाले धर्मेन्द्र पिता लालचंद रायकवार की आटो क्रमांक एमपी 13 आर 5515 और इंदौरगेट निवासी रंजीत पिता गोपाल हिरवे की आटो क्रमांक एमपी 13 आर 2802 के कांच फोड़े है। एक अन्य ऑटों को भी क्षतिग्रस्त किया है, उनका किसी से कोई विवाद नहीं था। 2 दिन पहले भी कुछ असामाजिक तत्वों ने 2 आटो रिक्शा के कांच फोड़ दिये थे।

### जीआरपी बोली आवेदन लिखकर लाओ

आटो चालकों ने बताया कि बदमाशों द्वारा बेवजह फोड़ी गई उनकी आटो की शिकायत लेकर जीआरपी थाने पहुंचे थे, जहां पुलिस ने शिकायत लिखने से इंकार कर दिया और आवेदन लिखकर लाने की बात कहीं। जिसके बाद जांच करने को कहा। जबकि परिसर में कई लोगों ने बदमाशों को गद्दर मचाते हुए देखा है। रेलवे स्टेशन परिसर और आसपास तीन थाने जीआरपी, आरपीएफ और देवासगेट की सीमा लगती है, बावजूद दिन-रात असामाजिक तत्वों का जमघट लगा रहता है। अब तो जीआरपी थाना प्लेटफार्म 1 से 8 पर शिफ्ट हो चुका है। जिसके चलते कुछ दिनों से जीआरपी मुख्य गेट की ओर दिखाई भी नहीं दे रही है।

### कैमरों में दिखे बाइक सवार बदमाश

जीआरपी का कहना था कि नया भवन बनने से थाना स्थानांतरित हुआ है, लेकिन दोपहर में हुई घटना के बाद पुलिस मामले की जांच कर रही है। परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे गये हैं। जिसमें बाइक पर सवार बदमाश दिखाई दिये हैं। जिनकी पहचान कर गिरफ्तार किया जाएगा।

# पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर खिला दिया जहर..!

## हम्माल की मौत के बाद परिजनों का आरोप

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

हम्माली करने वाला 2 बच्चों को पिता घर पहुंचने के बाद बेसुध हो गया था। परिजन उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। डॉक्टरों ने जहर खाने की जानकारी देकर हालत गंभीर बताई। परिजन निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई।

महाकाल थाना क्षेत्र के बेगमपुरा में रहने वाले शिवनारायण पिता गंगाराम 40 वर्ष को जहर खाने से बिगड़ी हालत के बाद गुरुवार शाम परिजन जिला अस्पताल लेकर आए थे। जहां से प्रायवेट अस्पताल ले जाया गया। जहां कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई। शुक्रवार सुबह पुलिस शव पोस्टमार्टम का पोस्टमार्टम कराया। परिजनों ने बताया कि शिवनारायण 2 बच्चों का पिता था और माल गोदाम पर हम्माली का काम करता था। उसने जहर नहीं खाया है, पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर खिलाया है। बेटे नितेश का कहना था कि पापा जब घर आए तो वह और बहन भारती घर पर थी। पापा को पता चला था कि मां संगीता जयसिंहपुरा में पवन बैरागी के घर है, वह पवन के घर गये थे, जहां से लौटने के बाद उनकी तबीयत बिगड़ी थी। बेटे का यह भी कहना था कि मोबाइल में मां और पवन बैरागी के फोटो भी है। पवन सब्जी बेचने का काम करता है।



### 3 माह से चल रहा था प्रेम-प्रसंग

परिजनों ने आरोप लगाया कि संगीता और पवन के बीच पिछले 2 माह से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। शिवनारायण पहले कई बार संगीता को पवन से मिलने के लिये रोक चुका था। जब शिवनारायण को अस्पताल लाया गया, तब भी संगीता पवन के घर पर थी। बेटा उसे जबरदस्ती लेकर आया था।

### इनका कहना

मामले में मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया गया है। परिवार के गमगीन होने पर बयान दर्ज नहीं किये गये हैं। अंतिम संस्कार के बाद परिजनों को बयान के लिये बुलाया जाएगा। उसके बाद आगे की जांच शुरू की जाएगी।

**– एमएल मालवीय, एएसआई थाना महाकाल**

# डीलरशिप का झांसा देकर बदमाशों ने ठगे 13.30 लाख

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन



वन प्लस मोबाइल की डीलरशिप का झांसा देकर व्यापारी के साथ 13.30 लाख की धोखाधड़ी होने का मामला सामने आया है। पुलिस ने मामले में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की है।

बड़नगर टीआई मनीष मिश्र ने बताया कि गेंदा बावड़ी में रहने वाला सुशील कुमार पिता शंकरलाल 48 वर्ष क्षेत्र में तेल-साबुन की एजेंसी संचालित करता है। 21 दिसंबर 2022 को उसके पास कॉल आया और बताया गया कि वन प्लस मोबाइल के हेड ऑफिस बैंगलूर से बोल रहे हैं। बड़नगर में आपको मोबाइल की डीलरशिप दी जा सकती है। कॉल करने वाले ने डीलरशिप को लेकर ईमेल और वाट्सएप भी किया। तहसील में वन प्लस मोबाइल की एजेंसी मिलने पर सुशील कुमार ने रजामंदी भर दी। उससे रजिस्ट्रेशन के नाम पर कुछ दिनों के अंतराल में 13 लाख 30 हजार 200 रुपये जमा करा लिये गये। उसके बाद संपर्क करना बंद कर दिया। मोबाइल की डीलरशिप नहीं मिलने पर अपने आपको ठगा महसूस कर मामले की शिकायत थाने पहुंचकर की गई। मामले में जांच के बाद धोखाधड़ी की धारा 420, अमानत में खयानत की धारा 406 और 34 में प्रकरण दर्ज किया गया है। थाना प्रभारी के अनुसार जिस खाते में पैसे गये है वह 2 खाते कोलकता के होना सामने आया है, जिससे पैसा एटीएम के माध्यम से जामतारा में निकाला गया है। जिससे प्रतीत हो रहा है कि ऑनलाइन फ्रॉड करने वाले काफी शातिर बदमाश है। अब तक सामने आए साक्ष्यों के आधार पर एक टीम बैंगलूर और कोलकता भेजी जा सकती है।

# नई शिक्षा नीति छात्रों के व्यक्तित्व की पहचान-प्रो. अखिलेश पाण्डेय



दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

शासकीय माधव विज्ञान महाविद्यालय में शुक्रवार को 2 दिवसीय स्नेह सम्मेलन का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विक्रम विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अखिलेश कुमार पाण्डेय ने अपने उद्बोधन में कहा कि नई शिक्षा नीति छात्रों के व्यक्तित्व को नई पहचान देती है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा विभाग उज्जैन संभाग के डॉ. अर्पण भारद्वाज, विशेष अतिथि जनभागीदारी अध्यक्ष मयूर शाह उपस्थित थे। अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. वी. के.गुप्ता ने की । कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती के चरणों में पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। स्नेह सम्मेलन के प्रथम दिन छात्र-छात्राओं ने केश सज्जा, मेंहदी, विज्ञान प्रश्नोत्तरी, वाद-विवाद, तात्कालिक भाषण, एकल एवं समूह नृत्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। उद्घाटन सत्र का आभार डॉ. दीपेन्द्र रघुवंशी ने माना। उपरोक्त जानकारी डॉ. अंतिमा सिन्दरसिया ने दी।

## महा रिसेप्शन का आयोजन आज

**उज्जैन।** महाशिवरात्रि के बाद भगवान महाकाल व माता पार्वती के विवाह के उपलक्ष में महा शनिप्रदोष पर्व काल शाम 4:00 बजे से स्थान बालाजी गार्डन नृसिह घाट हरसिद्धि मंदिर के पीछे महा रिसेप्शन का आयोजन किया जाएगा आयोजन का यह 23 वर्ष है। भोजन प्रसादी निर्माण के लिए भट्टी पूजन के साथ प्रसादी निर्माण का कार्य प्रारंभ हुआ। जिसमें शहर की जनता से अनुरोध है कि अधिक से अधिक संख्या में आकर प्रसाद ग्रहण करें।



# शांति समिति की बैठक के साथ मोहल्ला मीटिंग



दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन



आगामी होली, रंगपंचमी के साथ शब-ए-कदर और रमजान पर्वो को देखते हुए पुलिस प्रशासन द्वारा एसपी सत्येन्द्र कुमार शुक्ल के निर्देशन में जिले के थाना प्रभारियों ने अपने-अपने थाना क्षेत्र में शांति समिति की बैठके आयोजित की। वहीं देर शाम मोहल्ला मीटिंग लेकर सभी पर्वो को शांति और सद्भाव से बनाने की अपील की गई। शांति समिति की बैठक में होलिका दहन के आयोजकों के साथ मुस्लिम समुदाय के सदर और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। पुलिस ने जहां सुझाव मांगे वहीं त्यौहारों पर शांति बनाए रखने के दिशा-निर्देश भी जारी किये। इससे पहले जिले के सभी थाना प्रभारियों की बैठक पुलिस कंट्रोलरुम पर रखी गई थी।

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार लाखनसिंह पिता निर्भयसिंहजी, निवासी 108 ग्राम पालाखेड़ी तहसील हातोद जिला इंदौर ने विक्रेता सुनील शर्मा पिता मणीरामजी शर्मा, निवासी केसरीपुरा तहसील सांवेर जिला इंदौर से (कृषि भूमि मालिक श्रीमती सोना सिसोदिया पति श्री उदयसिंह सिसोदिया निवासी एल-72 महाशक्ति नगर उज्जैन (म.प्र.) से विधिवत क्रयानुबंधित) कृषि भूमि सर्वे नं. 266/2/1 रकबा 0.92 हे., सर्वे नं. 266/2/2 रकबा 0.38 हे. एवं सर्वे नं. 268/2 रकबा 0.12 हे., कुल किता 3, कुल रकबा 1.42 हेक्टेयर स्थित ग्राम मालीखेड़ी, तहसील घट्टिया जिला उज्जैन को क्रय करने का सौदा तय किया है तथा बयाना राशि भी भुगतान कर दी है, अब बकाया राशि का भुगतान व विक्रय-पत्र का निष्पादन एवं पंजीयन शेष है।

यदि उक्त कृषि भूमि पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, वित्तीय संस्थान आदि का कोई स्वत्व, हित, अधिकार आदि हो अथवा कोई ऋणभार आदि बकाया हो अथवा ऋणग्रस्त या बंधकग्रस्त हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से एक सप्ताह की अवधि में मुझे मेरे कार्यालय में सप्रमाण आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा एक सप्ताह की अवधि पश्चात मेरी पक्षकार द्वारा उक्त कृषि भूमि के विक्रय पत्र का निष्पादन एवं पंजीयन अपने हित में करवा लिया जावेगा, इसके पश्चात किसी भी प्रकार की कोई उज्र या आपत्ति मान्य नहीं होगी। इति दिनांक 03-03-2023

**सुभाषचन्द्र जैन, उच्च न्यायालय अधिवक्ता**
**5, नगारची बाखल, दादा भाई नौरोजी मार्ग, उज्जैन (म.प्र.)**
**मो.नं. 6267024643, 9407100610**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी अजय कुमार मिश्रा पिता श्री कैलाश मिश्रा जाति ब्राम्हण निवासी अरविन्द नगर, उज्जैन कृषक ग्राम परोलिया झाली तहसील घट्टिया जिला उज्जैन द्वारा अपने हक हिस्से की भूमि सर्वे नम्बर 27/6 रकबा 0.23 हैक्टर सर्वे नम्बर 28/6 रकबा 0.44 हैक्टर सर्वे नम्बर 29/6 रकबा 0.15 हैक्टर कुल किता 03 कुल रकबा 0.82 हैक्टर भूमि सिंचित जो लगानी बरुएरेट स्थित ग्राम परोलिया झाली प.ह.नं. 23 तहसील घट्टिया जिला उज्जैन म.प्र. में स्थित होकर उपरोक्त भूमि को विक्रय करने का अनुबंध किया होकर क्रेता पक्ष से बयाना राशि प्राप्त कर ली होकर शेष बकाया धन राशि प्राप्त कर उक्त भूमि विक्रय पंजीयन क्रेता पक्ष के नामे करवाना शेष है। यदि उक्त भूमि पर किसी भी व्यक्ति बैंक अथवा अन्य ऋण भार अथवा कोई व्यवहार किसी प्रकार का हो अथवा उक्त सम्पत्ति को रहन या अन्य प्रकार से अन्तरित या ऋण भारित की हो या किसी भी व्यक्ति को ऋणदायरी आदि हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से (07) सात दिवस की अवधि में मय लिखित प्रमाण मुझसे मेरे कार्यालय के समय में आकर सम्पर्क करें एवं अपना दावा एवं आपत्ति रखें अन्य दशा में बाद अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि का विक्रय पत्र क्रेता पक्षकार द्वारा सम्पादन अपने हित में करवा लिया जायेगा व कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी सूचित हो।

**राकेश शर्मा सर्विस प्रोवाइडर**
**तहसील कार्यालय घट्टिया जिला उज्जैन म.प्र.**
**मो.नं.- 8719997462, 9584898788**

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ओंकार पिता बलदेव जी, निवासी ग्राम पालाखेड़ी, तहसील हातोद, जिला इंदौर ने विक्रेतागण गजराजसिंह पिता मांगूसिंहजी, बलरामसिंह पिता मांगुसिंहजी एवं मांगुसिंह पिता शिवसिंहजी, निवासीगण ग्राम मालीखेड़ी, तहसील घट्टिया, जिला उज्जैन (म.प्र.) के स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि स्थित ग्राम मालीखेड़ी, प. ह.नं. 62, तहसील घट्टिया जिला उज्जैन (म.प्र.) जिसके सर्वे नं. 421/2/1, रकबा 0.3100 हे. एवं सर्वे नं. 438/1 रकबा 0.6800 हे. होकर कुल किता 2 कुल रकबा 0.9900 हेक्टेयर एवं सर्वे नं. 437/1, रकबा 0.19 हे. एवं सर्वे नंबर 439 रकबा 0.90 हे. कुल किता 2 कुल रकबा 1.09 हेक्टेयर, दोनों कृषि भूमि का अर्थात कुल रकबा 2.08 हेक्टेयर अर्थात 10 बीघा 8 बिस्वा को क्रय करने का सौदा किया है तथा विक्रय अनुबंध-पत्र का निष्पादन करके बयाना राशि भी भुगतान कर दी है, अब बकाया राशि का भुगतान व विक्रय-पत्र का निष्पादन एवं पंजीयन शेष है।

यदि उक्त कृषि भूमि पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, वित्तीय संस्थान आदि का कोई स्वत्व, हित, अधिकार आदि हो अथवा कोई ऋण भार आदि बकाया हो अथवा ऋणग्रस्त या बंधकग्रस्त हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से एक सप्ताह की अवधि में मुझे मेरे कार्यालय में सप्रमाण आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा एक सप्ताह की अवधि पश्चात मेरी पक्षकार द्वारा उक्त कृषि भूमि के विक्रय पत्र का निष्पादन एवं पंजीयन अपने हित में करवा लिया जावेगा, इसके पश्चात किसी भी प्रकार की कोई उज्र या आपत्ति मान्य नहीं होगी। इति दिनांक 03-03-2023

**सुभाषचन्द्र जैन, उच्च न्यायालय अधिवक्ता**
**5, नगारची बाखल, दादा भाई नौरोजी मार्ग, उज्जैन (म.प्र.)**
**मो.नं. 6267024643, 9407100610**

## जाहिर सूचना का खण्डन

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आदर्श उर्फ कान्हासिंह पिता स्व. कमलसिंह की ओर से अधिवक्ता सौरभ चौधरी ने दैनिक अवन्तिका दिनांक 24.02.2023 में जो जाहिर सूचना प्रकाशित कराई है, उसका प्रतिवाद किये जाने हेतु मेरे पक्षकार सेवाराम पिता देवजी ने अधिकृत किया है और उसके आधार पर यह प्रतिवाद प्रकाशित किया जा रहा है और यह स्पष्ट किया जाता है कि जाहिर सूचना में वर्णित कृषि भूमि में आदर्श उर्फ कान्हा सिंह का कोई अधिकार, हित, स्वत्व नहीं है, क्योंकि उसके पिता कमलसिंह का उसके पिता सेवाराम से विभाजन उसके जीवनकाल में हो गया था, और इस विभाजन में उसने 7 बीघा कृषि भूमि प्राप्त कर ली थी और बाद में वह कृषि भूमि कमलसिंह ने अन्य को विक्रय कर दी। जाहिर सूचना में उल्लेखित भूमि सर्वे नम्बर 20/1/2 रकबा 2231 हे. यशोदा पत्नी सेवाराम के भूमि स्वामी एवं आधिपत्य की है एवं भूमि सर्वे नम्बर 334/1 रकबा 2.160 हे. भूमि संदेश पुत्री सेवाराम के भूमि स्वामित्व एवं आधिपत्य की है और शेष भूमि मेरे पक्षकार सेवाराम पिता देवजी के भूमि स्वामित्व एवं आधिपत्य की है। दिनांक 03/03/2023

**निर्मल राजपूत, अधिवक्ता**
**कार्यालय-7/1, अलखनंदा नगर, उज्जैन**
**मोबाईल नं. 9425092109**

## जाहिर सूचना का खण्डन

दिनांक 23-02-2023 को दैनिक अवंतिका समाचार पत्र में राजकुमार प्रजापत एडव्होकेट द्वारा विक्रेता लक्ष्मीनारायण पिता मोतीराम आंजना, निवासी ग्राम चंदेसरा के सम्बन्ध में जारी असत्य व भ्रामक बिना क्रेता पक्ष के नाम उल्लेख की जाहिर सूचना प्रकाशित हुई थी एवं उनके द्वारा ग्राम का पटवारी हल्का नंबर भी जानबूझकर गलत लिखा था। उक्त जाहिर सूचना के संबंध में सर्वसाधारण व समस्त शासकीय, अशासकीय संस्था व व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि ग्राम चंदेसरा वर्तमान सर्वे नम्बर 149/2(S) रकबा 0.38, तहसील जिला उज्जैन मेरे वर्तमान स्वामित्व की भूमि है, जिसका पुराना सर्वे नम्बर 71 मि. आदि अन्य राजस्व जिला रेकार्ड में दर्ज रहा, जिसकी प्रमाणित प्रतिलिपि लोक सेवा के माध्यम से मेरे पास सुरक्षित है व दिनांक 7-19/9/1943 खरीदी लेख मेरे दादाजी स्व. माताप्रसादजी द्वारा सिद्धनाथ पिता भोपाजी, कौम आंजना से क्रय की गई थी, जब से ही उनके स्वत्व की रही, पश्चात मेरे पिता स्व. रामचंद्रजी यादव के स्वत्व की रही। वर्तमान में यह मेरे स्वत्व की भूमि है। इसमें किसी प्रकार की रजिस्ट्री, बय, दान, अंतरण, लेन-देन, फायनेंस आदि न करें या भ्रामक जाहिर सूचना असत्य आधारों पर जाहिर की गई है, सूचित हो। इति दिनांक 27-02-2023

**अभिभाषक/कृषक**
**सुनील यादव**
**कार्यालय : म.नं. 45, दौलतगंज चौराहा**
**वर्तमान पता 34-35, वराह मिहिर मार्ग गोपाल मंदिर, उज्जैन**
**मो.नं. 9302239751**

## In The Court Of IV Civil Judge Class-I, District Court, Ujjain
## Presiding Officer: वीरेंद्र वर्मा

आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम सक्सेशन प्रकरण क्रमांक (MJC SUC/0000005/2023)

प्रवीण....................आवेदक

Vs

सर्वसाधारण... अनावेदक

Process Id- /2023
पेशी दिनांक :- 20/03/2023

प्रेषिती-

(1) सर्वसाधारण जिसका संबंध मृतकगण स्व. श्री नरेन्द्र कुमार पिता नाथुलालजी जैन एवं स्व. श्रीमती चंदाबाई पति स्व. नरेन्द्र कुमार से हो।

(2) आम जनता

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण क्र. (1) प्रवीण पिता नरेन्द्र कुमार जैन, निवासी- 54, खुर्रमशाहजहां मार्ग, गली नं. 1, उज्जैन, क्र. (2) श्रीमती अर्चना पति राकेश कुमार जैन, निवासी- मीराबाई पथ बड़नगर, जिला उज्जैन, श्रीमती क्र. (3) सुषमा पति सचिन तडवेचा, निवासी- वार्ड नं. 24, प्रतापगढ़, राजस्थान में मृतक नरेन्द्र कुमार आत्मज नाथूलालजी जैन का स्वर्गवास शहर उज्जैन में दिनांक 18-03-2021 को हुआ है। यह कि मृतक की पत्नी श्रीमती चंदाबाई का भी स्वर्गवास दिनांक 25-11-2018 को हो चुका है। प्रार्थी क्र. 1 स्व. नरेन्द्र कुमार जी जैन का पुत्र है एवं प्रार्थी क्र. 2 एवं 3 स्व. नरेन्द्र कुमार की पुत्रियां हैं। यह कि मृतकगण ने अपने जीवनकाल में अपनी सम्पत्तियाँ और जमा धनराशियों के संबंध में कोई वसीयत किसी भी व्यक्ति के पक्ष में निष्पादित नहीं की हैं। इस कारण प्रार्थीगण उनके उत्तराधिकारी होने के नाते उनकी सम्पत्ति व जमा धनराशियों को प्राप्त करने के अधिकारी हैं। अतः इस कारण आवेदक द्वारा मृतक स्व. नरेन्द्र कुमार जैन आत्मज नाथुलालजी जैन के बचत खाता क्र. 910810110004426 बैंक ऑफ इण्डिया, सेठी नगर उज्जैन में मृतक की राशि 1,38,021/- रुपये एवं मृतक की एक एफडी 10,000/- रुपए एफडी क्र. 91845110022200 दिनांक 29-11-2017, मय ब्याज राशि प्राप्त करने हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 20 मार्च 2023 को नियत है।

यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 20 मार्च 2023 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। यह आज तारीख 28 फरवरी 2023 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

**न्यायालय की मुद्रा**
**(वीरेन्द्र वर्मा)**
**चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड जिला उज्जैन (म.प्र.)**

कृपया ध्यान दें:-

1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्य दिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

न्यूज-कॉलम

## कावड़ यात्रा शिर्डी धाम के लिये 11 मार्च को रवाना होगी

**मन्दसौर।** सांई भक्तों की कावड़ एवं पालकी यात्रा भगवान श्री पशुपतिनाथ मंदिर प्रांगण से 11 मार्च शनिवार को प्रातः 11.30 बजे शिर्डी के लिये रवाना होगी। राजेश चावरे जावरा के नेतृत्व में ये यात्रा जाती है। सांई भक्त मण्डल मंदसौर के सांई भक्त मोहनलाल सोनी एवं पं. अशोक त्रिपाठी ने बताया कि जावरा के श्री श्री 108 स्वामी श्री शिवनेशनजी महाराज की सद्प्रेरणा से विगत 27 वर्षों से श्री साई माँ पालकी मण्डल मच्छापूर्ण हनुमान मंदिर जावरा एवं साईं भक्त मण्डल मंदसौर द्वारा आयोजित की जाती है। 800 कि.मी. की यह पद यात्रा रामनवमी 30 मार्च, गुरूवार को शिरडी धाम पहुंचेगी जहां पांच नदियों शिवना, गंगा, नर्मदा, ताप्ती व गोदावरी के पवित्र जल से साईं बाबा का अभिषेक किया जाएगा।

## श्री राजेंद्र शर्मा सेवानिवृत्त हुए

**नीमच।** जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में लोखापाल (अकाउंटेंट) के पद पर लंबी सेवा अवधि पश्चात श्री राजेंद्र कुमार शर्मा 28 फरवरी को सेवानिवृत्त हो गए. ।सहज सरल स्नेही सभी को सहयोग कर काम समय पर करने में विश्वास रखने वाले श्री शर्मा की सेवानिवृत्ति पर जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय स्टाफ एवं स्नेही जनों ने विदाई दी। मूलता राजस्थान सीकर जिले से पोकर वर्तमान में नीमच के ही स्थाई निवासी हो गए हैं। सेवानिवृत्ति के अवसर पर समाजसेवी सामाजिक संस्थाओं म्यूजिकल ग्रुप आदि ने भी सेवानिवृत्ति पर अभिनंदन कर स्वस्थ दीर्घ जीवन की मंगल कामनाएं की।



## नीमच में होलिका दहन 6 मार्च को होगा

**नीमच।** नीमच शहर व जिले में देश भर के साथ ही होलिका दहन 6 मार्च को होगा। भद्रा पुंछे अर्द्धरात्रि 12.54 बजे से 2.02 तक शुभ होलिका दहन मुहूर्त हेतु जनमानस में संशय की स्थिति को देखते हुए कर्म काण्डीय विप्र परिषद नीमच द्वारा गहन विचार विमर्श उपरान्त होलिका दहन ता. 6 चतुर्दशी सोमवार की मध्य रात्रि उपरान्त 00.54 बजे से 2.02 बजे तक भद्रा पुंछ काल में करने का निर्णय लिया गया। भद्रा में होलिका दहन का निषेध है। क्योंकि भद्रा में दहन से राष्ट्रभंग व नगर - ग्राम में अग्नि भय की संभावना रहती है।

## अवकाश के दिनो में भी जमा होगा बकाया कर

**मंदसौर ।** मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि करदाताओं की सुविधा के लिये अवकाश के दिनो में भी नपा की राजस्व सम्पत्तिकर शाखा, जलकर शाखा, विकास शाखा, भवन किराया शाखा आदि शाखाएं खुली रहेगी। करदाता अवकाश के दिनो में भी कार्यालयीन समय में आकर अपना कर जमा करा सकते है। यह आदेश 31 मार्च तक लागू रहेगा।

## प्रदेश के वन मंत्री 4 मार्च को नीमच आएंगे

**नीमच।** प्रदेश के वन मंत्री डॉ कुंवर विजय शाह आज 4 मार्च को प्रातः 11 बजे इंदौर से प्रस्थान कर दोपहर 2.30 बजे नीमच आएंगे और नीमच से दोपहर 3 बजे डिकेन के लिए प्रस्थान करेंगे ।मंत्री श्री शाह शाम को 4.30 बजे डीकेन में नगर परिषद द्वारा आयोजित पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय श्री वीरेंद्र कुमार सखलेचा जी की मूर्ति के अनावरण कार्यक्रम में भाग लेने के बाद शाम 6 बजे डिकेन से इंदौर के लिए प्रस्थान करेंगे।

## जनजागरण पदयात्रा रविवार को निकलेगी

**मन्दसौर ।** अनुराग संस्था द्वारा प्रत्येक माह के प्रथम रविवार को निकाली जाने वाली पदयात्रा 5 मार्च, रविवार को प्रातः ठीक 8.30 बजे गीता भवन, कोठारी कालोनी से मन्दसौर से प्रारम्भ होकर नानेश नगर, जैन कॉलोनी व दशरथ नगर क्षेत्र में भ्रमण करेगी। पैदल चलने में असमर्थ महानुभाव प्रातः 9 से 9.15 के मध्य एकत्रीकरण स्थल गीता भवन, कोठारी कॉलोनी पर होगा।

# रेलवे कॉलोनी में वर्षों से पानी की समस्या खत्म होगी

## नया वाटर फिल्टर प्लांट लगेगा

नगर प्रतिनिधि ▸▸ रतलाम



वेस्टर्न रेलवे मजदूर संघ की 2023 की प्रथम पीएनएम की शुरूआत मंडल मंत्री अभिलाष नागर एवं अध्यक्ष रफीक मंसूरी के नेतृत्व में हुई इसके पूर्व पी.एन.एम की शुरूआत बिना डीआरएम के नहीं होगी कर्मचारियों की समस्याओं को प्रशासन को अवगत करवाने रखने का मौका हमें इस फोरम में मिलता है और यह मान्यता प्राप्त संगठनों का हक है।

यह बात वेस्टर्न रेलवे मजदूर संघ के मंडल मंत्री अभिलाष नागर द्वारा की गई क्योंकि प्रशासन डीआरएम के व्यस्त कार्यक्रम के चलते बिना डीआरएम के ही पीएनएम की शुरूआत करवाना चाहता था । उसके बाद लंच से पूर्व मंडल रेल प्रबंधक श्री रजनीश कुमार पधारे एवं पीएनएम की शुरूआत की । मंडल प्रवक्ता गौरव दुबे ने बताया कि निम्न मुद्दों पर डीआरएम से सहमति बनी -:

1) रेलवे कॉलोनी में उच्च गुणवत्ता वाला पानी के लिए नया फिल्टर प्लांट स्वीकृत किया जा रहा है अब रेल कर्मचारियों को शुद्ध पानी की आपूर्ति हो सकेगी जो कि कई वर्षों से रेल कर्मचारियों और उनके परिवारों की मांग थी।

2) 61 ट्रेन मैनेजर (गार्डों )के वेतन निर्धारण के पूर्व में गलत वेतन निर्धारण को सही निर्धारण करने हेतु आदेश जारी किए गए ।

3) मंडल पर नेम नोटिंग एवं स्थानांतरण नीति को जो जारी किया गया था पीएनएन के माध्यम से अर्बन क्लस्टर बनाकर उसमें स्थानांतरण का प्रतिबंध को हटाया गया है एवं यह नेमनोटिंग के बाद एक वर्ष का नेमनोटिंग एवं दो वर्ष का स्थानांतरण पर प्रतिबंध को समाप्त कर पुराने नियम अनुसार ही कार्यवाही करने के आदेश जारी किए जाएंगे ।

4) मंडल के सभी आर.आर.आई टावर, स्टेशन मास्टर ऑफिस आरक्षण कार्यालयों, बुकिंग कार्यालयों मे एयर कंडीशन की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी डीआरएम के निरीक्षण के उपरांत लगाए जाएंगे ।

(5) सभी विभागों के वरिष्ठ सुपरवायजर्स को रेल्वे बोर्ड के निर्देशानुसार ग्रेड पे 4800 लेवल -8 के उच्च वेतनमान का लाभ प्रदान करने की कार्यवाही की जा रही है इसके पश्चात संयुक्त मंडल मंत्री श्री चंपालाल गढ़वानी जी का सेवानिवृत्ति के पूर्व आखरी पीएनएम बैठक में डीआरएम द्वारा शाल श्रीफल देकर सम्मान किया गया ।

इस अवसर पर उपाध्यक्ष अतुल राठौर, संयुक्त मंडल मंत्री रोशन लाल कौशल ,सहायक मंडल मंत्री प्रताप गिरी व सचिन मिश्रा, सीडब्ल्यूसी महेंद्र राठौर, शाखा सचिव हिमांशु पिटारे, राजेंद्र चौधरी, योगेश यादव, कमलेश चौधरी, विनय सिंह, बलराम बड़गोतिया,रविराज परिहार, श्रीमती संध्या यादव उपस्थित रहे एवं प्रशासन को कर्मचारियों की समस्याओं से अवगत करवाया ।



## डॉक्टर एवं स्टाफ फील्ड में नहीं जाएंगे तो होगी कार्यवाही -कलेक्टर

**मन्दसौर।** कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा कर विशेष निर्देश दिए। बैठक के दौरान उन्होंने कहा कि डॉ. एवं स्टाफ अगर फील्ड में नहीं जाएंगे तो कार्यवाही होगी। अगर किसी डॉक्टर की गांव में ड्यूटी है, तो वहां पर जाएं तथा अपने कार्य को करें। फूड इंस्पेक्टर को निर्देश देते हुए कहा कि कचोरी, समोसे की दुकानों पर दुकानदार उपयोग किया हुआ तेल ही प्रयोग ना करें। इन दुकानों का समय-समय पर निरीक्षण करते रहे। शुगर के मरीजों के लिए सभी डॉक्टर्स उन्हें डाइट प्लान बताएं। इसके साथ ही दवाई के पर्चे पर उन्हें लिख कर भी दे की, डाइट में क्या खाना है और क्या नहीं खाना है। जिससे मरीज डाइट का पालन कर सकें। इस कार्य के लिए आशा कार्यकताओं को भी जागरूक करें। जिससे लोग शुगर के प्रति जागरूक हो। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की निगरानी लगातार करें। अगर कोई कर्मचारी कार्य नहीं कर रहा है, तो उस पर कार्यवाही स्वयं करें। बैठक के दौरान सीईओ जिला पंचायत कुमार सत्यम, सिविल सर्जन डॉ.डी.के. शर्मा, सीएमएचओ डा. नुकूम भी मौजूद थे।

## राष्ट्रीय एकता नाहर सैय्यद मेला के कार्यक्रम 5 से 7 मार्च तक होंगे

**मन्दसौर।** नपा परिषद मंदसौर के द्वारा 46 वां राष्ट्रीय एकता हजरत नाहर सैय्यद मेला 5 से 7 मार्च तक आयोजित होगा। नपाध्यक्ष रमादेवी बंशीलाल गुर्जर, उपाध्यक्ष नम्रता प्रीतेश चावला, मेला समिति सभापति शाहिद मेव, सीएमओ सुधीर कुमार सिंह, मेला अधिकारी पी.एस. धारवे ने बताया कि 5 मार्च को रात्रि 8.30 बजे सूफियाना कव्वाली का आयोजन होगा। जिसमें नदीम वारसी कव्वाल एण्ड पार्टी (जयपुर) व वफा फारूख हाशमी कव्वाल एंड पार्टी मंदसौर अपनी सुफियाना कव्वाली की प्रस्तुति देंगे। 6 मार्च, सोमवार को रात्रि 8.30 बजे मुशायरा व कवि सम्मेलन का आयोजन होगा जिसमें कुंवर जावेद (कोटा), अजीम शाकिरी (एटा उ.प्र.), वसीम राजपुरी (राजपुर), शाहिस्ता सना (कानपुर), नरेन्द्र नख्तरी (उज्जैन), इस्माइल नजर (देवास), हातिम फिरोजाबादी (फिरोजाबाद), राणा तबस्सुम (मुम्बई), आदिल रशीद (दिल्ली) अपनी रचनाओं की प्रस्तुति देंगे। 7 मार्च, मंगलवार को रात्रि 8.30 बजे महफिले कव्वाली का कार्यक्रम होगा। इस कार्यक्रम में बैंगलोर के मुराद आतिश एवं उनकी कव्वाल एण्ड पार्टी के साथ ही हजारी बाग झारखण्ड की कव्वाला शाईन भारती अपनी कव्वाली की प्रस्तुति देंगे।

# कांग्रेस प्रदेश प्रभारी ने नेताओं के घर-घर जाकर विधानसभा टिकट चाहने वालों की खगाली कुंडली

नगर प्रतिनिधि ▸▸ जावरा





प्रदेश में विधानसभा चुनाव आठ व नौ माह में होने वाले हैं ।जिसके लिए चुनावी हलचल प्रारंभ हो गई ।राजनीतिक पार्टियां भी सक्रिय हो गई ।विधानसभा चुनाव के दावेदार भी अपने अपने क्षेत्र में मतदाताओं के बीच पहुंचना प्रारंभ हो गए। इसी के चलते कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी जेपी अग्रवाल ने गुरुवार को नगर के विधायक का टिकट चाहने वालों के घर घर पहुंचकर उनकी नब्ज टटोल कर स्थिति को जानने का प्रयास किया। ब्लॉक कांग्रेस ,नगरपालिका पार्षदों, कांग्रेस पदाधिकारियों आदि ने एक पत्र देकर स्थानीय उम्मीदवार को विधानसभा का टिकट देने का प्रदेश प्रभारी से अनुरोध किया। लेकिन एक नेता ने साथ रहते हुए भी स्थानीय उम्मीदवार का समर्थन नहीं करना चर्चा का विषय बना हुआ है।

कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी अग्रवाल नगर में करीब 5/6 घंटे रुके इनका अलग-अलग नेताओं के घर पहुंच कर स्वागत सम्मान हुआ। इन के आगमन से कांग्रेस में एकदम सक्रियता आ गई ।आखिर इतनी बड़ी पार्टी के प्रदेश प्रभारी हैं ।जिनका स्थानीय नेताओं ने आत्मीयता से स्वागत सत्कार किया। जिससे नेताओं में आत्म बल बढा कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी अग्रवाल गुरुवार को बरगढ़ सरपंच के यहां मिलने के पश्चात किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष राजेश भरावा फिर वरिष्ठ नेता डॉ एच एस राठौर प्रदेश कांग्रेस महामंत्री मोहम्मद यूसुफ कड़पा, नगर पालिका अध्यक्ष अनम कड़पा, शहर कांग्रेस अध्यक्ष अजीजु रहमान पठान एवं फरजाना खान पूर्व जनपद अध्यक्ष हिम्मत सिंह श्रीमाल, वरुणश्रोत्रिय के यहां पहुंचने के पश्चात अंत में राहुल पाटीदार के घर पर पहुंचे। सभी नेताओं के निवास पर उपस्थित कार्यकर्ताओं ने प्रदेश प्रभारी का स्वागत किया। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ एच एस राठौर के कार्यों से प्रभावित होकर प्रभारी अग्रवाल ने डॉक्टर राठौड़ का पुष्प माला एवं शाल ओढ़ाकर सम्मान किया। तत्पश्चात प्रदेश प्रभारी नगर पालिका अध्यक्ष कड़पा के निवास पहुंचे जहां पर आप का सम्मान युसूफ कडपा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुशील को चट्टा पिपलोदा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष दिलीप सिंह चंद्रावत, महेंद्र गंगवाल ,फरजाना खान, नगर पालिका चेयरमैन एवं पार्षदों कार्यकर्ताओं आदि कांग्रेस पदाधिकारियों की भारी भरकम भीड़ के साथ सम्मान किया गया। यही नहीं बल्कि प्रदेश प्रभारी ने वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं का भी साफा बांधकर सम्मान किया ।चर्चा है कि एक कांग्रेस नेता के निवास पर प्रदेश प्रभारी का सम्मान हुआ तथा वहां विधानसभा टिकट देने के अनुरोध पर कहा आप किसी योग्य नेता को टिकट देवें यह भी चर्चा है कि वहां कुछ बाहरी नेता भी उपस्थित थे प्रदेश प्रभारी का नगर प्रवास कांग्रेसी नेताओं में हलचल पैदा कर गया। टिकट किसे मिलेगा यह भी गर्भ में है। परंतु टिकट के लिए स्थानीय एवं बाहरी को लेकर कशमकश की स्थिति बनी हुई है ।



## कैंसर डिटेक्शन वेन के माध्यम से 156 लोगों का हुआ परीक्षण

**मन्दसौर।** मारवाड़ी युवा मंच मंदसौर एवं जनसारंगी के तत्वाधान में आयोजित कैंसर जांच शिविर में कैंसर डिटेक्शन वेन के माध्यम से 156 व्यक्तियों का परीक्षण किया गया। समारोह में जनपद अध्यक्ष बसंत शर्मा ने कहा कि कैंसर के प्रति जागरूकता ही सबसे बड़ा बचाव है । जांच सुविधा से प्रारंभिक लक्षणों के आधार पर ही कैंसर का पता लगाया जा सकेगा। नपाध्यक्ष रमादेवी गुर्जर ने कहा कि मंदसौर शहरवासी सौभाग्यशाली है जहां सामाजिक संस्थाऐ बढ़-चढकर मानवता की सेवा के लिए सदैव तत्पर रहती है। भाजपा जिलाध्यक्ष नानालाल अटोलिया ने कहा कि एक ही स्थान पर विभिन्न जांचों का होना और उनके परिणाम भी घर बैठे मिलना वह भी निःशुल्क रूप से सराहनीय है। खाटू श्याम मंदिर के अध्यक्ष शिवकरण प्रधान ने कहा कि पीड़ित मानवता की सेवा से बड़ा अन्य कोई पुण्य का कार्य नहीं हैं। युवा भाजपा नेता डॉ. भानुप्रतापसिंह सिसोदिया ने कहा प्रारंभिक लक्षणों के आधार पर ही बीमारी को गंभीरता से लेना आवश्यक होता है ताकी रोग बढ़े नहीं और उसका उपचार हो जाऐ। जिला प्रेस क्लब अध्यक्ष ब्रजेश जोशी ने भी संबोधित किया। मंच के प्रांतीय उपाध्यक्ष नरेन्द्र अग्रवाल ने कहा कि इस वेन के माध्यम से 5 से 10 हजार लागत वाली जांचे पूरी तरह से निःशुल्क होगी। संचालन नरेंद्र त्रिवेदी ने किया तथा आभार अध्यक्ष दिलीप सेठिया ने माना।

## जिला कलेक्टर ने लिया पिपलियामंडी कृषि उपज मंडी का जायजा



**पिपलियामंडी।** मंदसौर कलेक्टर श्री सुनील कुमार पहुचे स्थानीय कृषि उपज मंडी जहां स्थिति का जायजा लिया। इस अवसर व्यापारी संघ ने भी कलेक्टर को विभिन्न समस्याओं के बारे में अवगत कराया। इस अवसर पर व्यापारी संघ अध्यक्ष मनोहर मनवानी वरिष्ठ व्यापारी श्री रूपचंद होतवानी नगर कांग्रेस अध्यक्ष रामप्रसाद फरक्या महेश उदिया समरथ मल रतनावत मंडी सेक्रेटरी भारतसिंह बोराना व मंडी कर्मचारी कमल जैन सहित बड़ी संख्या में व्यापारी, हम्माल, तुलावटी, मजदूर उपस्थित थे।



## जमीनी कार्यकर्ताओं के दम पर कांग्रेस पुनः सत्ता में आएगी - राजेश रघुवंशी

**मन्दसौर।** बूथ, सेक्टर एवं मंडलम ही कांग्रेस की सबसे महत्वपूर्ण इकाईयां हैं। जनता में भाजपा की शिवराज सरकार के प्रति गहरा असंतोष है और आगामी विधानसभा चुनावों में कांग्रेस अपने इन्हीं जमीनी कार्यकर्ताओं के दम पर मध्यप्रदेश में पुनः सत्ता में आएगी। मंदसौर जिले के संगठन मंत्री राजेश रघुवंशी ने मंदसौर विधानसभा के दलौदा ब्लाक में आकोडदा, नांदवेल एवं बनी मंडलम के नेताओं के साथ बैठक कर उक्त बात कही। इस दौरान उन्होंने मंडलम, सेक्टर एवं बूथ कमेटियों के गठन के संदर्भ में प्रदेश कांग्रेस से प्राप्त महत्वपूर्ण निदेशों से कांग्रेसजनों को अवगत कराया। श्री रघुवंशी ने बताया कि कमलनाथजी ने स्पष्ट किया है कि वे जिलों के दौरों में सबसे पहले मंडलम, सेक्टर एवं बूथ के कार्यकर्ता से ही मिलेंगे क्योंकि वे ही हमारे लिए सबसे महत्वपूर्ण नेता हैं और भविष्य में सरकार बनने पर उनके महत्व का हमेशा ख्याल रखा जाएगा। इस दौरान जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष अजीत जैन, दलौदा के पूर्व सरपंच विपिन जैन, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के अध्यक्ष दीपकसिंह गुर्जर, दलौदा ब्लॉक अध्यक्ष बसंतीलाल सोलंकी, शक्ति दानसिंह सिसोदिया भंडारिया, धर्मेंद्र शर्मा, मदन अटोलिया, विजय सिंह सोलंकी गरोड़ा, मुकेश यादव, रामचंद्र पाटीदार, विक्रम धनोरा, प्रमोद शर्मा, सुरेश टेलर आदि भी उपस्थित थे।

# मकान में लगी अचानक आग, बीस हजार नगदी सहित घर का सामान जला

नगर प्रतिनिधि ▸▸ रतलाम/आलोट



नया बाजार स्थित एक मकान में सुबह 11 बजे करीब अचानक आग लग गई। मकान में रखे नगदी सहित अन्य सामान जल गए हैं। हालांकि एक अन्य कमरे मे बने किचन से समय रहते गैस की टंकी हटा ली गई, वरना बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। आग की सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड, पानी के टैंकर मौके पर पहुंचे और करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका।

घटना सुबह 11 से सवा ग्यारह बजे के करीब नया बाजार ऊपरली टोली मार्ग पर स्थित टिकम कुमावत के यहां मकान में अचानक आग लग गई। टिकम ने बताया कि वे तत्समय मकान के बाड़े में ही थे कि अचानक मकान के अंदर से धुआं निकलते और कुछ जलने की गंध का आभास हुआ। वे तुरंत कमरे के अंदर आए और देखा तो मकान के दोनों कमरों में आग लगी थी। मैंने तुरंत तीसरे कमरे में बने किचन से गैस की टंकी को निकाल कर बाड़े में ले गया।

आग की लपटे इतनी खतरनाक थी कि गार्डर-फर्शी के बने इस मकान के एक कमरे के छत की कुछ फशीर्यां पटाखे चलने जैसी आवाजें करती हुई टूट कर जमीन पर आ गिरीं। इस बीच किसी ने नगर परिषद को आग लगने की सूचना दी, तो मौके पर फायर गाड़ी पहुंची और फायर कर्मियों ने पानी से आग को बुझाया ।टिकम ने बताया कि आग से घर के दो कमरे में लगे दो पंखे, दो टीवी, कूलर, वायर के बंडल, कपड़े, बिस्तर, बर्तन, लकड़ी का एक तख्त, दो दरवाजे आदि के अलावा नकदी बीस हजार रुपए जलकर राख हो गई है। तीसरे कमरे में किचन था, लेकिन वहां रखी गैस की टंकी को तत्काल हटा लिया था। पटवारी देवजी चौहान ने पहुंचकर आग से मकान में हुए नुकसान का मुआयना कर आंकलन किया है।

## मनासा पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला



**नीमच।** मनासा जिला नीमच में आज पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला । आगामी होलिका दहन, रंग पंचमी, रंग तेरस व अन्य त्योहारों पर आम जनमानस में पुलिस व प्रशासन के प्रति विश्वास और असामाजिक तत्वों में खौफ हेतु नीमच पुलिस अधीक्षक सूरजकुमार वर्मा के आदेशानुसार अनुभाग मनासा के बल को थाना मनासा पर एसडीएम पवन बारिया, एसडीओपी यशस्वी शिंदे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी आर सी दांगी के नेतृत्व में बल को ब्रीफिंग कर कस्बा मनासा के सभी सँवेदनशील क्षेत्रो में फ्लैग मार्च निकाला गया। जिसमें विशेष तौर पर तहसीलदार बी के मकवाना, नायब तहसीलदार श्रीमति संध्या मिश्रा, थाना प्रभारी कुकडेश्वर संदीप तोमर, थाना प्रभारी रामपुरा आनंद सिंह आजाद मय बल तथा शासकीय वाहनों के मौजूद रहें।

# 1 करोड़ 45 लाख रु. की सायबर ठगी करने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार

## सेक्स रैकेट के माध्यम से करते ठगी, 28 फर्जी अकाउंट बनाये

नगर प्रतिनिधि ▸▸ मन्दसौर



जिले के सीतामऊ थाना पुलिस ने अंतर्राष्ट्रीय सेक्स रेकेट एक्सटॉर्शन के माध्यम से सायबर ठगी करने वाले गिरोह के तीन आरोपियों को पकड़ा है जबकि 2 आरोपी फरार है।

प्राप्त जानकारी अनुसार संपूर्ण भारतवर्ष समेत अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सेक्स रेकेट एक्सटॉर्शन के माध्यम से साइबर ठगों द्वारा विभिन्न तकनीकों का उपयोग कर आम नागरिकों को अपने जाल में फंसा कर ठगी कर करोड़ों रुपए एठने वाले अंतर्राष्ट्रीय सायबर ठग को पुलिस ने पकड़ा है। विगत डेढ़ माह में मंदसौर जिले के नागरिकों के नाम से फर्जी रूप से प्राप्त किये गये विभिन्न बैंकों के 28 बैंक अकाउंट में विगत डेढ माह में कुल 1 करोड़ 45 लाख रुपये राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सायबर ठगों द्वारा ब्लेकमेलिंग के माध्यम से राजस्थान के भरतपुर में आरोपियों द्वारा ठगी गई राशि आहरित की गई। पुलिस को जॉच में तथ्य उजागर हुआ कि साइबर ठग द्वारा राजस्थान राज्य के भरतपुर से करोड़ों रुपए की ठगी की जा रही है। जिसकी लिंक मंदसौर जिले से होकर जिले के बैंक खातों के माध्यम से संचालित हो रही है। इस दौरान फरियादी दशरथ पिता राधेश्याम बांधी निवासी महोबा ने इस तथ्य की जानकारी उपलब्ध कराई की उसके स्वयं के आधार कार्ड, पैन कार्ड पर किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बैंक खाते को खुलवा कर उक्त बैंक खाते में लाखों रुपए का ट्रांजेक्शन करवाया जा रहा है। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना सीतामऊ में अपराध पंजीबद्ध कर पुलिस ने आरोपी लाला शाह उर्फ सद्दाम (28) पिता सत्तार शाह मुसलमान निवासी पानपुर थाना नाहरगढ़ जिला मन्दसौर व हरिश (30) पिता कुशाल मालवीय और नरसिंह (24) पिता गणेशराम मालवीय उम्र 24 साल दोनों निवासी महुआ को गिरफ्तार किया वहीं इस मामले में दो आरोपी जीवन पिता सुरेश पाटीदार निवासी सुंठी थाना नाहरगढ़ व राहील मुसलमान निवासी भरतपुर राजस्थान फरार हैं।

## गणपति चौक के विशाल भंडारे में हजारों भक्तों ने प्रसादी ग्रहण की

**मन्दसौर।** श्री रिद्धि सिद्धि उत्सव समिति के तत्वावधान में स्थानीय गणपति चौक में विशाल भंडारा प्रसादी का आयोजन हुआ। जिसमें लगभग 35 हजार भक्तों ने प्रसादी ग्रहण की। सायंकाल 4 बजे श्री द्विमुखी चिंताहरण गणपति मंदिर में महाआरती की गई साथ ही यहां आकर्षक और दुर्लभ पुष्पों से मंदिर को सुसज्जित किया गया था। महाआरती के पश्चात कन्या पूजन एवं कन्या भोज के साथ भंडारा प्रसादी का शुभारंभ हुआ। सेवाधारियों ने सायंकाल से देर रात्रि तक चले इस भंडारा प्रसादी में पूरे समर्पित भाव से सेवा कार्य किया। रिद्धि सिद्धि उत्सव समिति के संस्थापक अध्यक्ष सुनील बंसल एवं संरक्षक मंदिर समिति के अध्यक्ष पं. दिलीप शर्मा ने आभार प्रकट किया है।



खास न्यूज

## फाग रंगोत्सव के साथ होगी रीजन कांफ्रेंस अवार्ड सेरेमनी वेदांशी

**उज्जैन।** श्रीकृष्ण के फाग रंगोत्सव के साथ महाकाल की नगरी में रीजन-03 की रीजन कॉन्फ्रेन्स वेदांशी 5 मार्च को आयोजित की जाएगी। रीजन सचिव लायन दीपक राजवानी ने बताया कि रीजन चेयरपर्सन लायन शैलेष सोनी द्वारा आयोजित कांफ्रेंस का शुभारंभ 9.30 बजे होगा। रविवार को होटल मिरेकल, हरीफाटक रोड पर होने जा रही रीजन कांफ्रेंस अवॉर्ड सेरेमनी में मुख्य आकर्षण बेनर प्रस्तुतिकरण एवं क्लबों द्वारा वर्षभर किए गए कार्यों का अवलोकन कर रीजन द्वारा क्लबों एवं व्यक्ति विशेष का सम्मान कर उसे अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। समारोह में मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट गवर्नर डॉ लायन अजय गुप्ता विशिष्ठ अतिथि एमजेएफ लायन जे. पी. एस. जौहर प्रथम वाईस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर, विशिष्ठ अतिथि एमजेएफ लायन मनीष शाह द्वितीय वाईस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर, लायन महेन्द्र सिंह चेयरमेन रीजन कॉन्फ्रेन्स होंगे। वहीं एमजेएफ लायन सुधा बाहेती रीजन कॉन्फ्रेन्स को चेयरपर्सन, लायन प्रवीण खण्डेलवाल रीजन कॉन्फ्रेन्स को चेयरपर्सन, लायन महेश शर्मा रीजन कॉन्फ्रेन्स सचिव, लायन शैलेष कलवाडिया रीजन कॉन्फ्रेन्स सह-सचिव, लायन जे.पी. उदावत रीजन कॉन्फ्रेन्स कोषाध्यक्ष होंगे। कार्यक्रम के सूत्रधार ला. डॉ. पंकज मारू, ला. ममता दाता होंगे। चेयरपर्सन लायस ममता दाता, जेपी पंचारिया, निलेश वर्मा, डॉ रश्मि श्रीवास्तव ने क्लब उज्जैन गोल्ड के आतिथ्य में होने वाली इस कांफ्रेंस में लायन साथियों से शामिल होने का आग्रह किया गया है।

## जिला शिक्षा अधिकारी पर नियम विरुध्द कार्य करने के आरोप, निलंबन की मांग

**उज्जैन।** जिला शिक्षा अधिकारी आनंद शर्मा द्वारा लगातार शासकीय नियमों की अनदेखी एवं राजनैतिक दबाव में किये जा रहे नियम विरुद्ध कार्यों की जांच की मांग को लेकर मध्यप्रदेश कर्मचारी कांग्रेस ने आयुक्त लोक शिक्षण भोपाल एवं मुख्य सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग वल्लभ भवन भोपाल को पत्र लिखा है। जिसमें शर्मा द्वारा किये जा रहे अनेक नियम विरूद्ध कार्यों की जांच कर निलम्बन करने की मांग की गई है। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि समय सीमा में इनके कार्यों की जांच कर कार्यवाही नहीं कि गई तब मध्य प्रदेश कर्मचारी कांग्रेस एवं संयुक्त कर्मचारी मोर्चा जिला उज्जैन द्वारा आंदोलन किया जायेगा। जिसकी सम्पुर्ण जबाबदारी विभाग की रहेगी। मध्य प्रदेश कर्मचारी कांग्रेस जिला उज्जैन के अध्यक्ष सुरेन्द्रसिंह चौहान ने बताया कि जिला शिक्षा अधिकारी आनंद शर्मा द्वारा किये जा रहे किये जा रहे नियम विरूद्ध कार्यों की फेहरिस्त लंबी है।

## जयेश को कराते में मिला गोल्ड मेडल



**उज्जैन।** 34वीं राष्ट्रीय जीत कुनो प्रतियोगिता 2022-23 में उज्जैन के जयेश परमार ने शहर को गौरवान्वित किया। क्षीरसागर स्टेडियम में आयोजित स्पर्धा में जयेश ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया। प्रतियोगिता में सांसद अनिल फिरोजिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। प्रतियोगिता के सचिव राजेन्द्र राठौर ने बताया कि जयेश पिता शंकर परमार कराते के साथ साथ कबड्डी में मध्यप्रदेश को गौरवान्वित कर चुका है। जयेश की इस उपलब्धि पर ईष्ट मित्रों और कोच सोदेश शिशुलकर ने उज्जवल भविष्य की कामना की है। उक्त जानकारी सचिव राजेन्द्र राठौर ने दी।

## ट्रेन स्टॉपेज को लेकर अभिभाषक संघ ने सौंपा ज्ञापन

**शाजापुर।** ट्रेनों के स्टॉपेज को लेकर शाजापुर अभिभाषक संघ ने शुक्रवार को रेल प्रबंधक, रेल मण्डल भोपाल के नाम शाजापुर स्टेशन निरीक्षक को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में शाजापुर रेलवे स्टेशन पर प्रतिदिन साबरमती एक्सप्रेस, प्रतिदिन इन्दौर से ग्वालियर, रतलाम से भिंड, साप्ताहिक बान्द्रा से झांसी, सूरत से मुजफ्फरपुर, डोंड से ग्वालियर, ओखा से गोरखपुर ट्रेनों के स्टॉपेज की मांग की गई। ज्ञापन में बताया कि जिला मुख्यालय शाजापुर में कोरोना काल के पूर्व अधिकतर ट्रेनों का स्टॉपेज शाजापुर स्टेशन पर रहा है, किंतु कोरोना काल के बाद से निम्नाकिंत ट्रेनों का स्टापेज नही हो रहा है। ऐसे में शाजापुर और आसपास के ग्रामीण यात्रियों को प्रतिदिन आवागमन हेतु ट्रेन में यात्रा करने हेतु शाजापुर से 25 किमी दूर स्थित मक्सी रेलवे स्टेशन जाना पड़ रहा है। यात्रियों की परेशानी का शीघ्र ही समाधान किए जाने की मांग की गई है। ज्ञापन देते समय अभिभाषक संघ अध्यक्ष केके श्रीवास्तव, संघ उपाध्यक्ष मदनसिंह चौहान, अभिभाषक कृष्णकांत कराड़ा, अभिभाषक अनिल माथुर, अभिभाषक अखिलेश रजक, अभिभाषक जावेद पठान सहित अन्य संघ के पदाधिकारी मौजूद थे।

# खाटू श्याम निशान यात्रा का इत्र वर्षा से स्वागत, निशान चढ़ाये, जयकारे लगाए

### विदेशी भक्त भी हुए शामिल

दैनिक अवन्तिका ● उज्जैन





जय खाटू नरेश... जय शीश के दानी.. के जयकारे के साथ खाटू श्याम भक्तों ने गोपाल मन्दिर से खाटूधाम रामघाट तक भव्य निशान यात्रा निकाली। यात्रा में एक हजार से अधिक महिलाएं-पुरुष खाटू श्याम जी के निशान लेकर चल रहे थे। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में विदेशी भक्तों ने भी भाग लिया।

श्री खाटू श्याम भक्त मण्डक की सरोज अग्रवाल ने बताया कि 3 किलोमीटर लंबे मार्ग से गुजरी भव्य शोभायात्रा का जगह-जगह इत्र वर्षा के साथ पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। शोभायात्रा में शक्तिपाताचार्य श्री नारदानंद महाराज, स्वामी प्रणवानन्द, स्वामी विवेकानन्द के साथ 50 से ज्यादा विदेशी भक्त शामिल थे। खाटूश्याम निशान यात्रा में बड़ी संख्या में खाटू श्याम के भजनों पर महिलाएं और युवतियाँ झूम रही थीं। शोभायात्रा गोपाल मंदिर से प्रारम्भ होकर पटनी बाजार, बक्शी बाजार, माँ हरसिद्धि मन्दिर होते हुई पारदेश्वर महादेव मन्दिर परिसर स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर पहुंची। मन्दिर में भव्य आरती, साथ खाटू श्याम स्तुती कर मनोकामनार्थ निशान चढ़ाकर खाटू श्याम दरबार में जयकारे लगाए। शोभायात्रा में रथ पर श्रीरवाटूश्याम की भव्य झांकी भी निकाली। पटनी बाजार में पुष्प के साथ-साथ इत्र वर्षा कर निशान यात्रा का स्वागत किया गया। शाम 6 बजे खाटू श्याम की ज्योत के साथ भजन संध्या शुरू हुई। खाटू तेरी नगरी में हम तो डेरा डालेंगे, कीर्तन की है रात... हारे का तू ही सहारा है, बाबा तू ही हमारा है... आदी भजनों की प्रस्तुती हुई। भक्तों ने फूलों से होली खेली। 3 दिवसीय महाउत्सव का समापन आज 4 मार्च को होगा। सुबह 9 से 10.30 तक बारस की खीर-चूरमा भोग, ज्योत का आयोजन होगा। भव्य खाटू श्याम निशान यात्रा में सरोज अग्रवाल, तरुण मितल, विष्णु अग्रवाल, डॉ. सचिन गोयल, सुरेन्द्र जोशी, सुनील अग्रवाल, राजेश सारडा, सुधा अग्रवाल, तृप्ति मित्तल, अनित गोयल, ब्रजेश गुप्ता आदि शामिल हुए।

## उद्यमशीलता और नेतृत्व से संभव है लक्ष्य की प्राप्ति

### दत्तोपंत ठेंगड़ी ने मनाया महिला दिवस

दैनिक अवन्तिका ● उज्जैन



श्री गीता अध्यात्म और धर्म का ही मार्गदर्शक ग्रंथ नहीं है, अपितु नेतृत्व एवं प्रबंधन में श्री गीता के सूत्र महत्वपूर्ण सिद्धांतों पर प्रकाश डालते हैं। संसार के महान प्रबंधविदों एवं विचारकों ने एक स्वर से श्री गीता को नेतृत्व, प्रबंधन एवं नीति निर्माण का मार्गदर्शक ग्रंथ बताया।

प्रस्तुत विचार श्रीम गुरुकुल में एकादशी के अवसर पर आयोजित संगोष्ठी में व्यक्त किए गए, जिसमें श्रीमती कविता शर्मा की अध्यक्षता में विषय विशेषज्ञों द्वारा अपने विचार व्यक्त किए गए। अन्य वक्ताओं एवं डॉ. शीतल कुमार ने इसी प्रकार अपने विचार रखे। कार्यक्रम के प्रारंभ में मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन किया गया एवं दिशा नागर और अनीता ननवाना ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। श्रीमद् भगवद् गीता पर आधारित नेतृत्व एवं उद्यमशीलता के सिद्धांतों पर हुए कार्यक्रम का संचालन विनीत कुमावत ने किया, वहीं आभार प्रदर्शन सौ. अवंतिका ने माना। श्रीम गुरुकुल में आमलकी एकादशी के दिन कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## 5 मार्च को होगा होली के रंग किशोर दा के संग

**उज्जैन।** 5 मार्च रविवार को ऑनेस्टी म्यूजिकल अकैडमी द्वारा होली के रंग किशोर दा के संग गीत संगीत का आयोजन किया जाएगा। हरपाल सिंह चावला के अनुसार समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मनीष शुक्ला ऑक्सीजन मैन, खोजेमा रंगवाला, विशाल बंबिवाल मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम में उज्जैन शहर के सिंगर ललित भावसार, प्रकाश वर्मा, आशा सिंह चौहान, वर्षा वर्मा, करुणा भावसार, आशु नागर, अरुण पाटीदार, तुषार वर्मा, डॉ. कमलेश सोनी, अनिल भावसार, उषा भावसार, अंशिता कानूनगो एवं अनामिका शुक्ला, जिला उप पंजीयक ऋतंभरा द्विवेदी आदि अपने गीतों की प्रस्तुति देंगे।

## महाकाल में रुपए लेकर दर्शन कराने के मामले पर संभागायुक्त ने लिया संज्ञान

### पोरवाल की शिकायत पर कलेक्टर को कार्रवाई हेतु लिखा पत्र

दैनिक अवन्तिका ● उज्जैन

भगवान महाकालेश्वर मंदिर में मंदिर समिति द्वारा महाकाल के दर्शन हेतु आम श्रद्धालुओं से अलग-अलग शुल्क लेकर दर्शन कराए जा रहे हैं जिसका आमजन में काफी आक्रोश है इस संबंध में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष भरत पोरवाल ने संभागायुक्त को ज्ञापन सौंपकर आपत्ति दर्ज कराई थी संभागायुक्त ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर को कार्यवाही के आदेश दिए।

महाकाल मंदिर पूरे विश्व में विख्यात होकर श्रद्धालुओं के लिए आस्था का प्रतीक है पूरे विश्व से लोग बड़ी संख्या में भगवान के दर्शन के लिए उज्जैन आ रहे हैं लोगों की आस्था का फायदा उठाकर भाजपा सरकार के इशारे पर स्थानीय प्रशासन ने भगवान के दर्शन के लिए लोगों को अमीर गरीब में बांट दिया। अलग-अलग शुल्क लेकर अमीरों को तो भगवान के दर्शन कराए जा रहे हैं और गरीबों को भीड़ में दूर से ही चलता कर रहे हैं। इस आड़ में दलाल भी काफी सक्रिय होकर दर्शन के नाम पर आमजन से लूट खसोट कर रहे है। इस गोरखधंधे के खिलाफ आवाज उठाते हुए जिला पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष भरत पोरवाल ने विगत दिनों संभागायुक्त को ज्ञापन सौंपकर कार्यवाही की मांग की थी।

## होलीका माता, भक्त प्रहलाद की पूजा कर छोटे गोपाल मंदिर पर मनाया फाग उत्सव

दैनिक अवन्तिका ● उज्जैन



प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी टॉवर चौक स्थित छोटे गोपाल मंदिर में महाकाल महिला भक्त मंडल द्वारा फाग उत्सव मनाया गया। जिसमें होलिका माता व भक्त प्रहलाद का पूजन कर फाग के गीतों पर नृत्य किया गया।

महाकाल महिला भक्त मंडल की गीता यादव ने बताया कि प्रतिवर्ष महाकाल महिला भक्त मंडल द्वारा छोटे गोपाल मंदिर के सुनील यादव के सहयोग से फाग उत्सव मनाया जाता है। इस वर्ष होलिका माता व प्रहलाद जी की पूजन कर फाग उत्सव का आरंभ किया गया और फाग के गीतों पर सभी महिला भक्त मंडल के सदस्यों द्वारा नृत्य किया गया। फूल गुलाब उड़ा कर फाग महोत्सव मनाया गया। इस मौके पर छोटे गोपाल मंदिर के सुनील यादव व महाकाल महिला भक्त मंडल की गीता यादव, ज्योति यादव, विजयलक्ष्मी, मालती परिहार, योगिता परमार, पुष्पा राठौड़, कविता, सोनू जायसवाल, कविता शर्मा, हर्षिता शर्मा, माया मालवीय, अलीना, सीमा परिहार, प्रीति जिनवाल, शशिकला, राजश्री शर्मा, उषा शर्मा, शारदा, मंजू, अनीता सहित बड़ी संख्या में महाकाल महिला भक्त मंडल की सदस्य मौजूद रहीं।

## आलोक यात्रा से सर्वत्र फैला सत्य साधना आलोक

**उज्जैन।** हमारे पूर्वज ऋषि-मुनियों ने बताया कि तमसो मां ज्योतिर्गमय। असत्य से सत्य की ओर, अंधकार से प्रकाश की ओर, ममृत्यु से अमरत्व तक हमें जाना है। इसी मंतव्य को जन-जन तक पहुंचाने के लिए आलोक यात्रा निकाली गई। जिसे सही मायने में प्यास लगी है वह प्यास बुझाने की वस्तु का उपयोग कर लेते हैं। जन-जन की प्यास मिटाने यात्रा निकाली गई थी। इसके कर्णधार के रूप में अमृतसुंदर जी और मुमुक्षु मुमुक्षुणी ने अपना पूरा योगदान अपनी टीम सहित दिया। राखेचा ने कहा कि कोई ना कोई भलाई का कार्य होते रहना चाहिए। निरंतरता से होते रहें।

## कृषि के समावेशी विकास हेतु प्राचीन वैदिक एवं जैविक कृषि और बागवानी वर्तमान समय की आवश्यकता है

दैनिक अवन्तिका ● उज्जैन



भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित कृषि अमृत महोत्सव-75 : भारत में सतत कृषि विकास की स्थिति : चुनौतियां और संभावनाएं विषय पर स्थानीय शासकीय महाविद्यालय, महिदपुर, जिला उज्जैन के अर्थशास्त्र विभाग के डॉ. सुनील कुमार चौधरी के संयोजकत्व में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन दिनांक 24-25 फरवरी 2023 को आयोजित किया गया।

संगोष्ठी का उद्घाटन प्रो. अखिलेश कुमार पाण्डेय, कुलपति विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ इसमें सारस्वत अतिथि प्रो. प्रशांत पुराणिक, कुलसचिव, विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन, विशेष अतिथि विमल मेहता, जनभागीदारी अध्यक्ष, विशिष्ट अतिथि आर. सी. ठाकुर, निदेशक, अश्विनी शोध संस्थान, महिदपुर, बीज वक्ता डॉ. सतेन्द्र किशोर मिश्रा, विभागाध्यक्ष अर्थशास्त्र अध्यनशाला, विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन, अध्यक्षता, प्रो गिरीश मोहन दुबे, डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर रहे। संगोष्ठी के शुभारंभ पर महाविद्यालय की छात्रा ईषा सांगते के दल ने सरस्वती वंदना एवं पाणिनी संस्कृत विष्वविद्यालय के डॉ. पुष्पेन्द्र जोषी एवं डॉ. चयन पाण्डेय के मंगलाचरण गायन ने वातावरण को अकादमिक कार्य के लिए अनुकूलता प्रदान की। संगोष्ठी का विषय प्रवर्तन संयोजक डॉ. सुनील कुमार चौधरी ने करते हुए संगोष्ठी की भूमिका और उद्देश्यों पर सभी विषय विशेषज्ञों का ध्यान केंद्रित करते हुए सतत कृषि विकास के प्रमुख चरणों को रेखांकित किया।

## मांगों को लेकर आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने की काम बंद हड़ताल

### मांगे नहीं मानी तो 15 से होगी अनिश्चित कालीन हड़ताल

दैनिक अवन्तिका ● शाजापुर

आंगनवाड़ी कार्यकर्ता संघ संयुक्त मोर्चा के बैनरतले जिलेभर की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एक दिवसीय काम बंद हड़ताल पर रहीं। शुक्रवार को कार्यकताओं ने अपना काम बंद कर विरोध जताया और सरकार से शीघ्र ही मांगों को पूरा किए जाने की मांग की गई।

आंगनवाड़ी संघ की जिलाध्यक्ष कामिनी सिंह ने बताया कि प्रदेश आंगनवाड़ी कार्यकर्ता संघ संयुक्त मोर्चा के समर्थन से पूर्व से लंबित मांगों को पूरा कराने के संबंध में समय-समय पर ज्ञापन के माध्यम से सरकार का ध्यान आकर्षित कराने का प्रयास किया गया, लेकिन सरकार द्वारा मांगों पर कोई भी विचार नहीं किया गया। सरकार के इस उपेक्षापूर्ण रवैये के कारण काम बंद हड़ताल के दौरान कार्यकताओं ने अलग-अलग स्थानों पर एकत्रित होकर विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि एक तरफ प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं के लिए आकर्षक योजना बनाकर उनके जीवन स्तर को सुधारने तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की प्रतिबद्धता जाहिर की जा रही है और इन सभी योजनाओं का क्रियान्वयन, प्रचार प्रसार आंगनवाड़ी कार्यकताओं के द्वारा कराया जा रहा है। बावजूद इसके सरकार कार्यकताओं के हितों का ध्यान नही रख रही है। प्रदर्शन के माध्यम से सरकार से मांग की गई है कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, मिनी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं को शासकीय कर्मचारी घोषित किया जाए, साथ ही नियमित होने तक कार्यकर्ता एवं सहायिका को 24000 एवं 18000 प्रतिमाह न्यूनतम वेतन का भुगतान किया जाए।

## चिकित्सकों ने जांची पुलिसकर्मियों की नब्ज

### सभी पुलिसकर्मियों का जिला अस्पताल में हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

दैनिक अवन्तिका ● शाजापुर



शहर की सुरक्षा व्यवस्था संभालने वाले पुलिसकर्मियों के स्वास्थ्य की सुरक्षा की जिम्मेदारी अस्पताल कर्मियों ने ली। जिन्होंने सभी पुलिसकर्मियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया और उन्हें जरूरी सलाह दी। इस दौरान सभी को जरूरी दवाईयां भी वितरित की गई।


एसपी जगदीश डावर ने बताया कि कई बार पुलिसकर्मी हमारे पास आते हैं जो बीमारियों के बारे में बात करते हैं। जैसे किसी को शुगर है, किसी को विटामिंस की कमी है या कोई और समस्या है। जिसे हम कई बार हल्के में ले लेते हैं, लेकिन वो आगे चलकर हमारे लिए बड़ी परेशानी बन जाती है। जिसके चलते हमने निर्णय लिया कि पुलिसकर्मियों के स्वास्थ्य का परीक्षण करवाया जाए और उन्हें पूरी तरह स्वस्थ रखा जाए तभी तो वो शहर की सुरक्षा कर पाएंगे। इसके लिए हमने एक हेल्थकार्ड भी बनवाया है जिसमें उनकी पूरी जानकारी रहेगी और समय-समय पर उनका परीक्षण भी किया जाता रहेगा। इसके लिए अस्पताल स्टॉफ से भी चर्चा हुई है। जिसके चलते शुक्रवार को सभी पुलिसकर्मियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। आरआई विक्रमसिंह भदौरिया ने बताया कि शुक्रवार को जिले भर के 45 पुलिसकर्मियों का स्वास्थ्य परीक्षण करवाया गया और सभी को निर्देशित किया गया कि वे अपनी रिपोर्ट वरिष्ठ कार्यालय को भेजें।

## तहसीलदार के नकली हस्ताक्षर कर लिया भूखण्ड का नकली पट्टा, कलेक्टर ने दर्ज की शिकायत

### सेवानिवृत्त सैनिक ने किया धोखा

दैनिक अवन्तिका ● शाजापुर








सेवानिवृत्त सेना के जवान द्वारा तहसीलदार के नकली हस्ताक्षर से ग्राम पंचायत की आवासीय भूमि पर फर्जी तरीके से भूखण्ड आवंटित कराने का मामला सामने आया है। उक्त मामले में तहसील कार्यालय के एक बाबू और सैनिक के अभिभाषक भाई की भूमिका भी बताई जा रही है। कलेक्टर दिनेश जैन ने 5 दिसंबर 2022 को आदेश जारी कर दोषी व्यक्तियों के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। तीन माह बीतने के बाद भी अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।

### क्या है पूरा मामला

ग्राम गुलाना के सेवानिवृत्त सैनिक सुनील पिता भागीरथ परमार ने तहसील कार्यालय में 2021 में आवेदन कर एक भूखण्ड की मांग की। भूखण्ड की मांग के पश्चात सेवानिवृत्त सैनिक ने तहसीलदार के नकली हस्ताक्षर से सर्वे नंबर 1944 में एक भूखंड 5050=1250 वर्ग फीट का पट्टा आवंटित बता दिया। यह पट्टा तहसीलदार राजाराम कजरारे के नकली हस्ताक्षर से जारी हुआ। तहसीलदार राजाराम कजरारे ने बताया कलेक्टर ने 24.02.2021 को आदेश जारी कर मुझे गुलाना से शाजापुर तहसीलदार बना दिया। इसके अलावा गुलाना तहसील में पदस्थ बाबू रामेश्वर चौहान का निधन 27.04.2021 को हो गया। आरोपी सैनिक ने इस बात का फायदा उठाते हुए अपने अभिभाषक भाई हरिश परमार के साथ मिलकर नकली हस्ताक्षर से पट्टा तैयार कर लिया। बात का खुलासा तब हुआ जब मुझे वापस गुलाना तहसीलदार बनाया गया और पूरा मामला मेरे संज्ञान में आया। पूरे मामला संज्ञान में आने के बाद एसडीएम शाजापुर को भेजा गया। उक्त मामले में कलेक्टर शाजापुर ने आदेश जारी कर दोषियों के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। आरोपियों के खिलाफ जल्द ही पुलिस में मामला दर्ज कराया जाएगा।

## धर्म छुपाकर अवयस्क बालिका के साथ दुष्कर्म करने वाले को आजीवन कारावास

दैनिक अवन्तिका ● शाजापुर

धर्म छुपाकर अवयस्क बालिका के साथ दुष्कर्म करने के मामले में आरोपियों को न्यायालय ने दंडित किया है। न्यायालय विशेष न्यायाधीश लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम एवं चतुर्थ अपर सत्र न्यायाधीश शाजापुर द्वारा आरोपी फिरोज पिता सुल्तान आयु 22 वर्ष निवासी पीताम्बरा कॉलोनी छापीहेड़ा रोड नलखेड़ा आगर मालवा को अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम की धारा में आजीवन कारावास एवं 3000 रुपए के अर्थदण्ड, लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम की धारा में 20 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 3000 रुपए के अर्थदण्ड, मप्र धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम 2021 की धारा 5 में पांच वर्ष का सश्रम कारावास एवं 50 हजार रुपए के अर्थदण्ड, भादवि की धारा 366 में तीन वर्ष के सश्रम कारावास एवं 2000 रुपए के अर्थदण्ड, धारा 363 में एक वर्ष का सश्रम कारावास एवं 1000 रुपए के अर्थदण्ड एवं धारा 323 भादवि में 1000 रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। साथ ही आरोपी इमरान खां पिता रफीक खां आयु 28 वर्ष निवासी अयोध्या बस्ती नलखेड़ा आगर-मालवा को धारा 363 भादवि में भोगी गई कारावास की अवधि 1 वर्ष 4 माह 09 दिन एवं 1000 रुपए अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। आरोपियों के द्वारा जमा की जाने वाली जुमार्ने की राशि व 4, 00, 000 रुपए प्रतिकर स्वरूप पीड़िता को दिलाने के आदेश भी न्यायालय द्वारा दिए गए हैं।

## बांस के सजावटी सामान बनाने के लिए प्रशिक्षित किया

**शुजालपुर।** राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास (नाबार्ड) सूक्ष्म उद्यम विकास कार्यक्रम तहत वसुंधरा वेलफेयर फाउंडेशन ने महिलाओं को बांस के सजावटी सामान बनाने की कला सिखाने के लिए 15 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण के समापन अवसर पर कालापीपल क्षेत्र के बडबेली में कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें अतिथि के रूप में जनपद पंचायत अध्यक्ष कालापीपल सरिता पंवार, जिला विकास प्रबंधक नाबार्ड शाजापुर धीरेंद्र कोरी, ललित आचार्य एलडीएम बैंक ऑफ़ इंडिया शाजापुर, प्रतिभा जैन ज़िला प्रोग्राम मैनेजर, अर्जुन सिंह अध्यक्ष वसुंधरा वेलफेयर फाउंडेशन, भूरीबाई सरपंच बड़बेली, वर्ष कुशवाहा ,दयाराम उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागी महिलाओं द्वारा अपने हाथो से बनाए गए बांस पात्रधार, फलावर पाट, चुड़ी स्टैंड, वॉल पीस, पानदान, पेन स्टैंड , चोकोन वाले पेन स्टैंड , कप, हेरपिन, मंदिर और नाव आदि का प्रदर्शन किया गया। इन सामग्रियों पर महिलाओं द्वारा आकर्षक तरीके से फिनिसिंग कर वार्निश कलर भी किया गया। अतिथियों ने महिलाओं द्वारा निर्मित उत्पादों को सराहते हुए इस कार्य को बढ़ाने के लिए मार्गदर्शन दिया। साथ ही प्रमाण पत्र का वितरण करते हुए महिलाओं को उपहार भी भेट किए। प्रशिक्षण संबंधित जानकारी कॉर्डिनेटर माधुरी सोंटके ने दी। कार्यक्रम में बडी संख्या में महिलाओं ने सहभागिता की।

## जाहिर सूचना

**समस्त आवंटित भूखण्ड धारकों एवं निवेशकों को सूचित किया जाता हैं, कि राज रायल एन्क्लेव, रायल एन्क्लेव, इन्द्रालय हायलैण्ड्स, इन्द्रालय हायलैण्ड्स एक्टेंशन, इन्द्रालय हायलैण्ड्स फैस - II एवं फैस - III, सत्य प्रेम एवेन्यू उज्जैन के विक्रय पत्र ( रजिस्ट्री ) का पंजीयन इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से दिनांक - 31.03.2023 तक अनिवार्य रूप से करवा लेवे समय के अंदर विक्रय पत्र का पंजीयन नही कराने पर नये वित्तिय वर्ष में लगने वाले समस्त पेनेल्टी एवं शासकीय व अर्द्धशासकीय टेक्सेस, प्लाट होल्डींग चार्जेस आदि अदा करने का एक मात्र दायित्व भूखण्ड धारक का रहेगा। सूचित हो। इति दिनांक - 03.03.2023**

**एम.ए. सिद्दीकी, हाईकोर्ट एडवोकेट एवं नोटरी**
**ए-5 भरतपुरी, देवास रोड, उज्जैन ( म.प्र. )**
**मो. 98272-55575**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार जितेन्द्र राठौर पिता मुलचन्द्रजी जाति तेली निवासी ग्राम पिवडाय तह. व जिला इन्दौर ने विक्रेतागण हेमंत पिता संमदरजी, राजपाल पिता संमदर, केशरबाई विधवा समंदरजी सर्वगण जाति गारी (चौधरी) निवासीगण ग्राम सारोला तह. बडनगर जिला उज्जैन द्वारा विक्रेतागण के मालकी व आधिपत्य की भूमि सर्वे नम्बर 156/1 रकबा 0.08 हे. सर्वे नम्बर 156/2/2 रकबा 0.46 हे. सर्वे नम्बर 157 रकबा 0.68 हे. सर्वे नम्बर 158 रकबा 0.2 हे. कुलकिता 04 कुल रकबा 1.42 हे. भूमि स्थित ग्राम सारोला तहसील बडनगर में स्थित हैं उक्त खाते की भूमि को बिक्री करने का सौदा किया गया है तथा बयाने की राशि विक्रेतागण ने मेरे पक्षकार से नगद प्राप्त कर ली है तथा उपरोक्त बिकी कि गई भूमि का विक्रय पत्र संपादन किया जाना है यदि उपरोक्त वर्णित भूमि संबधित किसी भी व्यक्ति, संस्था बैंक तथा शासकिय अद्वशासकिय सस्था का ऋण भार बकाया हो या किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह इस जाहीर सुचना के प्रकाशन के 07 दिवस के अंदर मेरे कार्यालय में आपत्ति प्रस्तुत करे। अन्यथा अवधी समाप्त होने के बाद उक्त भूमि का विक्रय पत्र संपादित करा दिया जावेगा। बाद मियाद किसी भी प्रकार की आपत्ति स्वीकार नही कि जावेगी । सुचित हो । दिनांक-03/03/2023

**अजय त्रिवेदी ( एडव्होकेट )**
**विजय कुमार त्रिवेदी ( दस्तावेज लेखक ) कोर्ट परिसर बड़नगर - मो. 9098777976,9826672595**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि भूमि स्वामी श्री सुरेश पटेल पिता श्री जगन्नाथजी पटेल, निवासी-ग्राम हमीरखेडी, तहसील व जिला उज्जैन (म. प्र. ) के एकल मालिकी स्वामित्व में कृषि भूमि सर्वे नं. - 58/1 (एस) रकबा 0.5800 हेक्टर ग्राम लेकोडा, प. ह. नं.-12 तहसील व जिला उज्जैन (म. प्र. ) में स्थित है । उक्त कृषि भूमि सम्पूर्ण को क्रय करने का सौदा मेरे पक्षकार ने क्रय अनुबंधीत श्री गोपाल पिता श्री राजारामजी, निवासी-ग्राम टंकारिया तहसील व जिला उज्जैन (म. प्र.) से कर आंशिक राशि अदा कर दी है, शेष राशि का भुगतान कर विक्रय पत्र का ई पंजीयन करवाना बाकी रहा है। उपरोक्त कृषि भूमि पर क्रय अनुबंधीत श्री गोपाल के अतिरिक्त अन्य किसी व्यक्ति, संस्था, वित्तीय निकाय, बैंक, पेढ़ी, समूह, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था आदि से किसी भी प्रकार का कोई ऋण आदि लिया हो अथवा उक्त भूमि पर अन्य किसी का कोई स्वत्व, हित, आधिकार, सुखाधिकार अथवा भार, बोझ, दान, विक्रय, बक्षीस, सौदा चिट्ठी, अनुबंध, कब्जा, पारिवारिक विवाद आदि हो अथवा इस विक्रय व्यवहार से किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो, तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 07 (सात) दिन में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे कार्यालय में आकर प्रस्तुत करे, ताकि उसका निराकरण किया जा सके, अन्यथा मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त कृषि भूमि के विक्रय पत्र का ई पंजीयन उपरोक्त भूमि स्वामी से करा लेंगे व समय अवधि गुजर जाने के पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नही होगी । इति दिनांक-03.03.2023

**राजकुमार प्रजापत एडवोकेट**
**कार्यालय -ए- 1 भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड उज्जैन**
**मो. 94259-46659**

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने डुंगरसिंह राजपुत पिता श्री खरारी शरण राजपुत के स्वत्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि आराजी सर्वे नम्बर 160/1/2 रकबा 0.660 आरे भुमि ग्राम ढाबलारेहवारी तहसील घट्टिया जिला उज्जैन मे स्थित भुमि को क्रय करने का सौदा कर टोकन राशि अदा कर दी है। तथा जाहिर सूचना प्रकाशन पर किसी भी प्रकार की आपत्ति नही आने की दशा में अनुबंध पत्र का निष्पादन किया जावेगा तथा शेष राशि अदा कर अनुबंध पत्र की शर्त अनुसार दस्तावेज विक्रय पत्र (रजिस्ट्री) का निष्पादन मेरे पक्षकार के हित में या उसके द्वारा निर्देशित व्यक्ति के हित में किया जावेगा। यदि उक्त संपत्ति पर किसी भी प्रकार का सरकारी, साहूकारी या बैंक या किसी भी विभाग या वित्तिय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण भार हो या किसी का उक्त सम्पत्ति में कोई हक, हित, हिस्सा या अधिकार हो तो ऐसे सम्बंधित व्यक्ति / विभाग इस जाहिर सूचना प्रकाशन से सात दिवस की अवधि में मय प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति कार्यालयीन समय में प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके, अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधि व्यतीत होने के पश्चात् मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत रूप से विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जाएगा व कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। इति दिनांक-03.03.2023

**योगेश शर्मा एडवोकेट**
**कार्यालय- डी एफ-9, भरतपुरी शापिंग काम्पलेक्स, देवास रोड, उज्जैन**

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भूमि स्वामी श्रीमती विनीता गुप्ता पति श्री उमेश गुप्ता निवासी-102 नजरअली मार्ग उज्जैन (म.प्र.) के मालिकी, स्वामित्व, स्वत्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि आराजी सर्वे क्र.-3066/1 रकबा 0.3560 हैक्टर भूमि ग्राम जियापुरा तह.उज्जैन नगर जिला उज्जैन में स्थित है। मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी से उक्त वर्णित कृषि भूमि को क्रय करने का सौदा कर बयाना राशि अदा कर दी है। विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना बाकी रहा है। उक्त कृषि भूमि पर भूमि स्वामी के अतिरिक्त अन्य किसी व्यक्ति, संस्था, वित्तीय निकाय, पेढ़ी, शासकीय या अर्द्धशासकीय संस्था आदि का किसी भी प्रकार का कोई स्वत्व, हित व अधिकार अथवा भार, बोझ, दान, विक्रय, बक्षीस, अनुबंध आदि हो अथवा किसी भी प्रकार का कोई सुखाधिकार हो अथवा इस विक्रय व्यवहार मे किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 7 (सात) दिन मे अपनी आपत्ति मय लेखी प्रमाण के मेरे कार्यालय मे आकर प्रस्तुत करे, ताकि उसका निराकरण किया जा सके, अन्यथा उक्त अवधि पश्चात मेरे पक्षकार अपने हित मे उक्त संपत्ति के विक्रय पत्र का पंजीयन करा लेंगे व उसके पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नही होगी, न ही मेरे पक्षकार पर बंधनकारक होगी। सूचित हो। इति दिनांक-04.03.2023

**भूपेन्द्र उपाध्याय एडवोकेट**
**कार्या- सी -2, भरतपुरी कॉम्पलेक्स उज्जैन,**
**मो. 98272-21920, 89891-45770**

# कार्यालय कृषि उपज मंडी समिति ब्यावरा जिला राजगढ़ म.प्र.

**क्रमांक/मंडी/स्टोर / 2022-23/1048 ब्यावरा दि. 03/03/2023**

## निविदा विज्ञप्ति

एतद् द्वारा समस्त विद्युत सामग्री विक्रेताओं/फर्मों को सूचित किया जाता है कि कृषि उपज मंडी समिति ब्यावरा जिला राजगढ़ को विद्युत सामग्री की आवश्यकता है। जिसके लिए दरें समस्त करों सहित सीलबंद लिफाफे में दिनांक 21-03-2023 समय शाम 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जिसके लिए धरोहर राशि 2000/- दिनांक 19.03.2023 तक नगद जमा की जा सकती है। धरोहर राशि जमाकर्ता की ही निविदा मान्य की जावेगी। प्राप्त निविदाओं को उसी दिवस दिनांक 21.03.2023 को निविदाकारों के समक्ष खोला जावेगा। न्यूनतम दर स्वीकृति योग्य होगी। सामग्री व अन्य शर्तों की विस्तृत जानकारी मंडी कार्यालय में कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर प्राप्त की जा सकती है।

| | |
|---|---|
| **सचिव** | **भारसाधक अधिकारी** |
| **कृषि उपज मंडी समिति** | **कृषि उपज मंडी समिति** |
| **ब्यावरा जिला राजगढ़** | **ब्यावरा जिला राजगढ़** |

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने 1. इन्द्राबाई पति श्री अंतरसिंह जी, 2. पवन पिता श्री अंतरसिंह जी, उमाबाई पिता श्री अंतरसिंह जी, निवासी-ग्राम किटीया तहसील महिदपुर जिला उज्जैन के स्वत्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि आराजी सर्वे नम्बर 281, 282/1, व 282 / 2 कुल रकबा 20 बीघा 6 बीसवा भुमि ग्राम किटीया तहसील महिदपुर जिला उज्जैन में स्थित भुमि को क्रय करने का सौदा कर टोकन राशि अदा कर दी है। तथा जाहिर सूचना प्रकाशन पर किसी भी प्रकार की आपत्ति नही आने की दशा में अनुबंध पत्र का निष्पादन किया जावेगा तथा शेष राशि अदा कर अनुबंध पत्र की शर्त अनुसार दस्तावेज विक्रय पत्र (रजिस्ट्री ) का निष्पादन मेरे पक्षकार के हित में या उसके द्वारा निर्देशित व्यक्ति के हित में किया जावेगा। यदि उक्त संपत्ति पर किसी भी प्रकार का सरकारी, साहूकारी या बैंक या किसी भी विभाग या वित्तिय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण भार हो या किसी का उक्त सम्पत्ति में कोई हक, हित, हिस्सा या अधिकार हो तो ऐसे सम्बंधित व्यक्ति / विभाग इस जाहिर सूचना प्रकाशन से पन्द्रह दिवस की अवधि में मय प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति कार्यालयीन समय में प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके, अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधि व्यतीत होने के पश्चात् मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत रूप से विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जाएगा व कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। इति दिनांक-03.03.2023

**योगेश शर्मा एडवोकेट**
**कार्यालय- डी एफ-9, भरतपुरी शांपिंग काम्पलेक्स, देवास रोड, उज्जैन**

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने ईश्वरलाल चौहान पिता श्री भग्गा जी, निवासी-ग्राम पाट तहसील माकडोन जिला उज्जैन के स्वत्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि आराजी सर्वे नम्बर 473 रकबा 1.050 हैक्टेयर भूमि ग्राम जवासिया सौलंकी तहसील महिदपुर जिला उज्जैन में स्थित भुमि को क्रय करने का सौदा कर टोकन राशि अदा कर दी है। तथा जाहिर सूचना प्रकाशन पर किसी भी प्रकार की आपत्ति नही आने की दशा में अनुबंध पत्र का निष्पादन किया जावेगा तथा शेष राशि अदा कर अनुबंध पत्र की शर्त अनुसार दस्तावेज विक्रय पत्र (रजिस्ट्री ) का निष्पादन मेरे पक्षकार के हित में या उसके द्वारा निर्देशित व्यक्ति के हित में किया जावेगा। यदि उक्त संपत्ति पर किसी भी प्रकार का सरकारी, साहूकारी या बैंक या किसी भी विभाग या वित्तिय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण भार हो या किसी का उक्त सम्पत्ति में कोई हक, हित, हिस्सा या अधिकार हो तो ऐसे सम्बंधित व्यक्ति / विभाग इस जाहिर सूचना प्रकाशन से सात दिवस की अवधि में मय प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति कार्यालयीन समय में प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके, अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधि व्यतीत होने के पश्चात् मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत रूप से विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जाएगा व कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी । इति दिनांक-03.03.2023

**योगेश शर्मा एडवोकेट**
**कार्यालय- डी एफ-9, भरतपुरी शापिंग काम्पलेक्स, देवास रोड, उज्जैन**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार द्वारा भूमि स्वामी राजाराम नैनवाल पिता जगदीश चंद्र नैनवाल, निवासी- 247, एल.आई.जी., इन्दिरा नगर, पानी की टंकी के सामने, उज्जैन, से उनके अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नम्बर 385/2/2/2 रकबा 0.400 हेक्टर, भूमि ग्राम- पानबिहार तहसील घट्टिया जिला उज्जैन में स्थित है, उक्त कृषि भूमि को क्रय करने का सौदा किया होकर विक्रय प्रतिफल की राशि मे से टोकन राशि का भुगतान भी उनको कर दिया है। अब अनुबंध पत्र व विक्रय-पत्र का संपादन करवाना शेष है। उक्त सम्पत्ति के क्रय-विक्रय के संबंध में किसी भी संस्था, व्यक्ति को कोई आपत्ति हो या किसी शासकीय या अर्द्धशासकीय कार्यालय, बैंक, सोसायटी आदि का कोई ऋण भार आदि हो या कोई व्यक्ति, सोसायटी, संस्था आदि उक्त सम्पत्ति पर अपना हक, हित, स्वत्व, आदि रखती हो तो वह इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 (सात) दिन के अन्दर मय प्रमाण के लिखित रूप में आपत्ति मेरे कार्यालयीन समय में प्रस्तुत करें, ताकि उसका निराकरण किया जा सके। उक्त अवधि के पश्चात् मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि के विक्रय-पत्र का सम्पादन अपने हित में करवा लिया जावेगा। उक्त अवधि के पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई उज्र व आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी तथा ऐसी कोई उज्र व आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारक नहीं होगी तथा प्रभावशुन्य रहेगी। सो सूचित हो । इतिः दिनांक-03/03/2023, उज्जैन

**पियूष पण्ड्या, एडवोकेट**
**ऑफिस-सीएफ-10, 11 प्रथम तल, भरतपुरी कॉम्पलेक्स, उज्जैन,**
**मो. 9424878460**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी श्रीमती विनय लक्ष्मी गुप्ता पति श्री हेमंत गुप्ता व हर्ष गुप्ता पिता श्री हेमंत गुप्ता निवासीगण - 4, सुभाष नगर, बैंक कॉलोनी, देवास रोड़, उज्जैन से उनके संयुक्त स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि आराजी सर्वे नम्बर 541/1/2 रकबा 0-40 हेक्टर एवं भूमि आराजी सर्वे नम्बर - 541 / 2 / 2 रकबा 0-03 हेक्टयर भूमि ग्राम पंथपिपलई तहसील व जिला उज्जैन के पटवारी हल्का नम्बर-26 में स्थित है व भूमि स्वामी अनिल नारंग पिता श्री रामलाल जी नारंग निवासी-95, इंदिरा नगर, उज्जैन से उनके एकमेव स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नम्बर 541/2/1 रकबा 0-42 हेक्टयर भूमि ग्राम पंथपिपलई तहसील व जिला उज्जैन के पटवारी हल्का नम्बर-26 में स्थित है इस प्रकार कुल रकबा 0-85 हेक्टयर अर्थात चार बीघा पांच बीसवा भूमि को क्रय करने का सौदा किया होकर आंशिक बयाना राशि अदा कर दी है और सौदा चिट्ठी का निष्पादन कर लिया है और शेष राशि अदा कर विक्रय-पत्र का पंजीयन करवाया जाना है। उक्त भूमि में कोई अपना हित व हिस्सा रखता हो या उक्त भूमि पर किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक अथवा सरकारी, साहूकारी या किसी विभाग या वित्तीय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण भार हो तो ऐंसे संबंधित विभाग / व्यक्ति इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 (सात) दिवस की अवधी में मय प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके, अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधी व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेगा व कोई आपत्ति मान्य नही होगी। इति दिनांक-03.03.2023

**राजेन्द्र जैन पोरवाड एडवोकेट**
**कार्या.-बी-9, भरतपुरी काम्पलेक्स, आरटीओ के पीछे, उज्जैन**
**मो. 9425094349, 9993079516**

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, भगवान सिंह पिता लाल जी जाति गारी, निवासी- ग्राम दाउत खेडी तह. व जिला उज्जैन के सहस्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि आराजी सर्वे नम्बर 38/4 (एस) रकबा 2.2790 हैक्टेयर मेसे 2.500 हैक्टेयर अर्थात 12.50 बीघ ग्राम दाउत खेडी प.ह.न. 37 तहसील व जिला उज्जैन मुख्य मार्ग से लगी हुई भूमि का विक्रय किया जा रहा हैं जिसके पूर्व में शासकीय भूमि, पश्चिम में विक्रेता की शेष भूमि, उत्तर में- विक्रेता की शेष भूमि, दक्षिण- विनायक डेवलपर्स मिला हैं जिसका ऋण पुस्तिका सीएलआर नं. 11049197986 हैं उक्त भूमि पर बहैसियत संपत्ति स्वामी के भू-अधिकार पटवारी अभिलेख विक्रेता का नाम दर्ज हैं तथा उक्त भूमि में विक्रेता के अलाव अन्य किसी का कोई हक हित हिस्सा एवं अधिकार, सुखाधिकार आदि निहीत नही हैं का सोदा मेरे पक्षकार द्वारा कर विधिवत सोदा कर सोदा राशि अदा कर दी हैं तथा सोदा चिट्ठी के पालन मे दस्तावेज अनुबंध पत्र का निष्पादन किया जावेगा तथा निष्पादित अनुबंध के अनुसार भूमि के विक्रय की शेष राशि अदा कर दस्तावेज विक्रय पत्र (रजिस्ट्री) का निष्पादन स्वयं के हित में या उसके द्वारा निर्देशित व्यक्ति के हित में करवाया जावेगा। यदि उक्त संपत्ति पर किसी भी प्रकार का सरकारी, साहूकारी या बैंक या किसी भी विभाग या वित्तिय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण भार हो या किसी का उक्त सम्पत्ति में कोई हक हिस्सा या अधिकार हो तो ऐसे सम्बंधित व्यक्ति/ विभाग इस जाहिर सूचना प्रकाशन से पन्द्रह दिवस की अवधि में मय प्रमाण सहित लिखित मे अपनीं आपत्ति प्रस्तुत करें जिससे उसका निराकरण करवाया जा सके, अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधि व्यतीत होने के पश्चात् विधिवत विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जाएगा व कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हो-इति दिनांक 03/03/2023 स्थान- उज्जैन

**योगेश शर्मा, ( एडवोकेट )**
**कार्यालय- डी एफ-9, भरतपूरी कॉम्पलेक्स**
**पंजीयक कार्यालय, उज्जैन**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि भूखण्ड स्वामी श्री श्याम बोरासी पिता श्री गयाप्रसादजी बोरासी, निवासी- ए - 23 आनंद नगर, उज्जैन (म. प्र.) के एकल मालिकी स्वामित्व स्वत्व एवं आधिपत्य में भूखण्ड क्रमांक - 21 जो कि नारायण धाम कॉलोनी ग्राम डेन्डिया, तहसील व जिला उज्जैन (म. प्र.) में स्थित हैं। भूखण्ड की पैमाईश में लम्बाई - पूर्व से पश्चिम बतरफ उत्तर व दक्षिण दोनो ओर समान - 60.00 फीट, चौड़ाई - उत्तर से दक्षिण बतरफ पूर्व 37.00 फीट बतरफ पश्चिम 39.00 फीट होकर भूखण्ड का कुल क्षेत्रफल - 211.81 वर्गमीटर अर्थात 2,280.00 वर्गफीट एवं चर्तु:सीमा में पूर्व दिशा में - रास्ता कॉलोनी का, पश्चिम दिशा में भूखण्ड क्रमांक-32, उत्तर दिशा मे भूखण्ड क्रमांक - 22 एवं दक्षिण दिशा में रास्ता कॉलोनी का स्थित है। उक्त भूखण्ड को क्रय करने का सौंदा मेरे पक्षकार ने उपरोक्त भूखण्ड स्वामी से कर आंशिक राशि अदा कर दी है, शेष राशि का भुगतान कर, केवल विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना शेष है। उक्त भूखण्ड पर अन्य किसी व्यक्ति, सोसायटी, संस्था, समूह, वित्तीय निकाय, बैंक, पेढ़ी, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, आदि का किसी भी प्रकार का कोई स्वत्व हित व अधिकार अथवा भार, बोझ, दान, विक्रय बक्षीस, बकाया आदि हो अथवा किसी भी प्रकार का कोई सुखाधिकार हो अथवा इस विक्रय व्यवहार में किसी प्रकार की आपत्ति हो तो इस ज़ाहिर सूचना के प्रकाशन के 07 (सात) दिन में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे समक्ष प्रस्तुत करे ताकि उसका निराकरण किया जा सके अन्यथा मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त सम्पत्ति के विक्रय पत्र का पंजीयन करा लेंगे व उक्त अवधि गुजर जाने के पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नही होगी । इति दिनांक- 03.03.2023

**राजकुमार प्रजापत एडवोकेट**
**कार्यालय -ए-1 भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड उज्जैन**
**मो. 94259-46659**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार द्वारा भूमि स्वामी राजेन्द्र कुमार खंडेलवाल पिता श्री बाबूलाल जी खंडेलवाल जाति खण्डेलवाल, निवासी- 11, बी, राज नगर, हीरा मिल रोड, उज्जैन से उनके अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नम्बर 251/2 रकबा 1.060 हेक्टर, सर्वे नम्बर 251/3 रकबा 0.060 हेक्टर, सर्वे नम्बर 385/3/1 रकबा 0.100 हेक्टर, सर्वे नम्बर 385/3/3 रकबा 0.950 हेक्टर, सर्वे नम्बर 386 रकबा 1.420 हेक्टर, सर्वे नम्बर 387 / 3 रकबा 0.670 हेक्टर, सर्वे नम्बर 389/1 रकबा 0.600 हेक्टर, सर्वे नम्बर 391/1/1 रकबा 1.070 हेक्टर, कुल किता 8 कुल रकबा 5.930 हेक्टर, भूमि ग्राम- पानबिहार तहसील घट्टिया जिला उज्जैन में स्थित है, उक्त कृषि भूमि को क्रय करने का सौदा किया होकर विक्रय प्रतिफल की राशि मे से टोकन राशि का भुगतान भी उनको कर दिया है। अब अनुबंध पत्र व विक्रय-पत्र का संपादन करवाना शेष है। उक्त सम्पत्ति के क्रय-विक्रय के संबंध में किसी भी संस्था, व्यक्ति को कोई आपत्ति हो या किसी शासकीय या अर्द्धशासकीय कार्यालय, बैंक, सोसायटी आदि का कोई ऋण भार आदि हो या कोई व्यक्ति, सोसायटी, संस्था आदि उक्त सम्पत्ति पर अपना हक, हित, स्वत्व, आदि रखती हो तो वह इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 (सात) दिन के अन्दर मय प्रमाण के लिखित रूप में आपत्ति मेरे कार्यालयीन समय में प्रस्तुत करें, ताकि उसका निराकरण किया जा सके। उक्त अवधि के पश्चात् मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि के विक्रय-पत्र का सम्पादन अपने हित में करवा लिया जावेगा। उक्त अवधि के पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई उज्र व आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी तथा ऐसी कोई उज्र व आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारक नहीं होगी तथा प्रभावशुन्य रहेगी। सो सूचित हो । इतिः दिनांक-03/03/2023, उज्जैन

**पियूष पण्ड्या, एडवोकेट**
**ऑफिस - सीएफ-10,11 प्रथम तल,**
**भरतपुरी कॉम्पलेक्स, उज्जैन, मो. 9424878460**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने युनुस पटेल पिता हाजी नूर मोहम्मद पटेल जाति नायता निवासी खजराना इन्दौर (म.प्र.) से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि आराजी सर्वे नंबर 216/341 रकबा 0-360 हेक्टर, सर्वे नंबर 220 रकबा 0-290 हेक्टर एवं सर्वे नंबर 221 रकबा 0-300 हेक्टर कुल किता 3 रकबा 0-950 हेक्टर स्थित ग्राम कल्याणपुरा प.ह.नं. 73/39 तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) में है एवं उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि आराजी सर्वे नंबर 907/2/1 रकबा 0-700 हेक्टर, सर्वे नंबर 907 / 2/2 रकबा 0-420 हेक्टर, सर्वे नंबर 908/1 रकबा 0-400 हेक्टर, सर्वे नंबर 908 / 2 रकबा 0-400 हेक्टर, सर्वे नंबर 909/1 रकबा 1-390 हेक्टर, सर्वे नंबर 909/2/1 रकबा 0-550 हेक्टर, सर्वे नंबर 909/2/2 रकबा 0-210 हेक्टर, सर्वे नंबर 910 रकबा 0-630 हेक्टर एवं सर्वे नंबर 928/1 रकबा 0-260 हेक्टर कुल किता 9 रकबा 4-960 हेक्टर स्थित ग्राम खजूरिया रेहवारी प.ह.नं. 73 तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) में है इस प्रकार कुल 5-91 हेक्टर भूमि को क्रय करने का सौदा किया होकर बयाना राशि अदा कर विधिवत अनुबंध पत्र का निष्पादन करवा लिया है तथा अनुबंध अनुसार शेष राशि अदाकर विधिवत विक्रय-पत्र का निष्पादन करवाया जाना है। यदि, उक्त भूमि में कोई अपना हित व हिस्सा रखता हो या उक्त भूमि पर किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक, अथवा सरकारी, साहूकारी या किसी विभाग या वित्तीय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण भार हो तो ऐसे संबंधित विभाग / व्यक्ति इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 (सात) दिवस की अवधि में मय प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके, अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेगा व कोई आपत्ति मान्य नही होगी। इति दिनांक- 03/03/2023 उज्जैन

कार्यालयीन समय -सुबह 11 से 6 बजे तक

**रितिक बंसल ( सर्विस प्रोवाइडर )**
**सी-7 भरतपुरी कॉम्पलेक्स, उज्जैन ( म.प्र. )**
**बंसल टायपिंग सर्विस कंठाल चौराहा उज्जैन ( म.प्र )**
**94250-92149, 90093-04444**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार रमेशचन्द्र प्रजापत पिता मोतीलाल प्रजापत निवासी शंकरपुर मक्सी रोड़ उज्जैन ने श्री मांगीलाल पिता पन्नालाल राठौर निवासी शंकरपुर मक्सी रोड़ उज्जैन से उनके स्वामित्व एंव आधिपत्य के भवन (1) म्यु. क्रमांक-61 स्थित शंकरपुर मक्सी रोड़ उज्जैन होकर कुल क्षेत्रफल 92.09 वर्गमीटर है को विधिवत रजिस्टर्ड विक्रय पत्र के माध्यम से क्रय किया गया था एवं मेरे पक्षकार ने मोहनलाल पिता बाबुलाल जी निवासी शंकरपुर मक्सी रोड़ उज्जैन से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य का एक अन्य भवन (2) क्रमांक पुराना 200 जिसका नगर पालिक निगम क्रमांक 50/497 स्थित ग्राम शंकरपुर मक्सी रोड़ उज्जैन में होकर कुल क्षेत्रफल 105.85 वर्गमीटर है जिसे मेरे पक्षका ने विधिवत रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक एमपी 432022019 ए 1659098 दिनांक 23-09-2019 को क्रय किया था । उक्त संपत्ति का मेरा पक्षकार नामांतरण व डायवर्सन करवाया जाना है, उक्त संपत्ति में कोई अपना हित व हिस्सा रखता हो या उक्त संपत्ति पर किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक, अथवा सरकारी, साहूकारी या किसी विभाग या वित्तीय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण भार हो तो ऐसे संबंधित विभाग/व्यक्ति इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 (सात) दिवस की अवधि में मय प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके, अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत भवन का नामांतरण व डायवर्सन करवा लिया जावेगा व कोई आपत्ति मान्य नही होगी। इति दिनांक-03-03-2023 उज्जैन

**मनोज बोरासी ( एडवोकेट )**
**24, श्रीनगर कॉलोनी, मक्सी रोड़ बैंक आफ इंडिया के सामने उज्जैन मो. 9425359858, 8770823797**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी भंवरलाल पिता जगन्नाथ निवासी ग्राम चिंतामण जवासिया उज्जैन से उनके आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 780/1 रकबा 0.1300 हेक्टेयर व सर्वे क्र. 781/1 रकबा 0.4200 हेक्टेयर स्थित चिंतामण जवासिया मुख्य मार्ग जिला उज्जैन में स्थित है। जो कि पटवारी हल्का न.21 में है। उक्त वर्णित भूमि सर्वे क्रमांक 780/1 रकबा 0.1300 हेक्टेयर व सर्वे क्र.781/1 रकबा 0.4200 हेक्टेयर कुल किता 2 रकबा में से 0.2 हेक्टर को सर्व भार मुक्त अवस्था में क्रय करने का सौदा किया है जिसकी चर्तुसीमा पूर्व में- विक्रेता की अन्य भूमि पश्चिम में- दिनेश शर्मा जी भूमि, उत्तर में-रोड, दक्षिण में-इश्वरलाल जी की भूमि है। उक्त सौदा अनुसार आंशिक प्रतिफल राशि का भुगतान दिनांक 3.03.23 को कर दिया है। उक्त संपत्ति पर किसी भी व्यक्ति / संस्था / बैंक / शासकीय / अर्द्धशासकीय विभाग आदि का कोई ऋण / भार / बोझा / हक् / हित एवं भार हो या किसी न्यायालय में कोई प्रकरण विचाराधीन हो अथवा इस विक्रय संव्यवहार बाबत कोई आपत्ति हो तो सुचना प्रकाशन की तिथि से 7 दिन के अंदर सप्रमाण मेरे कार्यालय पर आकर लिखित में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवे, अन्यथा बाद मियाद मेरे पक्षकार शेष प्रतिफल राशि का भुगतान कर सदर संपत्ति का अनुबंध पत्र / विक्रय पत्र अपने हित में पंजीकृत करवा लेवेगे। तत्पश्चात किसी भी प्रकार की उजर आपत्ति मान्य नहीं होगी और न ही मेरे पक्षकार के हितो पर बंधन कारक होगी। यह सूचित हो। इति दिनांक 03-03-2023

**हितेश थानी ( अनुज्ञप्तिधारी )**
**50 बी संतराम सिन्धी कॉलोनी, सांवेर रोड ( न्यू मारुती प्लाईवुड के पीछे ) उज्जैन मोबाइल 8817888422**

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी गौरव डोडिया पिता श्री नरेन्द्र डोडिया आयु 23 वर्ष निवासी 8 निलगंगा यंत्र महल मार्ग उज्जैन से स्वत्व स्वामित्व आधिपत्य का भूखण्ड क्रमांक ए जिसका कुल क्षेत्रफल 1500 वर्गफिट अणुपरिसर नीलगंगा उज्जैन में स्थित होकर क्रय कर विक्रय अनुबंध पत्र भी संपादित करवा कर, बयाना राशि भी मेरे पक्षकार से प्राप्त कर ली हैं।यह कि उक्त अनुबंधित भूखण्ड को विक्रय या अंतरित किये जाने में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तथा उक्त संपत्ति पर किसी भी व्यक्ति संस्था बैंक, निकाय, शासकीय अथवा अर्द्धशासकीय संस्था का या स्थानीय शासन का कोई ऋण भार बोझ या हित अधिकार आधिपत्य बिक्री या वारिसान आदि का कोई हक हित या भार हो या इस विक्रय संव्यवहार में कोई आपत्ति हो तो वह मय प्रमाण के मुझ से इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर स-प्रमाण मुझे कायार्लीयन समय में लिखित मे आपत्ति प्रस्तुत करे अन्यथा बाद मियाद अवधि उक्त संपत्ति का विक्रय पत्र पंजीकृत करवा लिया जावेगा। तत्पश्चात कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारी नही होगी। सूचित हो- इति, दिनांक- 3-3-2023

**दिग्पालसिंह कुमार्डी, एडव्होकेट**
**लॉ चैम्बर, फीगंज उज्जैन**
**मोबाइल- 98266-33755**

## जाहिर सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने विक्रेता 1-श्री ऋषिराज अरोरा पिता श्री सुभाषजी अरोरा 2- श्रीमती सुषमा अरोरा पति श्री सुभाषजी अरोरा निवासीगण-54, धनवंतरी मार्ग फ्रीगंज, उज्जैन (म.प्र.) के स्वामित्व एवं आधिपत्य का एक फ्री होल्ड राईट्स का भूखंड क्रमांक 162 जो पावापुरी धाम गोयलाखुर्द इन्दौर रोड़, उज्जैन (म.प्र.) में मुख्य मार्ग से अंदर की ओर स्थित होकर फ्री होल्ड राईट्स का है तथा आवासीय उपयोग का है। जिसका कुल क्षेत्रफल 106.32 वर्ग मीटर के भूखंड को भार मुक्त क्रय करने का अनुबंध किया है। उक्त भूखंड पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, वित्तीय संस्था या किसी भी अन्य प्रकार से किसी का कोई भी हित, हक, ऋण, भार, चार्ज आपत्ति हो तो इस प्रकाशन के 7 दिवस के अन्दर लेखी प्रमाण सहित मेरे कार्यालय में मिले एवं सम्पर्क करें। अन्यथा बाद मियाद विक्रय पत्र का पंजीयन करवा लिया जावेगा व किसी प्रकार की आपत्ति मेरे पक्षकार व उपरोक्त सम्पत्ति के विक्रय पर बंधनकारक नहीं रहेगी व आपत्ति शून्य मानी जावेगी। सूचित हो। इति दिनाक 03-03-2023

**मो. शाकिर शेख**
**ए-5/5, महाकाल वाणिज्य केन्द्र नानाखेड़ा उज्जैन ( म.प्र. )**

## जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार मो. इब्राहीम कुरेशी पिता मो. इसाक कुरेशी सदर मदिना मस्जिद कमेटी महिदपुर कसाई बाखल सुरेन्द्र मार्ग महिदपुर जिला उज्जैन की ओर से सर्व साधारण को यह सूचित किया जाता है कि करबा महिदपुर में भूमि सर्वे क्रमांक 468 रकबा 0.1130 हेक्टर की भूमि जो राजस्व अभिलेखों में मकसुद अली, महबूब अली, मतलूब अली, मुनव्वर अली पिता मो. अली जाति मुसलमान के नाम पर मात्र दर्शनीय तौर पर अंकित चली आ रही है जबकि उपरोक्त भूमि को कसाई बाखल स्थित मदिना मस्जिद को काफी वर्षों पूर्व दान में दे दी गई थी एवं इस संबंध में तत्समय भूमिस्वामी रहे के द्वारा एक लिखा पढ़ी भी तत्कालीन एसडीएम साहब महिदपुर को दिनांक 09-08-2012 को लेटर पेड के माध्यम से की गई थी एवं उपरोक्त भूमि पर मेरे पक्षकार जो कि मदिना मस्जिद कमेटी महिदपुर के सदर होकर उपरोक्त भूमि उक्त मदिना मस्जिद के आधिपत्य में ही चली आ रही है। मेरे पक्षकार को सदस्यों से ऐसी जानकारी प्राप्त हुई है कि उपरोक्त भूमि को उपरोक्त वर्णित मकसूद अली आदि के द्वारा विक्रय किये जाने का प्रयास किया जा रहा है एवं उपरोक्त व्यक्तियों को इस संबंध में किसी भी प्रकार का विक्रय करने का कोई अधिकार प्राप्त नहीं है। यदि ऐसा कोई विकय व्यवहार होता है तो इस प्रकार का विक्रय व्यवहार मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगा एवं इस हेतु मेरे पक्षकार के द्वारा विकय व्यवहार एवं अन्य संव्यवहार के संबंध में आवश्यकता पढ़ने पर व्यवहार बाद भी प्रस्तुत किया जावेगा जिसकी संपूर्ण जवाबदारी केता पक्ष की रहेगी। अतः सर्व साधारण को सूचित हो कि उपरोक्त भूमि को कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार का अंतरण एवं संव्यवहार तथा खरीद फरोख्त न करे। सर्व साधारण सूचित हो एवं भ्रमित न हो। इति दिनांकः-3-3-2023

**भूपेन्द्र गुलाटी एडव्होकेट**
**नारायणारोड महिदपुर जिला उज्जैन (म.प्र.)**
**मो. नं. 93298-34486**

## जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार India Shelter Finance Corporation Ltd की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि ग्राम पंचायत पाडल्या के भवन कर रजिस्टर पर दर्ज भवन क्रमांक 65, वार्ड नं.11 स्थित ग्राम पाडल्या, ग्राम पंचायत पाडल्या, प.ह.नं. 23 तहसील झारडा (गाइडलाइन अनुसार तहसील महिदपुर) जिला उज्जैन म.प्र. है, जिसका कुल क्षेत्रफल 2550 वर्गफीट है। जिसकी चर्तु:सीमा- पूर्व में- आम रास्ता पश्चिम में- रास्ता में- मेहरबान सेठ का मकान दक्षिण में- जुझारसिंह का मकान स्थित है। उक्त संपत्ति श्री राहुल राठौर को पैत्रक सम्पत्ति के रुप में प्राप्त होकर कार्यालय ग्राम पंचायत पाडल्या तहसील झारडा (गाइडलाइन अनुसार तहसील महिदपुर) जिला उज्जैन में दर्ज है। तथा श्री राहुल राठौर उक्त संपत्ति के आधे भाग का स्वामी दस्तावेज सहस्वामित्व विलेख से पत्र क्रं. एमपी432022022ए11180120 दिनांक 28.11.2022 से अपनी पत्नि श्रीमती मंजूबाई द्वारा को सह.स्वामी नियुक्त किया तथा सम्पत्तियो के स्वामीगण श्री राहुल राठौर व श्रीमती मंजूबाई ने उक्त सम्पत्तियों पर ऋण प्राप्त करने हेतु India Shelter Finance Corporation Ltd में आवेदन किया है तथा मेरे पक्षकार उक्त सम्पत्ति बंधक कर ऋण प्रदान करने जा रहे हैं। अतः सूचित किया जाता हैं कि यदि उक्त सम्पत्ति में अन्य किसी का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार, स्वामित्व आदि हो या उक्त सम्पत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था, पैढी आदि का कोई ऋणभार हो या लेना-देना बकाया हो या किसी को कोई आपत्ति हो या उक्त सम्पत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो या कोई विवाद हो या संपत्ति के पूर्व स्वामी के परिवार के किसी सदस्य को आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक से 07 (सात) दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत रूप से मेंरे कार्यालय में प्रस्तुत करें ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर India Shelter Finance Corporation Ltd द्वारा उक्त सम्पत्ति पर ऋण स्वीकृत करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी। तथा ऋण स्वीकृत किया जाने की दशा में उक्त सम्पत्ति पर प्रथम ऋण भार India Shelter Finance Corporation Ltd का रहेगा। बाद में किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हो। इति दिनांक 04.03.2023

**अशोक सूर्यवंशी, एडवोकेट**
**219, द्वितिय मंजिल, सिध्दी विनायक ट्रेड सेंटर बेताल मार्ग, शहीद पार्क फ्रीगंज उज्जैन (म.प्र.) मो. नं. 9827340009**

कान के मवाद से मुक्ति
ब्यूटी पार्लर से बिगड़े कटे कान
बिना ऑपरेशन जुड़वाएं
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006
9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें। नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने मोबाइल- 98277-33384, फोन- 2533469
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
पं. रुपेश नाहर
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य ( स्वर्ण पदक )
भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
(Web.www.jyotishdham.in)

न्यूज-कॉलम



## दुर्गा वाहिनी मातृशक्ति ने जागो युवती जागो गोष्ठी का आयोजन किया

**मनावर।** विश्व हिंदू परिषद दुर्गा वाहिनी मातृशक्ति प्रांत सह संयोजिका ऋतु शर्मा ने बहनों के बीच में जागो युवती जागो गोष्ठी के अवसर पर बताया कि हम बच्चो का लालन पालन किस प्रकार से करे ? बदलते समय ने हमारे बच्चो को हमसे दूर और मोबाइल टीवी के पास कर दिया। हजारों वर्षों से वेदों में वर्णित संस्कारों द्वारा हम सनातनी अपनी आने वाली पीढ़ी का निर्माण करते आये है, विगत कुछ दशकों से मैकाले पद्धति की शिक्षा व पाश्चात्य संस्कृति के बढ़ते प्रभाव के कारण हम हमारी जड़ों से दूर हुए है, उसका परिणाम आज बढ़ते अपराध, वैवाहिक संबंधो का टूटना, सामाजिक अनुशासन की कमजोरी, आदि प्रकार से देखने मे आता है। सभी अभिभावक को अपने बच्चो को समय, संस्कार व सकारात्मक विचार देने की आवश्यकता है, जिससे वे हमारी संस्कृति और संस्कार के बारे में जान सकें समझ सकें। गोष्ठी के बाद होली का महत्व मातृशक्ति जिला सयोजिका पुष्पा पाटीदार दारा बताया गया। फाग उत्सव में मां चामुंडा देवी भजन मंडली मंजू जोहरी जीवन सोनी,राधा कुशवाह गीता कुशवाह चंदा सोलंकी कला सोलंकी अप्पू उदासी मंजू चौबे पिंकी वास्केल माया सोनी अन्य सभी माता बहनें सम्मिलित हुई।

## वार्षिक उत्सव कार्यक्रम के तहत एथलेटिक्स गतिविधियों का हुआ शुभारंभ

**बड़वानी।** शहीद भीमा नायक शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बड़वानी में प्राचार्य डॉ. एनएल गुप्ता के मार्गदर्शन मैं वार्षिक उत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत एथलेटिक्स गतिविधियों के द्वारा शुभारंभ हुआ । उक्त कार्यक्रम के अंतर्गत 100 मीटर दौड़ ,200 मीटर दौड़, 400 मीटर दौड़, 800 मीटर दौड़, 1500 मीटर दौड़, गोला फेक, भाला फेंक, तवा फेक, हाई जंप एवं लॉन्ग जंप, बैडमिंटन एवं टेबल टेनिस आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में समिति के सदस्य डॉ बलराम बघेल, डॉक्टर जगदीश कन्नौजे डॉ. रणजीत सिंह मेवाडे डॉ विशाल सेन डॉ शीला बघेल डॉ.रंजना चैहान प्रोफेसर अरविंद सिंह परिहार ,प्रोफेसर गंगोत्री राणे, प्रोफेसर स्वीटी शर्मा, प्रोफेसर गौरव गुप्ता ,डॉक्टर रंगारी डोडवा आदि शिक्षक उपस्थित थे। टेबल टेनिस प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में यस कारोले प्रथम स्थान, द्वितीय स्थान पर नमन मालवीय एवं महिला वर्ग में प्रथम स्थान स्वाति यादव एवं द्वितीय स्थान पर पूनम कुशवाह रही । बैडमिंटन के पुरुष वर्ग में सय्यम गुप्ता प्रथम एवं द्वितीय स्थान पर हरीश चौहान विजयी रहे।

## नगर युवा कांग्रेस अध्यक्ष श्री लाला पहुँचे पैदल खाटु श्याम मंदसौर

**पिपलियामंडी।** पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ जी जल्द जल्द मुख्यमंत्री बने इसी मन्नत को लेकर नगर युवक कांग्रेस अध्यक्ष लाला परमार 20-25 भक्तों के साथ पहुँचे मंदसौर खाटू श्यामजी मंदिर। 3 मार्च को प्रातः 6 बजे पिपलिया मंडी से पैदल पैदल चलते हुए मंदसौर खाटू श्याम मंदिर पहुंचे। नगर में जगह-जगह श्याम भक्तों ने आपका पुष्पा हारों से स्वागत किया।



## लाला परमार ने मानवता की मिसाल पेशकी



**पिपलियामंडी।** स्थानीय नगर युवक कांग्रेस अध्यक्ष लाला परमार ने खोखरा निवासी कारुलाल का जीओ मोबाइल गांधी चौराहा पर गिर गया था। उक्त मोबाइल लाला परमार को मिला। मोबाइल बंद ना करते हुए लाला ने कारुलाल के मोबाइल आने का इंतजार किया और जैसे ही कारुलाल का फोन आया। लाला परमार ने दुकान बुलाकर उनको मोबाइल सौंपा। कारुलाल ने लाला को धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया।

## बड़वानी शहर के विभिन्न क्षैत्रों में विद्युत प्रदाय 4 मार्च को बंद रहेगी

**बड़वानी।** मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कनिष्ठ यंत्री शहर से प्राप्त जानकारी अनुसार 4 मार्च शुक्रवार को प्रातः 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक 11 केवी गोकुल नगर फिडर पर मेंटनेंस का कार्य किया जायेगा। उन्होने बताया कि इस कारण से शहर के आशाग्राम रोड, नार्थ एवेंन्यू, कुंदन नगर, साईनाथ कालोनी बी, अंजड नाका, गोकुल नगर, सेगाव, गंगा नगर, एकलव्य नगर, तिरूपति नगर, अभिनंदन नगर, अंजड रोड, राजघाट रोड, आनंद नगर, सावंतपुरम, मनोरम कालोनी, सावरियाधाम कालोनी, कलेक्टर कालोनी, जिला पंचायत कलोनी, बालपुर धाम, गुरूधाम, भव्य नगर, आरटीओ कार्यालय, करी पालीटेक्निक व आसपास के क्षेत्र में 4 मार्च को प्रातः 8 से दोपहर 12 बजे तक विद्युत प्रदाय बंद रहेगी।

## पंजीयन कार्यालय अवकाश के दिनों में भी खुले रहेंगे

**बड़वानी।** जनसामान्य को दस्तावेजों के पंजीयन कार्य में अधिक सुविधा देने एवं शासन के राजस्व को दृष्टिगत रखते हुये 31 मार्च तक की अवधि में होली अवकाश को छोड़कर समस्त सार्वजनिक अवकाशों (प्रत्येक शनिवार व रविवार सहित) जिला पंजीयन के कार्यालय एवं जिले के समस्त उप पंजीयक कार्यालय, पंजीयन एवं अन्य शासकीय कार्य हेतु खोले जायेंगे एवं सामान्य कार्य दिवसों की भांति रजिस्ट्रियां होगी।

## खाद्य विभाग द्वारा की गई कार्यवाही में जप्त चावल को कलेक्टर ने किया राजसात

**बड़वानी।** कलेक्टर डॉ. राहुल फटिंग ने आवश्यक वस्तु अधिनियम 1995 की धारा 6(ए) 2 में प्रदत शक्तियो का प्रयोग करते हुये खाद्य विभाग द्वारा पूर्व में सुनिधि इंटरप्राईजेस बरूफाटक में की गई कार्यवाही के दौरान जप्त 43695 किलोग्राम चावल शासन पक्ष में राजसात किया है।

# खनिज रेत के अवैध परिवहन/उत्खनन के प्रकरणों में 2 लाख 19 हजार 500 रुपए की शास्ति अधिरोपित

नगर प्रतिनिधि ▸▸ बड़वानी

कलेक्टर डॉ. राहुल हरिदास फटिंग जिला बडवानी द्वारा खनिज रेत के अवैध परिवहन/ उत्खनन के प्रकरणों में ट्रेक्टर-ट्राली के मालिकों के विरूद्ध 2 लाख 19 हजार 500 रुपए प्रशमन राशि सहित शास्ति अधिरोपित करने के आदेश जारी किए गए हैं।

प्रभारी खनिज अधिकारी घनश्याम धनगर द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के अनुसार 21 फरवरी 2023 को खनिज रेत के अवैध परिवहन की जांच के दौरान वाहन चालक/मालिक रुमालिया सोलंकी पिता बिकराम सोलंकी निवासी नलती से वाहन ट्रेक्टर नंबर एमपी 46ए3117 की एक ट्राली के संबंध में, मांगीलाल कन्नौजे पिता रतन कन्नौजे निवासी बडवानी से वाहन ट्रेक्टर एमपी 46ए5732 की एक ट्राली के संबंध में, संतोष गहलोत पिता जीवाजी गहलोत निवासी कल्याणपुरा से वाहन ट्रेक्टर नंबर एमपी 46 ए 1043 की एक ट्राली के संबंध में, जगदीश पिता रमेश निवासी कल्याणपुरा से वाहन ट्रेक्टर नंबर एमपी 46ए9786 की एक ट्राली के संबंध में, जगदीश भाटी पिता रमेश भाटी निवासी कल्याणपुरा से वाहन ट्रेक्टर नंबर एमपी 46ए9310 के संबंध में, रोहित पिता गनपत निवासी कल्यानपुरा से वाहन ट्रेक्टर नंबर एमपी 46ए9711 के संबंध में तथा २३ फरवरी को सागर अस्के पिता बद्री अस्के निवासी भूलगावं से वाहन ट्रेक्टर नंबर एमपी 46ए4321 के संबंध में खनिज रेत मात्रा 3 घन मीटर से संबंधित अभिवहन पारपत्र की मांग की गयी। वाहन चालक/मालिक द्वारा अभिवहन पारपत्र पेश नही किया गया। वाहन चालक/मालिक द्वारा किये गये कृत्य के लिए खनिज प्रावधान अनुसार संबंधित वाहन चालक/मालिका का वाहन ट्रेक्टर नंबर ट्राली को मय खनिज जप्त कर प्रकरण पंजीबद्ध किया गया।

कलेक्टर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों का मध्याप्रदेश खनिज नियम (अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डारण का निवारण) नियम 2022 में वाहन मालिक चालक रुमालिया सोलंकी पिता बिकराम सोलंकी निवासी नल्ती, मांगीलाल कन्नौजे पिता रतन कन्नौजे निवासी बडवानी, संतोष गहलोत पिता जीवाजी गहलोत निवासी कल्याणपुरा, जगदीश पिता रमेश निवासी कल्याणपुरा, जगदीश भाटी पिता रमेश भाटी निवासी कल्याणपुरा, सागर अस्के पिता बद्री अस्के निवासी भुलगावं, रोहित पिता गनपत निवासी कल्याणपुरा द्वारा प्रस्तुत जवाब के परिप्रेक्ष्य में सूक्ष्मता से अवलोकन किया गया।

प्रकरण में खनिज अधिकारी को निर्देशित किया गया कि उपरोक्त समस्त वाहन मालिक/चालक से अर्थदण्ड राशि 30625-30625 एवं प्रशमन राशि 1-1 हजार रुपए जमा हो जाने के पश्चात् एवं वैध दस्तावेज पेश करने के पश्चात जप्तशुदा वाहन ट्रेक्टर ट्राली को मय खनिज यदि किसी अन्य प्रकरण में वाहन की आवश्यकता न होने पर विधिवत मुक्त करने की विधि संगत कार्यवाही करें।



## बिजली विभाग के कनिष्ठ यंत्री ने बच्चों के साथ मनाया जन्मदिन

**बड़वानी।** शिक्षा जीवन के अंधकार को दूर करती है, शिक्षा हमें सत्य असत्य का फर्क समझा सकती । उक्त विचार बिजली विभाग में पदस्थ कनिष्ठ यंत्री श्री डीएस मंडलोई ने ग्राम करणपुरा के बच्चों के बीच अपना जन्मदिन मनाते हुए बच्चों से कहीं। श्री मंडलोई ने बच्चों में शिक्षा के प्रति लगाव व जागरूकता हेतु अपना जन्मदिन ग्रामीण क्षेत्र के ग्राम करणपुरा के विद्यालय के बच्चों के बीच मनाया। उन्होंने बच्चों से कहा कि शिक्षा ही वह साधन है जिससे हम शिक्षा ग्रहण कर कलेक्टर, डॉक्टर, इंजीनियर ,जज, वकील जैसा चाहे वैसा बन सकते। श्री मंडलोई ने अपने जन्मदिन के अवसर पर बच्चों को शिक्षण सामग्री वितरित की। जिससे बच्चे बहुत प्रसन्न दिखाई दिये। बच्चों के चेहरे पर खुशी देखकर मंडलोई स्वयं बहुत प्रसन्न दिखाई दिए। क्षेत्र में यह पहल अनोखी है शिक्षा के क्षेत्र में जागरूकता की दृष्टि से श्री मंडलोई का जन्मदिन मनाना आज सार्थक सिद्ध हुआ।

## नाबालिक साली के साथ 5 वर्षो तक दुष्कर्म करने वाले आरोपी जीजा को आजीवन कारावास

नगर प्रतिनिधि ▸▸ बड़वानी

न्यायाधीश विशेष न्यायालय (पाक्सो) बडवानी श्रीमती सारिका गिरी षर्मा ने पारित अपने फैसले मे आरोपी द्वारा नाबालिक लड़की के साथ दुष्कर्म करने के आरोप मे आरोपी को धारा 5एल/6 एवं धारा 5एन/6 लैंगिक अपराधों से बालको का संरक्षण अधिनियम 2012 में आजीवन कारावास एवं 1000-1000 रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। अभियोजन की ओर से पैरवी अतिरिक्त जिला अभियोजन अधिकारी बडवानी श्री दुष्यंतसिंह रावत द्वारा की गई।

अभियोजन मीडिया प्रभारी सुश्री कीर्ति चौहान सहायक जिला अभियोजन अधिकारी बड़वानी ने बताया घटना जुलाई 2017 की है, जब अभियोक्त्री की बड़ी बहन ड्युटी एवं भाई स्कूल चले जाता था तब अभियोक्त्री को उसका जीजा बोलता था कि मैं तुझे पसन्द करता हुॅं तथा तुझसे शादी करना चाहता हुॅं तब अभियोक्त्री ने अपने आरोपी जीजा से बोला कि तुम मेरी बहन के पति हो । मैं तुमसे शादी नहीं कर सकती फिर भी आरोपी अभियोक्त्री को रोज बोलता था। एक दिन जब अभियोक्त्री और अभियोक्त्री के जीजा (आरोपी) घर पर अकेले थे, तब आरोपी ने अभियोक्त्री को पकड़ लिया और अभियोक्त्री से बोलने लगा कि मैं तुझसे प्यार करता हुॅं और शादी करना चाहता हुॅं और अभियोक्त्री के साथ जबरदस्ती करने लगा ।

अभियोक्त्री ने मना किया तो बोलने लगा कि अगर तुने मना किया तो मैं तेरी बहन को तलाक दे दुंगा, फिर आरोपी ने अभियोक्त्री के साथ गलत काम (दुष्कर्म) किया और बोला कि अगर तुने किसी को बताया तो तुझे व तेरी बहन को जान से मार दुंगा। उसके बाद से जब-जब भी अभियोक्त्री और आरोपी घर में अकेले रहते थे, तब आरोपी अभियोक्त्री के साथ दुष्कर्म करता था।

आरोपी अभियोक्त्री को जान से मारने कि धमकी देता था। वर्ष 2018 में आरोपी ने अभियोक्त्री को शादी का झांसा दिया और बोला कि तु मेरे घर आजा अपन दोनो शादी कर लेगे । तब अभियोक्त्री के भाई को पता चल गया कि अभियोक्त्री आरोपी के घर जा रहीं है तो उसने अभियोक्त्री के पिता को फोन लगाकर बता दिया तो अभियोक्त्री के पिता ने अभियोक्त्री को रास्ते में ही रोक लिया। इसके बाद अभियोक्त्री के परिवार वालो को घटना का पता चला। इसके बाद भी सभी बड़वानी में साथ मे ही रहते थे, कुछ समय तक अभियोक्त्री के साथ उसके जीजा (आरोपी) ने साथ कुछ नही किया। 2019 में आरोपी फिर से धमकी व शादी का झांसा देकर अभियोक्त्री के साथ रोज दुष्कर्म करता था।

फरवरी माह में आरोपी की आजीविका मिशन में नौकरी लग गई तो आरोपी वहां रहने के लिए चला गया और अभियोक्त्री से शादी करने का झांसा देकर फोन पर बात करते थे तथा जब भी छुट्टी लेकर बड़वानी आता था, तब अकेले में अभियोक्त्री के साथ दुष्कर्म करता था। 2020 में लाकडाउन लग जाने से अभियोक्त्री व उसकी बहन और भाई गांव चले गए । आरोपी अभियोक्त्री को लगातार शादी करने का बोलकर अभियोक्त्री से फोन पर बात करता था। अप्रैल 2021 में आरोपी बड़वानी परीक्षा देने के लिए आया, तब जब अभियोक्त्री घर में अकेली थी तब आरोपी ने अभियोक्त्री से शादी करने का बोलकर अभियोक्त्री के साथ दुष्कर्म किया।

## बाबा जी द्वारा 86 वर्षों की तपस्या का फल आज सभी जन समुदाय को मिल रहा है

**मनावर।** श्री श्री 1008 श्री गजानन जी महाराज ( बाबाजी )अम्बिका आश्रम श्रीबालीपुर धाम मे दैनिक संध्या,जप, अनुष्ठान ,हवन और भक्तो के लिए भी समय भी देते थे।वर्ष भर भंडारा भी करते थे। बाबा जी की तर्ज पर श्री श्री योगेश जी महाराज एवम सुधाकर जी महाराज भी उक्त कर्मों को संपादित करते है। बाबाजी की तपस्या से ही आज जन समुदाय को फल मिल रहा है। जो भी भक्त बाबाजी को ढोक देता है ,उनकी मनोकामना पूर्ण हो जाती है।दिनांक 6 मार्च को "बाबा जी का जन्मोत्सव " बड़ी धूमधाम से मनाने का संकल्प लिया है। दैनिक हवन , पूजा करने के पश्चात सुबह 10 बजे "बाबाजी की पालकी " की शोभा यात्रा निकाली जाएगी। उसके पश्चात भंडारा प्रारंभ हो जाएगा। उल्लेखनीय है कि पूर्व की की भांति इस वर्ष भी जन्मोत्सव कार्यक्रम के संबंध मे बैठक मे लगभग 200 गांवो को आमंत्रित किया । कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य चंचल पाटीदार ,गणेश जर्मन,भाजपा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य जयदीप पटेल, निसरपुर मण्डल अध्यक्ष देवेन्द्र पाटीदार, राधेश्याम मुकाती,सोहन सोलंकी, राधेश्याम मोलविया, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष दीपक चौहान ,दिनेश सारण ,कपिल सोलंकी ने भी जन्मोत्सव एवम व्यवस्थाओ के संबंध मे ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए। बैठक मे सभी गांव के भक्तगण उपस्थित हुए। उक्त बैठक में सभी गांवो के सदस्य उपस्थित हुए।

## नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर व सभापति मेव ने श्री खिड़की माता मेला स्थल का निरीक्षण किया

**मन्दसौर।** आगामी १४ मार्च को शीतला सप्तमी पर्व के अवसर पर नपा परिषद मंदसौर के द्वारा खिड़की माता मेला आयोजन किया जाना है। जिसको लेकर नपाध्यक्ष रमादेवी बंशीलाल गुर्जर व सभापति शाहीद मेव ने श्री खिडकी माता मेला परिसर का निरीक्षण किया।
निरीक्षण के अवसर पर नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर ने नपा अधिकारियों से कहा कि वे खिड़की माता मेला स्थल की सफाई का कार्य शुरू करें साथ ही यहां पेयजल संबंधी आवश्यक रूप से की जाये। शिवना नदी पर गोताखोर की व्यवस्था हो इसके लिये होमगार्ड प्रशासन से सम्पर्क करे। इस दौरान हूडको डायरेक्टर बंशीलाल गुर्जर, सीएमओ सुधीर कुमार सिंह, नपा कार्यपालन अधिकारी यंत्री पीएस धारवे, पूर्व नपा उपाध्यक्ष सुनिल जैन महाबली, रामेश्वर मकवाना, पार्षद शहजाद पटेल, नपा के जाकिर भाई, मेला लिपिक राजेन्द्र नीमा भी साथ थे।

## महंगाई के खिलाफ नगर कांग्रेस का हल्लाबोल, मंहगाई का पुतला जलाकर किया विरोध



**नारायणगढ़।** केंद्र की मोदी सरकार व प्रदेश की शिवराज सिंह जी की सरकार आमजन के जेबो पर डाका डालने का काम कर रही है। शुक्रवार को नगर कांग्रेस कमेटी ने बढ़ती हुई मंहगाई के विरोध में जमकर नारेबाजी की व राज्यपाल के नाम का ज्ञापन तहसीलदार संजय मालवीय को सौपा। ज्ञापन का वाचन करते हुवे नगर कांग्रेस अध्यक्ष दिलीप यादव ने कहा कि जनता मंहगाई,बेरेजगारी से पहले ही त्रस्त है ओर हाल ही में घरेलू रसोईगैस पर 50 रुपये व व्यासायिक गैस पर 350 रुपये प्रति सिलेंडर महंगा करके सरकार ने गरीबो, मजदुरो व मध्यमवर्गीय का खाना महंगा कर दिया है।पेट्रोल डीजल, खाद्यतेल दालों पर पहले से ही मंहगाई की मार है,भाजपा की यह सरकार जनता का आर्थिक शोषण करने पर आमादा है।रसोईगैस व अन्य चीजों पर कीगई बेहताशा मूल्य वृद्धि को सरकार तुरन्त वापस ले अन्यथा कांग्रेस जन सड़को पर उतरकर आंदोलन करेंगे। विरोध प्रदर्शन को कांग्रेसनेता परशुराम सिसौदिया,मल्हारगढ़ ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अनिल शर्मा,कांग्रेसनेता विजेश मालेचा, ब्लॉक कांग्रेस उपाध्यक्ष अजित कुमठ,बलवंत पाटीदार,आदि ने संबोधित किया। इस मौके पर जिला कांग्रेस के महाजमन्त्री रामचन्द्र करुण, सुन्दरलाल परिहार,राहुल अहीर,विनोद मुंदड़ा,सोनू आर्य,पिपलीया नगर कांग्रेस अध्यक्ष रामप्रसाद फरक्या,अनिल मुलासिया सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद जावरा जिला रतलाम ( म.प्र. )

**क्रमांक 5885/ई-टेण्डर/जल प्रदाय/2023** **जावरा दिनांक 03.03.2023**

### निविदा सूचना

नगर पालिका परिषद जावरा द्वारा 25 लेबर ठेके पर रखने हेतु https://mptenders.gov.in पर ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की गई है। निविदा का विवरण निम्नानुसार है।

| टेंडर नं. | टेंडर आई.डी. | कार्य का नाम | दर प्रस्तुत करने का विवरण | अनुमानित लागत | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5886 | 2023_UAD_257615_1 | मलेनी नदी के अंदर चेनल बनाकर पानी को इंटकवेल तक लाने एवं श्यामला घाट पर मोटरपम्प चलाने तथा कोडिया कुंडी, करणखेड़ी, कालाभाटा आदि स्थानों पर मोटरपंप चलाने का कार्य करने हेतु 25लेबर ठेके पर रखना। | प्रति लेबर प्रतिदिन के मान से | 10.00 लाख | 10000/- | 2000/- | 04 माह |

**नोट-** 1. आनलाईन निविदा प्रकाशन दिनांक 03.03.2023।
2. बिड सबमिशन दि. 04.03.2023 प्रातः 11.00 बजे से दिनांक 18.03.2023 अपरान्ह 5.30 बजे तक की जा सकेगी।
3. ऑनलाईन निविदा खोलने का दिनांक 20.03.2023 समय प्रातः 11.00 बजे।
4. यह संक्षिप्त निविदा सूचना है एवं विस्तृत निविदा प्रपत्र की समस्त शर्ते बंधनकारी होगी।
5. विस्तृत निविदा सूचना का प्रकाशन वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।
6. निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन केवल वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर ही प्रकाशित किया जावेगा।

**( दुर्गा बामनिया )** मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद, जावरा
**( सुशील कोचट्टा )** उपाध्यक्ष, नगर पालिका परिषद, जावरा
**( अनम मो. युसूफ कड़पा )** अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद, जावरा

**बेटी है तो कल है। बेटी बचाओ वंश बचाओ**



## कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग खंड-नीमच ( म.प्र. )

**दूरभाष क्रमांक 07423-230192, फेक्स- 07423-224655 ई-मेल- eephednee@mp.nic.in**

### निविदा आमंत्रण सूचना

**जावक क्रमांक 324** **दिनांक 21.02.2023**

निम्न लिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदाएं म.प्र. गोर्वमेंट ई-प्रक्योरमेंट सिस्टम की वेबसाईट https://mptenders.gov.in/nicgep/app पर निम्नानुसार आमंत्रित है।

**कार्य का विवरण-** नीमच जिले के विकासखंड नीमच, जावद एवं मनासा के विभिन्न ग्रामों में 150 मि.मी. व्यास के 10 एवं 125/115 मि.मी. व्यास के 04 सफल नलकूपों का खनन, जल आवक क्षमता की जांच नलकूप के जल परीक्षण कराने सहित सम्पूर्ण कार्य। (बिल ऑफ क्वांटिटी अनुसार सम्पादित करना)

| निविदा सूचना क्रमांक/दिनांक | टेण्डर आई.डी. | निविदा में नलकूपों की संख्या | विकासखंड का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (रु.लाख में) | निविदा की धरोहर राशि (रुपये में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपये में) | निविदा क्रय/प्रस्तुत करनेकी अंतिम तिथि | कार्य पूर्ण करने की समयावधि (वर्षाकाल सहित) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. | 8. | 9. |
| 34/2022-23 20.02.2023 | 2023_PHED_254105_1 | 14 | नीमच | 16.71 | 33420/- | 2000/- | 10.03.2023 | 60 दिवस |
| 35/2022-23 20.02.2023 | 2023_PHED_254134_1 | 14 | नीमच | 16.71 | 33420/- | 2000/- | 10.03.2023 | 60 दिवस |
| 36/2022-23 20.02.2023 | 2023_PHED_254151_1 | 14 | नीमच | 16.71 | 33420/- | 2000/- | 10.03.2023 | 60 दिवस |
| 37/2022-23 20.02.2023 | 2023_PHED_254166_1 | 14 | नीमच | 16.71 | 33420/- | 2000/- | 10.03.2023 | 60 दिवस |
| 38/2022-23 20.02.2023 | 2023_PHED_254226_1 | 14 | जावद | 16.71 | 33420/- | 2000/- | 10.03.2023 | 60 दिवस |
| 39/2022-23 20.02.2023 | 2023_PHED_254266_1 | 14 | जावद | 16.71 | 33420/- | 2000/- | 10.03.2023 | 60 दिवस |
| 40/2022-23 20.02.2023 | 2023_PHED_254370_1 | 14 | जावद | 16.71 | 33420/- | 2000/- | 10.03.2023 | 60 दिवस |
| 41/2022-23 20.02.2023 | 2023_PHED_254397_1 | 14 | जावद | 16.71 | 33420/- | 2000/- | 10.03.2023 | 60 दिवस |
| 42/2022-23 20.02.2023 | 2023_PHED_254407_1 | 14 | मनासा | 16.71 | 33420/- | 2000/- | 10.03.2023 | 60 दिवस |
| 43/2022-23 20.02.2023 | 2023_PHED_254426_1 | 14 | मनासा | 16.71 | 33420/- | 2000/- | 10.03.2023 | 60 दिवस |
| 44/2022-23 20.02.2023 | 2023_PHED_254441_1 | 14 | मनासा | 16.71 | 33420/- | 2000/- | 10.03.2023 | 60 दिवस |
| 45/2022-23 20.02.2023 | 2023_PHED_254455_1 | 14 | मनासा | 16.71 | 33420/- | 2000/- | 10.03.2023 | 60 दिवस |

निविदा का क्रय केवल ऑनलाईन द्वारा उपरोक्त वेबसाईट पर केश कार्ड, ए.टी.एम. कम डेबिट कार्ड अथवा इंटरनेट बैकिंग के माध्यम से किया जा सकता है। उपरोक्त निविदा के सम्पूर्ण कार्य की लागत रुपये 200.52 लाख (रुपये दो करोड़ बावन हजार मात्र) है। निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन वेबसाईट पर देखा जा सकता है। संशोधन पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा। विस्तृत निविदा एवं अन्य शर्ते उपरोक्त वेबसाईट पर देखी जा सकती है।

**जी-23832/22**

**कार्यपालन यंत्री,**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग खंड नीमच म.प्र.**

# इच्छाओं से भरा मन



सफलता के विषय में लोगों के मन में बहुत गलतफहमी है। सभी सोचते हैं कि सफलता कोई लक्ष्य है, जो दूर कहीं रखा है, उस तक हमें पहुंचना है और हर हाल में उसको हासिल करना है। लेकिन इस सोच के कारण सफलता सही मायने में मिलती नहीं है। जब हम लक्ष्य पर पहुंचते हैं, तो वह इतना आकर्षक नहीं मालूम होता, जितना कल्पना में था। मार्शल आर्ट में जो तीरंदाजी सिखाई जाती है, उसे देखकर ऐसा लगता है कि लक्ष्य पर तीर चलाना सफलता की निशानी है, लेकिन एक प्रशिक्षक का कहना बिल्कुल उलटा है। वे कहते हैं, तीर कहां पहुंचता है, इसकी फिक्र मत करो, तीरंदाज किस स्थिति में है, यह महत्वपूर्ण है। अगर तीरंदाज संतुलित, शांत, स्थिर है, तो तीर गंतव्य पर पहुंचेगा ही। उसकी चिंता न करें। इस पृष्ठभूमि में चीन के महानतम गुरुओं में से एक च्वान्त्जु के ये सूत्र बहुत उपयोगी होंगे। वह कहते हैं, जब एक तीरंदाज अपनी मौज के लिए शूटिंग कर रहा होता है, तब उसके पास उसका पूरा कौशल होता है, वह आत्मविश्वास से भरपूर होता है, लेकिन अगर वह कोई पदक पाने के लिए तीर चलाता है, तो वह पहले से ही घबराया हुआ है; अगर वह स्वर्ण पदक के लिए तीर चला रहा है, तो वह बिल्कुल अंधा हो जाता है, या दो लक्ष्य देखता है। वस्तुतः उसका कौशल नहीं बदला है, लेकिन पुरस्कार की आशा उसे विभाजित करती है। वह जीतने के बारे में अधिक सोचता है, शूटिंग के बारे में कम। यह जीतने की जरूरत उसे वर्तमान से बाहर कर देती है। इस पर ओशो की टिप्पणी लाजवाब है। वह कहते हैं, यदि मन सपनों से भरा है, तो आप यथार्थ को ठीक से देख नहीं सकते; यदि हृदय इच्छाओं से भरा है, तो आप जीवन का सही अनुभव नहीं कर सकते। आपकी आंखें धुंधली हो जाती हैं। इच्छाएं, आशाएं और सपने भविष्य में ले जाते हैं। भविष्य आपको परेशान करता है, लेकिन सच यही है कि जो कुछ भी है, वह सब वर्तमान में है, जिसे आप देखकर भी देख नहीं पाते; आप सुनते हैं, फिर भी चूक जाते हैं; आप अनुभव करते हैं, लेकिन भाव उथला है, वह गहरा नहीं हो सकता।



## सम्पादकीय

### बीजेपी की खुशी

पूर्वोत्तर के तीन राज्यों- त्रिपुरा, नगालैंड और मेघालय- के विधानसभा चुनावों के नतीजे कुल मिलाकर बीजेपी के लिए संतुष्टि और विपक्ष के लिए निराशा का ही सबब बनते दिख रहे हैं। तीन में से दो राज्यों, नगालैंड और त्रिपुरा में उसे सफलता मिली। मेघालय में, जैसा कि एग्जिट पोल में भी कहा गया था, किसी को स्पष्ट बहुमत नहीं मिला। पूर्वोत्तर के इस जनादेश की अलग-अलग तरह से व्याख्या की जा सकती है, लेकिन एक तथ्य जिस पर कोई सवाल नहीं उठाया जा सकता, वह यह है कि बतौर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इन राज्यों को जितनी तवज्जो दी, उतनी शायद ही किसी और पीएम ने दी हो। न सिर्फ डिवेलपमेंट प्रॉजेक्ट्स पर ध्यान दिया गया बल्कि नॉर्थ-ईस्ट केंद्र सरकार की प्राथमिकता में है, इसका हर संभव तरीके से एहसास कराया गया। बहरहाल, इन चुनाव परिणामों का राष्ट्रीय राजनीति पर वैसे तो कोई खास असर नहीं होना है, लेकिन त्रिपुरा पर जरूर सबकी नजरें लगी हुई थीं। पिछले विधानसभा चुनाव में बीजेपी ने वहां ढाई दशक से लगातार सत्ता पर काबिज लेफ्ट फ्रंट को पराजित कर सरकार बनाई थी। इस बार जहां विपक्ष अपने इस खोए हुए दुर्ग पर वापस कब्जा करना चाहता था, वहीं बीजेपी के लिए चुनौती थी कि वह अपनी जीत को टिकाऊ साबित करे।

लेफ्ट फ्रंट और कांग्रेस ने गठबंधन कर बीजेपी को सत्ता से बाहर करने का साझा संकल्प जाहिर किया तो वृहत टिपरालैंड की मांग को लेकर गठित हुए क्षेत्रीय दल टिपरा मोथा ने लड़ाई को तिकोना बना दिया था। लेकिन चुनावों को लेकर बीजेपी किस कदर चुस्त चौकन्नी रहती है और कैसे विपक्ष इस मोर्चे पर उसके आसपास भी नहीं ठहरता, यह बात त्रिपुरा में मतगणना के दिन एक बार फिर साफ हो गई। शुरूआती रुझानों में प्रचंड बहुमत हासिल करती दिखने के बाद जब बीजेपी की सीट संख्या नीचे खिसकती हुई 24 तक पहुंच गई, तब ऐसा लगने लगा कि करीब 15 सीटों के साथ टिपरा मोथा किंगमेकर की भूमिका में आ जाएगी।

## सरकारी तैयारियों का मास्टर स्ट्रोक

# गर्मी के अनुमानित भयावह तेवर

वर्ष 1987 में रिलीज हुई हिंदी पिक्चर फिल्म सिंदूर का आनंद बख्शी द्वारा लिखा गया गीत पतझड़ सावन बसंत बहार एक बरस के मौसम चार हमने सुने हैं जो सृष्टि की सदियों पुरानी संस्कृति थी। परंतु आज वैश्विक स्तर पर जलवायु परिवर्तन के दुष्परिणामों से पूरी दुनिया विपदाओं से घिरी हुई है। एक जमाना था जब गर्मी सर्दी बारिश का मौसम चार चार महीनों में समय पर बदलता था परंतु शायद हम मानवीय मनमानी और भूलों के ही कारण जलवायु परिवर्तन के रूप में हमें दिख रहा है। अब इन तीनों मौसमों का अंदाज ही बिगड़ गया है। कब कौनसा मौसम कैसा भर आएगा पता नहीं चलता। बस कुदरत का कहर मानकर चला जा रहा है, परंतु आज अब मानवीय सजगता का ही फल है कि जलवायु परिवर्तन पर पेरिस समझौता हुआ है। हम इस दिशा में तीव्रता से आगे बढ़ रहे हैं आने वाले जलवायु परिवर्तनों की विपत्ति का पूवार्नुमान कर हम उसके लिए अलर्ट हो जाते हैं। जैसा कि भारत में दिनांक 28 फरवरी 2023 को केंद्र सरकार के सचिव ने सभी राज्यों को गर्मी से बचने एडवाइजरी अलर्ट जारी किया है।इस बार मौसम का अंदाज बदला-बदला सा नजर आ रहा है और गर्मी के तेवर अभी से दिखने लगे हैं। अभी से तापमान 33 डिग्री तक पहुंच चुका है और फरवरी का मौसम अप्रैल जैसा अहसास दिला रहा है। इससे अनुमान है कि इस बार गर्मी जमकर कहर मचाएगी और लोगों को खूबझुलसाएगी। गर्मी के मौसम में होने वाली बीमारियों के संबंध में आज केंद्र सरकार ने एडवाइजरी भी जारी कर दी है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, गर्मी के अनुमानित कहरी तेवर बनाम सरकारी तैयारियों का मास्टर स्ट्रोक।



किशन सनमुखदास
(दैनिक अवन्तिका)

अगर हम केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव द्वारा जारी एडवाइजरी की करें तो उन्होंने मंगलवार को सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों और प्रशासकों को गर्मी से संबंधित बीमारियों पर दैनिक निगरानी के संबंध में पत्र लिखा है। इसे 1 मार्च से लागू किया गया है। इसमें उन्होंने लिखा है - 1 मार्च, 2023 से सभी राज्यों और जिलों में राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन और मानव स्वास्थ्य कार्यक्रम (एनपीसीसीएचएच) के तहत गर्मी से संबंधित बीमारियों को लेकर दैनिक निगरानी एकीकृत स्वास्थ्य सूचना मंच (आईएच आईपी) आयोजित की जाएगी। गर्मी के मौसम से पहले कुछ स्थानों पर तापमान में असामान्य बढ़ोतरी के बीच, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को गर्मी से निपटने के लिए अलर्ट जारी किया है। ऐसा पहली बार हुआ है कि फरवरी के महीने में भीषण गर्मी से बचने के लिए सरकार को एडवाइजरी जारी करनी पड़े। चिट्ठी में कहा गया है कि भारत के कई हिस्सों में अभी से ही सामान्य तरीके से तापमान बढ़ गया है, ऐसे में सरकार के नेशनल क्लाइमेट चेंज प्रोग्राम के मद्देनजर डाटा इकट्ठा किया जाए, कि किस राज्य और किस जिले में कितने लोग गर्मी के शिकार होकर बीमार पड़ रहे हैं, या फिर जान गवां सकते हैं। उसके अलावा अस्पतालों से कहा गया है कि गर्मी से होने वाली बीमारियों को देखते हुए जरूरी दवाओं का स्टॉक, ओआरएस के पाउच, और बाकी सामानों को अस्पताल में पर्याप्त मात्रा में इकट्ठा कर लिया जाए।गर्मी से होने वाली बीमारियों की सर्विलांस देशभर में करने के लिए कहा गया है। सरकार ने गर्मी से बचने के लिए आम लोगों के लिए भी एडवाइजरी जारी की है उसमें हेल्पलाइन नंबर 108 और 102 भी जारी किए गए हैं ताकि किसी भी इमरजेंसी हालात में इन नंबरों पर संपर्क किया जा सके।

अगर हम एडवाइजरी के अनुसार गर्मी से बचने के लिए क्या करना है क्या नहीं करना है की करें तो, गर्मी से बचने के लिए क्या करें - दिनभर में खूब पानी पीएं, चाहे प्यास न भी लग रही हो, तब भी पानी पीते रहें।शरीर को डिहाइड्रेट न होने दें।सफर करते वक्त पीने का पानी साथ में जरूर रखें।ओरल रीहाइड्रेशन सोल्यूशन (ओआरएस) का उपयोग करें। साथ ही नींबू पानी, छाछ, लस्सी और फलों के जूस जैसे घर पर बनीं ड्रिंक्स का सेवन भी करें। मौसमी फलों जैसे- तरबूज, खरबूज, संतरा, अंगूर, अनन्नास, खीरा, लेटस आदि को जरूर खाएं।हल्के रंग के ढीले और सूती कपड़े ही पहनें।घर से बाहर जाते समय सिर को छाते, हैट, टोपी, तौलिए से ढकें और सीधे धूप सेबचाएं। घर से बाहर जाते वक्त चप्पल या जूते पहनेंजितना हो सके घर, ऑफिस या ऐसी जगह जो वेंटिलेटेड हो और ठंडी हो, वहीं रहें। दिन में खिड़की और दरवाजों को बंद रखें और पर्दे लगाएं।इन्हें रात को खोलें। बाहर सिर्फ सुबह जल्दी या फिर रात को ही निकलें बुजुर्गों, बच्चों, गर्भवती महिलाओं को गर्मी में बाहर न निकलने दें। क्या नहीं करें - दिन में 12 बजे से 3 बजे तक धूप में बाहर न निकलें।दोपहर में ऐसा काम न करें जिसमें ज्यादा मेहनत लगे।नंगे पैर बाहर न निकलें। तेज गर्मी में खाना पकाने का काम न करें. किचन की खिड़कियां और दरवाजे खोलकर रखें ताकि वेंटिलेशन रहे।हाईप्रोटीन फूड्स और बासी खाने के सेवन से बचें शराब चाय कॉफी और सॉफ्ट ड्रिंक्स का सेवन ज्यादा न करें। बच्चों और पालतू जानवरों को पार्क की हुई गाड़ी में न छोड़ें।

अगर हम जनता को दी गई एडवाइजरी करें तो, इन बातों का करें पालन - खाना पकाने की जगह को पर्याप्त रूप से हवादार रखने के लिए दरवाजे और खिड़कियां खोलें। शराब, चाय, कॉफी और कार्बोनेटेड शीतल पेय या बड़ी मात्रा में चीनी वाले पेय से बचें क्योंकि ये शरीर के अधिक तरल पदार्थ को नुकसान पहुंचाते हैं या पेट में ऐंठन का कारण बन सकते हैं। अधिक प्रोटीन वाले भोजन से परहेज करें और बासी भोजन न करें। वाहन के अंदर का तापमान खतरनाक हो सकता है।

## मन की बात

# बस मरता एक बार है...

एक मास्टर जी जिंदगी भर पढ़ाने के लिए तरसते रहे। तरसते-तरसते इस दुनिया को अलविदा कह गए। मरते समय उन्होंने एक चिट्ठी लिखी थी। वही उनकी अंतिम निशानी और इच्छा थी। उसमें उन्होंने लिखा -

मैं जब मर जाऊँ तो नाक के पास अंगुली लगाकर एक बार देख लेना कि कहीं जीवित तो नहीं हूँ। हाँ यह सब जेब देखने के बाद भी कर सकते हो। मतलब के बाद ही बेमतलब की चीजें करने में समझदारी समझी जाती हैं। मेरी सांसें मोहताज थी किसी की, उसे लेने में कोई शर्म नहीं है और न मुझे देने में। हाँ जेब की चीजें खुद से नहीं दे सकता। एटीएम कार्ड पड़ा है। निकाल लेना। तुरंत जाकर पिन झ एक तेरह सात दबा देना। वहीं से तुम्हारा मेरा साथ खत्म हो जाएगा। मुझे पैसों की चिंता नहीं है। चिंता तो मेरी चिता की है। एक अंतिम इच्छा है। हो सके तो पूरा कर देना।



डॉ. सुरेश मिश्रा
(दैनिक अविन्तका)

मेरे शव को दफनाते समय कफन की बजाय पुराने नोटबुक के कागज, पत्र-पत्रिका के पन्नों से मुझे ओढ़ा देना। कम से कम पढ़ने-लिखने के काम तो आयेंगे। कपड़े का क्या है। चिता को छू जाए तो कफन बन जाता है और जीते जी किसी भूखे-नंगे के बदन को ढक दे तो लाज बनकर शान बन जाता है। कम से कम इसी बहाने जाते-जाते कुछ बच्चों को मुस्कुराने का अवसर तो दूँगा। मैं न मुस्कुरा सका तो क्या हुआ, दुनिया में लाखों रुलाने वालों की तरह मैं उनकी गिनती में शामिल होने से बच जाऊँगा। यही एक पुण्य काफी है इस पापी दुनिया से बच बचाकर निकलने का। मुझे मिट्टी में मत दफनाना। वहाँ बड़ी घुटन होगी। जब तक जमीन पर था अधिकारियों की इसी घुटन का शिकार हुआ। अब सांसे तो क्या घुटना भी घुटने के लिए तैयार नहीं है। मिट्टी में कीड़े-मकौड़े होते हैं। यह धीरे:धीरे शरीर खा जाते हैं। यह उनकी आदत है, जबकि अधिकारियों की इनके विपरीत जल्दी-जल्दी खाने की होती है। इस मामले में कीड़े-मकौड़े बेहतर हैं।

हो सके तो शव के साथ एक बस्ता धर देना जिसमें पेंसिल, रबड़, छिलनी के साथ-साथ ऐनक भी हो। सबसे जरूरी मोबाइल रखना बिल्कुल मत भूलना। हो सके तो एक साल का रिचार्ज करवा देना। वरना उबिया जाऊँगा। मैं आप लोगों के हाथ जोड़ता हूँ और पैर पड़ता हूँ कि मुझ पर फूल माला पहनाने की गलती भूल से भी मत करना। जीते जी जितनी फूलमालाएँ पहनीं सब की सब स्वार्थियों ने अपने स्वार्थ साधने के लिए पहनायीं। ये फूलमालाएँ कब से इन स्वार्थियों के बिचौलिए बन गए, पता ही नहीं चला। इनसे तो घिन्न आने लगी है। हाँ मुझे तिलक लगाने जैसे दकियानूसी ढोंगों से बचा लेना। जीते जी इतने तिलक लगा चुका हूँ कि दुनिया को मास्टर कम बलि का बकरा ज्यादा लगा हूँ।

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 04 मार्च 2023 शनिवार
सूर्योदय - 07:50 सूर्यास्त 18:30
फाल्गुन मास शुक्ल पक्ष
राहुकाल- 09:00 से 10:30 तक
तिथि - द्वादशी 12:22 उपरांत त्रयोदशी
नक्षत्र - पुष्य 19:52 उपरांत अश्लेषा
योग - शोभन 20:00 उपरांत अतिगंड
करण - बालव
चन्द्र- दिन पूर्ण कर्क मे हैं ।
मुस्लिम - सावान मास 11 तारिख

**मेष-** मन प्रसन्न रहेगा। धैर्यशीलता में वृद्धि होगी। फिर भी बातचीत में सन्तुलित रहें।

**वृषभ-** माता का सानिध्य मिलेगा। कारोबार विस्तार के लिए पिता से धन मिल सकता है।

**मिथुन-** मन शान्त तो रहेगा, परन्तु आत्मविश्वास में कमी रहेगी। कारोबार में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है।

**कर्क-** आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति भी हो सकती है। क्रोध पर नियंत्रण बनाकर रखें।

**सिंह-** आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे, परन्तु मन कुछ परेशान भी हो सकता है। नौकरी में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं।

**कन्या-** कार्यक्षेत्र में वृद्धि होगी। सेहत का ध्यान रखें। आय के नए स्त्रोत विकसित होंगे।

**तुला-** आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं।

**वृश्चिक-** आय में वृद्धि होगी। स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। अनावश्यक खर्चों में वृद्धि से चिंता बढ़ सकती हैं।

**धनु-** मन प्रसन्न रहेगा। वाणी के प्रभाव में वृद्धि होगी। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर-** किसी मित्र के सहयोग से आय के साधन बन सकते हैं। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। उच्चाधिकारियों का सहयोग रहेगा।

**कुंभ-** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। आलस्य की अधिकता रहेगी। नौकरी में कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां आ सकती हैं।

**मीन-** कार्यक्षेत्र में परिवर्तन भी हो सकता है, परन्तु आय में वृद्धि होगी। विदेश यात्रा पर जाना हो सकता है।

-पं. पुरुषोत्तम शिवनारायण शर्मा
(भरदीवाले) 9926034545

## समसामयिक

# ईडी की दस्तक से ऊँचा हुआ मस्तक

पड़ोस के पांडे जी का डॉगी बहुत दिनों से परेशान कर रहा था। हमारे यहाँ आने वाले हर मेहमान पर भोंकना उसकी एक आदत सी बन गई थी। पांडे जो जब कभी उसे खुला छोड़ते तो झपटने की कोशिश भी करता था। उसके हर कभी भोंकने से मोबाइल पर बात करना मुश्किल होता था। पांडे को समझाने की हमारी सारी कोशिश नाकामयाब रही। बड़ी पंहुच वाले है। तालाब में रह कर मछली से बैर तो नहीं किया जा सकता। एक दिन हमने गुस्से में कुत्ते पर एक व्यंग्य लिख डाला और भेज दिया अखबार में छपने । गुस्से में लिखा व्यंग्य कुछ ज्यादा ही तीखा हो जाता है। एक व्यंग्य लेखक व्यंग्य के बहाने अपनी भड़ास निकालने के सिवा और कर भी क्या सकता है। हमारे व्यंग्य जिस अखबार में छपते थे वही अखबार पांडे जी अपने घर बुलवाते थे। व्यंग्य पढ़ वे समझ तो गए कि यह हमें निशाना बनाकर लिखा गया है , पर बोले कुछ नहीं। पर मन ही मन खार खाए बैठे थे। शायद मौके की तलाश में थे।



यशवंत गोरे(दैनिक अवन्तिका)

शहर की एक संस्था ने हमें बुलाकर हमारा सम्मान किया था , जिसकी खबर स्थानीय अखबार में हमारी तस्वीर के साथ छपी थी, तस्वीर में आयोजक हमें एक लिफाफा सम्मान राशि का देते हुवे दिख रहे है। पांडे जी ने यह खबर पढ़ ली थी। मार्निग वाक पर निकले तो पांडे जी से सामना हो गया, चेहरे पर कुटिल मुस्कान देते हुवे हमें बधाई दे डाली।

रात में दो- तीन व्यंग्य लिखकर सुबह -सुबह सोने बिस्तर पर गए थे , कि दरवाजे की घंटी बजी। हमें आश्चर्य हुआ कि इतने सवेरे कौन होगा? किसी मेहमान के आने की कोई सूचना भी नहीं थी। दरवाजा खोला तो सामने तीन- चार लोग खड़े थे , अधिकारी लग रहे थे। उन्होंने अपना परिचय दिया ' हम ईडी से आये है , आपके घर की तलाशी लेना है ' हमें शिकायत मिली है कि आपके पास आय से ज्यादा सम्पति है। हमने गिड़गिड़ाते हुवे कहा -' आपको कोई गलतफहमी हुई है , हम तो सेवानिवृत बैंक कर्मचारी है। यह मकान भी बैंक से लोन लेकर ही बनाया है , अभी तो उसकी किस्त भी पूरी नहीं हुई है। हमारा कोई रिश्तेदार भी राजनीति में नहीं है। हम मराठी भाषी जरूर है पर हमारा महाराष्ट्र के शिवसेना के किसी भी गुट के किसी नेता से कोई रिश्तेदारी नहीं है। पर वे कहां मानने वाले थे। वे बोले 'हमें तलाशी लेनी है , अलमारियों की चाबियां हमें दे दो। हमने चाबियाँ सौंप दी। हमारी अलमारी में हमारे एक शादी के सूट के अलावा कुछ कपडे और थे। पिछले कुछ वर्षों में सम्मान समारोहों में मिली कुछ शालें जरूर ज्यादा थी । दूसरी अलमारी में पुराने अखबारों की कटिंग और पत्रिकाएं थी जिनमें हमारी रचनाएँ छपी थी। साहित्यिक मित्रों द्वारा भेंट की उनकी कुछ पुस्तकें थी। इसके अलावा उन्हें कुछ नहीं मिला। श्रीमती जी की अलमारी की तलाशी में रिश्तेदारों की ओर से उन्हें शादियों में मिली साड़ियां , कुछ सूट , सोने जैसे दिखने वाले कुछ नकली आभूषण के अलावा वह लिफाफा मिला जो हमें सम्मान में मिला था , जिसे हमने आदर पूर्वक श्रीमतीजी को सौप दिया था।

हमें समझ में आ रहा था कि यह खेल पांडे ने ही खेला है। उन्होंने ही हमारी शिकायत ईडी से की होगी। छापे की खबर पुरे शहर में आग की तरह फैल गई। कुछ लोगों ने चोरी-छिपके वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिए। मित्रों , रिश्तेदारों , परिचितों का पूछताछ के लिए आने - जाने वालों का सिलसिला शुरू हो गया। कोई फोन करके जानकारी ले रहा था , कोई मेसेज डाल कर पूछ रहा था। ऐसे लोग भी थे जिन्होंने पिताजी के निधन पर भी व्हाट्सएप पर संवेदना भेजकर औपचारिकता पूरी कर ली थी , पर अब घर आकर सहानुभूति दिखा रहे थे।

हमें समझ में नहीं आ रहा था कि ईडी द्वारा हमारे यहाँ छापा डालने से हमारी बेइज्जती हुई है या इससे हमारा मस्तक ऊँचा हुआ है। ईडी का छापा पड़ना एक मामूली आदमी के लिए मामूली घटना नहीं है।

# कोलेस्ट्रॉल-चर्म रोग का दुश्मन है लहसुन का तेल

खाने बनाने में विभिन कच्चे मसाले इस्तेमाल होते हैं और सभी मसालों का अपने अलग-अलग स्वाद और फायदे हैं। लहसुन भी एक ऐसा ही गजब का कच्चा मसाला है, जो सिर्फ न खाने का जायका बढ़ाता है बल्कि अपनी औषधीय गुणों की वजह से कई स्वास्थ्य समस्याओं का खत्म करने की क्षमता भी रखता है। लहसुन की तरह लहसुन का तेल भी कई गुणों का खजाना है। फैट टू स्लिम की डायरेक्टर और न्यूट्रिशनिस्ट एंड डाइटीशियन शिखा अग्रवाल शर्मा के अनुसार, लहसुन के तेल में एंटीबैक्टीरियल, एंटीपैरासिटिक और एंटीफंगल गुण पाए जाते हैं, जिस वजह से यह तेल त्वचा, बालों और स्वास्थ्य संबंधी कई समस्याओं को सही कर सकता है। चलिए जानते हैं कि लहसुन का तेल कैसे बनाया जाता है और इसके इस्तेमाल से आपको क्या-क्या स्वास्थ्य लाभ हो सकते हैं।

### चर्म रोगों के लिए फायदेमंद

लहसुन में एंटीफंगल गुण होते हैं जो कैंडिडा, मालासेज़िया और डमाटोफाइट्स जैसे चर्म रोगों के इलाज में मदद करते हैं। इसके लिए आपको एक हफ्ते में केवल एक बार तेल को प्रभावित हिस्से पर लगाना है।

### सर्दी-फ्लू का सस्ता इलाज

लहसुन का तेल सर्दी-फ्लू को रोक सकता है और



लक्षणों की गंभीरता को कम कर सकता है। लहसुन में एक सक्रिय तत्व एलिन होता है, जो इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाने में सहायक है। इसके लिए आप नहाने से पहले तेल से शरीर की अच्छी तरह मालिश कर लें और कुछ बूंद नहाने के पानी में भी डाल लें।

### कोलेस्ट्रॉल कम करने में सहायक

न्यूट्रिशनिस्ट ने बताया कि लहसुन सल्फर यौगिकों से भरा होता है और यही वजह है कि इसके इस्तेमाल से ब्लड प्रेशर कम करने, ट्राइग्लिसराइड्स और खराब कोलेस्ट्रॉल का लेवल कम करने में मदद मिल सकती और इस तरह दिल को स्वस्थ रखा जा सकता है। इसके लिए आप खाने में तेल का इस्तेमाल कर सकते हैं।

### दांत के दर्द के लिए पेनकिलर

लहसुन में मौजूद एलिसिन नामक यौगिक दांतों के दर्द और सूजन को कम करने में मदद करते हैं। यह बैक्टीरिया से होने वाले इन्फेक्शन को भी कम करता है और दांतों की सड़न को रोकता है। इसके लिए लहसुन के तेल में रुई भिगोकर प्रभावित हिस्से पर रखने से दांत का दर्द ठीक हो सकता है।

### लहसुन का तेल कैसे बनाएं

- लहसुन के तेल को आप आसानी से घर में बना सकते हैं। सबसे पहले लहसुन की कलियों को कुचल लें
- फिर उन्हें एक सॉस पैन में थोड़े से ओलिव ऑयल के साथ भूनें
- इस मिश्रण को मध्यम आंच पर 5-8 मिनट तक गर्म करें
- अब पैन को आंच से उतार लें और इस मिश्रण को एक एयर टाइट कांच के जार में भर लें।

## धर्म-आस्था

# शुभ-अशुभ मुहूर्त की वैज्ञानिकता और महत्व

जनसामान्य में मुहूर्त की शुभता-अशुभता की बात बहुत होती है। कई लोग इस पर ज्यादा यकीन तो नहीं करते लेकिन जब बात उनके किसी विशेष उत्सव की आती है तो ऐसे में वे जरूर मुहूर्त और शुभ लग्नों को निकलवाने के लिए विशेषज्ञ की सहायता लेते हैं। कई लोग ये भी कहते मिल जाते हैं कि इन सब बातों में क्या रखा है लेकिन देखा गया है कि चोरी-छिपे वे इन पर विश्वास रखते हुए शुभ मुहूर्त-नक्षत्र में काम करते हैं।

एस्ट्रोलॉजी में इस विषय पर काफी काम हुआ है। विशेष रूप से पूर्व कालामृत नामक ज्योतिषीय पुस्तक पूर्णतया नक्षत्र-लग्न-शुभ मुहूर्त पर ही आधारित है। दक्षिण भारत के प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य कालीदास (कवि कालीदास से भिन्न) ने तेरहवीं शताब्दी में इस प्रसिद्ध ग्रंथ की रचना की थी, जिसके आधार पर आज भी अनेकानेक शुभ-अशुभ लग्नों का शोधन किया जाता है। ध्यान रहे इन्हीं कालीदास ने ज्योतिष के अकाट्य ग्रंथ उत्तर कालामृत की भी रचना की थी जो सुप्रसिद्ध पाराशरीय सिद्धांतों के कई नियमों की आपवादिक व्याख्या करता है तथा जिसे व्यवहार में पूर्णतया सटीक पाया जाता है।

पूर्व कालामृत नामक इस ग्रंथ में



विवाह, मुंडन, गृह प्रवेश, कर्ण छेदन, यज्ञोपवीत सहित गभार्धान, पुंसवन आदि अनेक संस्कारों के लिए शुभाशुभ मुहूर्तों की गणना और व्याख्या दी गई है। इसके अलावा स्मृतिकारों ने भी शुभ-अशुभ लग्न-मुहूर्त के विषय में अपनी अलग राय रखी है।

केवल भारत और वृहत्तर भारत ही नहीं वरन शुभ-अशुभ लग्न-मुहूर्त की गणना के लिए यूरोपीय और अरब देशों में भी प्राचीन काल से काफी प्रयोग किए गए हैं। पाश्चात्य मुहूर्त काल गणना यूनान से आरंभ हुई जो धीरे-धीरे अन्य यूरोपीय देशों में भी फैल गई। इसके साथ अरब जगत में भी मुस्लिम काल के काफी पहले से मुहूर्त विज्ञान का एक सम्यक शास्त्र विकसित था जो मुस्लिम धर्म के अस्तित्व में आने के पश्चात काफी समृद्ध हुआ। ध्यान रहे कि भारतीय-यूनानी तथा अरबियन मुहूर्त काल गणनाएं एक-दूसरे से काफी प्रेरित रहीं तथा इन्होंने एक-दूसरे से बहुत कुछ सीखा।

गार्गी संहिता में ये स्पष्ट रूप से निरूपित है कि ज्योतिष विज्ञान के क्षेत्र में भारत, यूनान का ऋणी है। ये कथन स्पष्ट संकेत करता है कि तत्कालीन प्राचीन अनुसंधान संकुचित नहीं थे तथा उस समय का हिंदुस्तान कहीं से भी प्राप्त ज्ञान को ग्रहण करने में कोई बुराई नहीं समझता था। तत्कालीन भारतीय मनीषी ज्ञान के प्रसार और अधिकाधिक उपयोगी होने को सर्वोत्तम मानते थे इसलिए उन्होंने न केवल स्वयं शोध किए वरन संसार के किसी भी स्थान पर किए जा रहे शोध से प्राप्त परिणामों को निःसंकोच अपनाया भी।

## इंदौर के बाजार भाव

गेहूं- 1900 से 2620, गेहूं सुजाता- 2750, मक्का- 1951 से 20115, डॉलर चना- 2290 से 12130, देसी चना- 4205 से 6900, चना कांटा- 3285 से 6500, मसूर- 4758, मूंग- 3000 से 6660, मूंग एवरेज- 2800 से 5200, तुअर- 3880 से 5300, तुअर सफेद महाराष्ट्र- 2610 से 6965, तुअर कर्नाटक- 2700 से 7550, निमाड़ी तुअर- 2650 से 7250, सरसों- 5250, सरसों निमाड़ी- 362 से 5060, उड़द बोल्ड- 3950, उड़द मीडियम- 3550, हलका उड़द- 3020 से 2000, सब्जी भाव, सेब- 1600 से 7000, केला- 600 से 2000, टमाटर- 400 से 1000, कद्दू- 600 से 1000, खीरा- 800 से 2500, भिंडी- 2000 से 5000, पालक 400 से 800, करेला- 1500 से 3000, लौकी- 1000 से 2000 ,बेंगन- 400 से 1000,फुल गोभी- 600 से 1200, अदरक- 1500 से 4500, हरी मिर्च- 1500 से 3500, पपीता- 600 से 2000, अनानास- 1500 से 4500, पत्ता गोभी- 200 से 600, धनिया- 1000 से 2000, शिमला मिर्च- 600 से 1200, टेंसी- 1000 से 2000, प्याज भाव,एक्स्ट्रा सुपर प्याज- 900 से 1300 ,सुपर प्याज- 900 से 1200, एवरेज प्याज- 600 से 900, आलू भाव, एक्स्ट्रा सुपर आलू- 1200, गुल्ला आलू- 400 से 600, ज्योति आलू- 900 से 1100, चिप्सोना आलू- 1000 से 1200, छांटन आलू- 1000 से 1300, लहसुन भाव एक्स्ट्रा सुपर लहसुन- 4100 सुपर लहसुन- 2100 से 3000 रहा।

## उज्जैन के बाजार भाव

गेहूँ लोकवन 1700-2675 पूर्णा- 2160-2400, पोषक- 1661-2141, चना इटालियन- 4000-4301, देशी 4321-4701, काबली- 5410-11250, बड़ा- 3851-4720, रायड़ा- 4725-5040, मूंग- 6171, सोयाबीन- 2261-5600, मैथीदाना- 5100, राई- 4700, धनिया- 4000-4380, मसूर-4001-5290, बटला- 1700, मावा- 260 प्रतिकिलो। सोना-चाँदी- सोना- स्टेण्डर्ड- 57,000, रवा- 56,900 चांदी- टंच- 65,900, पाट- 65,800।

## आमंत्रण

आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।

editor.awantika@gmail.com

## तीन वार्डों में निर्माण कार्यों का भूमिपूजन

**खिलचीपुर।** नगर के तीन वार्डो में 36 लाख के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन पूर्व विधायक हजारीलाल दांगी व नगर परिषद अध्यक्ष रामजानकी मालाकार ने पूजा अर्चना व गेती चलाकर किया। यहां पूर्व विधायक ने कहा कि परिषद द्वारा लगातार विकास के कार्य किए जा रहे है। विकास कार्यो में धन की कोई कमी नहीं होगी। इस मौके पर वार्ड 9 के नागरिकों ने सामुदायिक भवन निर्माण की मांग की। जिस पर अध्यक्ष प्रतिनिधि रामकरण मालाकार ने बताया की सामुदायिक भवन स्वीकृत हो चुका है। जिसका निर्माण कार्य भी जल्द शुरू किया जाएगा। इस अवसर पर मोराबाई, प्रेमलता वर्मा, मधुबाला मेवाड़े, राधा गुप्ता, भारतसिंह तोमर, संदीप शर्मा, ओमप्रकाश गुप्ता, विजय शर्मा, राकेश जावा सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## बालिका कुं. जागृति ने संस्कृति ज्ञान परीक्षा में प्राप्त किए श्रेष्ठ अंक

**देवास।** गायत्री तीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में आयोजित हुई भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा 2022-23 का परीक्षा परिणाम जारी हुआ। उक्त परीक्षा में देशभर के लाखों की संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। जिसमें देवास के शिक्षाविद एवं कानूनविद भैरवप्रसाद चौधरी की प्रपौत्री कुं. जागृति चौधरी ने मप्र में उत्कृष्ट श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण कर श्रेष्ठ अंक प्राप्त किए। कुं. चौधरी को गायत्रीतीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार की प्रमुख शैलबाला पंड्या के हस्ताक्षरयुक्त प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा कक्षा पांचवी से लेकर कॉलेज लेवल तक देश की 11 भाषाओं में आयोजित हुई।

## महाविद्यालय में एक भारत श्रेष्ठ भारत विषय पर संगोष्ठी आयोजित

**देवास।** कृष्णाजीराव पवार शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत एक भारत श्रेष्ठ भारत विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के विभिन्न विषयों पर कार्यक्रमों का आयोजन प्रतिमाह किया जाना है। इस माह का विषय एक भारत श्रेष्ठ भारत था। कार्यक्रम का प्रारंभ अतिथियों एवं प्राचार्य महोदय द्वारा सरस्वती माता के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। अतिथियों के स्वागत के पश्चात संगोष्ठी के संयोजक डॉ.मधुकर ठोमरे ने कहा कि भारत को विश्व गुरु के रूप विश्व के समस्त देश जानते, पहचानते और मानते हैं। उस संस्कृति और संस्कार को बचाये रखने की जवाबदारी आज के युवा वर्ग पर है।

## आयुक्त ने होटल, रेस्टोरेंट, भोजनालय के संचालकों की बैठक ली

**देवास।** सॉलिड वेस्ट मेनेजमेंट को लेकर निगम आयुक्त विशालसिंह चौहान के द्वारा निगम बैठक कक्ष मे शहर के होटलो, रेस्टोरेंटो, भोजनालयो के संचालकों के साथ बैठक आहूत की गई। बैठक के दौरान स्वच्छ भारत मिशन से अरुण तोमर द्वारा सभी बड़े होटल संचालकों को आगामी होने वाले समस्त आयोजनों को जीरो वेस्ट रखने हेतु प्रेरित किया गया व जीरो वेस्ट आयोजन क्रियान्वन हेतु प्रशिक्षित किया गया गया एवं संचालकों को होटल परिसर मे 3 आर के स्लोगन मेसेज अनिवार्य रूप से प्रदर्शित किए जाने हेतु समझाइश दी गई तथा कहा कि सभी होटलों, रेस्टोरेंटों व भोजनालयो के परिसर मे सिंगल यूज प्लास्टिक को पूर्व से पूर्ण प्रतिबंध कर दिया गया है। निगम स्वास्थ्य अधिकारी जितेन्द्र सिसोदिया द्वारा सभी संचालकों को गीले व कचरे को कचरा वाहन मे न देकर ऑन साइट वेस्ट प्रोसेसिंग अर्थात कम्पोस्ट मशीन के माध्यम से खाद बनाकर उसका प्रयोग गार्डन के पेड़ पौधों मे करने हेतु कहा गया। आयोजनो के दौरान केवल पर्यावरण हितैषी वस्तुओं को प्रयोग किए जाने लिए सहमति बनाई गई।

## मेला परिसर में कुश्ती दंगल का आयोजन आज

**तराना।** नगर परिषद तराना के तत्वाधान में 85 वा श्री तिलभांडेश्वर महादेव मवेशी मेला का आयोजन किया जा रहा है। मेला अंतर्गत शनिवार को कुश्ती दंगल का आयोजन किया जाएगा।

---

ग्रुप में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र धामंदा के पीटीएस दिनेश खटक ने डाला था अश्लील वीडियो

# स्वास्थ्य विभाग के ब्लॉक स्तरीय वाट्सऐप ग्रुप में अश्लील वीडियो से मचा हड़कंप

## बीएमओ डॉ. डी. बडोदिया ने कर्मचारी की सेवा समाप्ति के लिए सीएमएचओ को लिखा पत्र

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर

स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं एवं कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के लिए बनाए गए विभाग ऑफिशियल वाट्सऐप ग्रुप 'टीम हेल्थ पर उस समय तीखी प्रतिक्रियाएं आनी शुरू हो गई, जब एक नंबर से कई अशह्लील वीडियो ग्रुप पर पोस्ट की गईं। ग्रुप से कई लोग लेफ्ट हो गए तो कई ने जमकर भडास निकाली। इस मामले में बीएमओ तत्काल संज्ञान लेते हुए वीडियो भेजने वाले कर्मचारी की शिकायत पत्र लिखकर राजगढ़ सीएमएचओं से लिखित रुप से करते हुए सेवा समाप्ति करने की अपील की गई।



मामला बुधवार शाम 7:41 बजे का है। स्वास्थ्य विभाग के वाट्स ग्रुप पर अश्लील वीडियो क्लिपिंग आने के बाद ग्रुप में जुडे अधिकारियों-कर्मचारियों में हडकंप मच गया। इस मामले में कोई भी अधिकारी कुछ भी कहने के लिए तैयार नहीं था। स्वास्थ्य विभाग ने शासकीय योजना की निगरानी और क्रियान्वयन के लिए टीम हेल्थ मॉनिटरिंग ग्रुप बना रखा है। इसमें 12 डॉक्टर सहित 55 नर्से एवं स्वास्थ्य विभाग के कई कर्मचारी जुडे हुए हैं। इनमें महिलाएं भी है। वाट्स ग्रुप पर अश्लील वीडियो क्लिपिंग पोस्ट कर दी गई हैं। जैसे ही विभाग में इसकी जानकारी फैली स्वास्थ्य अमले में हडकंप मच गया। वीडियो क्लिपिंग्स जिस नंबर से पोस्ट की गई है, वह सारंगपुर ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र धामंदा में कलेक्टर रेट पर पदस्थ पीटीएस दिनेश खटक का है। इस क्लिपिंग के आने के बाद अधिकारियों-कर्मचारियों ने अपनी तीखी प्रतिक्रिया दी है।

धामंदा अस्पताल में पदस्थ पीटीएस दिनेश खटक के द्वारा वाट्स ग्रुप पर अश्लील वीडियो क्लिपिंग शेयर करने की सूचना जैसे ही सारंगपुर बीएमओ डा. डी. बडोदिया को लगी तो उन्होंने तत्काल मामले में संज्ञान लेते हुए 1 मार्च की रात्रि में ही राजगढ़ के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दीपक पिप्पल को दिनेश खटक की सेवा समाप्ति के लिए पत्र लिखा। पत्र में बीएमओ ने कहा कि दिनेश खटक पीटीएस प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र धामंदा के द्वारा दिनांक 1 मार्च शाम 7:41 बजे ऑफिशियल वाट्सएप ग्रुप टीम हेल्थ पर अश्लील विडियो पोस्ट किए गए। उक्त ग्रुप पर सभी मैदानी स्वास्थ्य कार्यकर्ता जुड़े हुए है। बीएमओ ने पत्र में लिखा कि इनके द्वारा किया गया उक्त कार्य बहुत खेदजनक है। इनका उक्त कृत्य किसी भी स्तर पर क्षमा करने योग्य नहीं है। ऐसे कर्मचारी की हमें कोई आवश्यकता नहीं है। बीएमओ ने सीएमएचओं से निवेदन किया कि उक्त कर्मचारी की सेवा तत्काल समाप्त की जाए। बीएमओ डॉ. बडोदिया का कहना है कि हमारें द्वारा भी कर्मचारी को कारण बताओं नोटिस दिया गया है।




**पूर्व में भी हो चुका है बवाल, कर्मचारी पर लगते रहे है आरोप**

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र धामंदा में पदस्थ कर्मचारी पीटीएस स्वीपर दिनेश खटक ने स्वास्थ्य हेल्थ ग्रुप में अश्लील वीडियों का मामला उजागर होने से पूर्व में भी ग्राम धामंदा के ग्रामीण जनों द्वारा इसके विरुद्ध शिकायत की गई थी, जिसमें पंचनामा बनाया गया था कि यह महिला के साथ अश्लील हरकतें करता है। समय से आता नहीं है सफाई नहीं करता है और लोगों से कहता में डॉक्टर हूं। ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व में तीन पंचनामा ग्राम पंचायत सरपंच एवं गांव के ग्रामीणों द्वारा दिया गया है, जिसमें कोई कार्रवाई नहीं की गई थी। ग्रामीणों ने कहा कि यह कर्मचारी आदतन पूरी तरह चरित्रहीन है। ग्रामीणों ने मांग की है कि ऐसें कर्मचारी को तत्काल बर्खास्त कर किया जाए नहीं तो ग्रामीण जन उग्र आंदोलन करेंगे।

**बोले जिम्मेदार**

विभाग के ऑफिशियल वाट्सएप ग्रुप में अश्लील वीडियों डालने के मामले में हमने तत्काल संज्ञान लेते हुए राजगढ़ के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी महोदय को पीटीएस प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र धामंदा दिनेश खटक की सेवा समाप्ति के लिए पत्र लिखा है। क्योंकि उक्त ग्रुप पर सभी मैदानी स्वास्थ्य कार्यकर्ता जुड़े हुए है। कर्मचारी का कार्य बहुत खेदजनक है। यह कृत्य किसी भी स्तर पर क्षमा करने योग्य नहीं है। ऐसे कर्मचारी की हमें कोई आवश्यकता नहीं है। हमने कर्मचारी को भी नोटिस दिया है। आगामी कार्रवाई वरिष्ठ स्तर से होगी।



**डॉ. डी. बडोदिया, बीएमओ**

---

मुख्यमंत्री की कैसी घोषणा.....पैकी के प्लॉट की समस्या अब खत्म...... ?

# पैकी के प्लॉट पर बने मकान पर चली निगम की जेसीबी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास

नगर निगम की टीम ने पैकी प्लॉट पर बने मकान को जमींदोज करने की कार्रवाई की, मकान का आगे का हिस्सा लगभग पूरा गिरा दिया उसके बाद अधिकारियों के पास किसी बड़े नेता का फोन आया और कार्रवाई को वहीं रोक दिया गया। मकान मालिक का कहना है कि जब निगम ने टैक्स जमा करने को कहा तो टैक्स जमा कर दिया। उन्होनें निगम अधिकारी पर आरोप लगाते हुए कहा कि जब मकान का निर्माण कर लिया तो निगम के अधिकारी ने 1 लाख रूपए की मांग कि, नहीं देने पर मकान तोड़ने की कार्रवाई की गई। मामले को लेकर निगम अधिकारी का कहना है कि मकान मालिक को निर्माण कराने से रोका था साथ ही नोटिस भी दिया था। मकान मालिक के बेटे ने आरोप लगाते हुए कहा कि जब जवाहर चौक में महापौर चुनाव के दौरान मुख्यमंत्री यह घोषणा करके



गए कि पैकी के प्लॉट की समस्या अब खत्म तो फिर निगम ने क्यों कार्रवाई की जबकि मेरे पिता ने अपनी पूरी जिंदगी की कमाई मकान को बनाने में लगा दी। इस मामले के बाद अब सवाल यह उठते हैं कि मुख्यमंत्री ने जब घोषणा की थी तो मकान क्यों तोड़े गए, जबकि शहर में कई कॉलोनियों में पैकी के प्लॉटों पर मकान बनाए जा रहे हैं तो कई क्षेत्रों में अब भी पैकी के प्लॉट पर मकान बने हुए हैं, तो क्या निगम उन मकानों पर भी अपनी जेसीबी का प्रयोग करेगा ?

मकान पर जब कार्रवाई रोकने का फोन अधिकारी के पास आया तो मकान मालिक का बेटा हर्षवर्धन वहां आया और मोबाइल में विडियो करने लगा उसे निगम अधिकारी ने कहा कि विडियो क्यों बना रहा है। जिस पर उसने कहा कि मेरे पापा ने अपनी पूरी जिंदगी की कमाई इस मकान को बनाने में लगा दी और आपने चंद मिनटों में हमारा मकान और पापा के सपने को तोड़ा है। मैं अभी कक्षा 12 वीं में पढ़ रहा हूं आप मेरा नाम ध्यान रखना। उसने कहा कि हम आप जैसे बड़े अधिकारियों का क्या बिगाड़ सकते हैं आप लोग ही है जो लोगों की मेहनत की कमाई को इस तरह उजाड़ देते हैं।

**घोषणावीर है शिवराज**

जब मुख्यमंत्री स्वयं घोषणा करके यह कह गए कि अब पैकी के प्लॉटों की समस्या अब खत्म तो ऐसे में पैकी के प्लॉटों पर वर्षो से शहर में कई मकान बने हुए हैं उन पर क्यों कार्रवाई नहीं की जाती है। जबकि ऐसे कई मकान है जिनमें राजनीतिक लोग भी निवास करते हैं उनके मकानों पर कभी कोई कार्रवाई नहीं की गई। विपक्ष में बैठी कांग्रेस पार्टी के कुछ नेताओं का कहना है कि घोषणावीर है मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान जो आमजन की समस्या को लेकर घोषणाएं कर जाते हैं लेकिन उस पर कार्य नहीं होता। कहा जाए तो भाजपा की नीति में घोषणाएं अधिक कार्य कम नजर आ रहे हैं।

## आंगनवाड़ी केंद्रों का किया लोकार्पण

दैनिक अवन्तिका ▸▸ टोंक खुर्द

कलेक्टर एवं एसडीएम सोनकच्छ के निदेर्शानुसार बुधवार को नगर परिषद टोंक खुर्द के वार्ड क्रमांक 1, 6, 3, 12 में नवनिर्मित आंगनवाड़ी भवन को नगर परिषद द्वारा पूर्व में हैंड ओवर करने पश्चात विकास यात्रा में से बची शेष पांच आंगनवाड़ी भवन केन्द्रों वार्ड क्रमांक 5, 10, 13, 14 एवं 15 स्थित, को पूर्व विधायक राजेंद्र वर्मा, मनोहर लाल मंडलोई, पूर्व विधायक सुरेंद्र वर्मा, मनीष सोलंकी, महेंद्र सिंह मकवाना, अजय जोनवाल, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष उमेश श्रीवास्तव, चंद्रशेखर मालवीय, अर्जुन पटेल श्याम गालोदिया, महावीर सिंह चावड़ा अध्यक्ष अनीता महेंद्र सिंह चावड़ा, मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्री मंशाराम बडोले,, उपयंत्री विनोद कुमार साहू आदि के मार्गदर्शन में बुधवार को महिला बाल विकास अधिकारी मुख्य नगरपालिका अधिकारी एवं उपस्थित पार्षद गणों के सम्मुख अतिथियों द्वारा फीता काटकर उक्त भवनों का लोकार्पण किया गया एवं उक्त भवनों की चाबी महिला बाल विकास विभाग के अधिकारियों को सौंपी दी गई है ताकि नवनिर्मित भवनों में आंगनवाड़ियों का नियमित संचालन हो सके ।

## सरकारी संस्थानों से लिए गए कर्ज का ब्याज भरेगी शिवराज सरकार

**देवास।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह राजपूत ने किसान हितैषी बजट के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का आभार व्यक्त किया। मध्यप्रदेश के वित्तमंत्री जगदीश देवड़ा ने विधानसभा में बजट पेश किया देवास प्रेस वार्ता में किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष शिवराज सिंह गोहिल, किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष जगदीश नागर, कार्यालय मंत्री रामेश्वर धाकड़ की उपस्थिति में देवास में प्रेस वार्ता की गई। जिसमें खास तौर पर किसानों महिला, युवा पर विशेष फोकस किया है। बजट 3 लाख 20 हजार करोड़ रुपये का है। इस अवसर पर राजेंद्र सिंह राजपूत ने बताया कि यह बजट किसान हितेषी बजट है।

## मौसम अनुकूल रहने से फसल अच्छी, बेहतर उत्पादन की उम्मीद

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर

सारंगपुर क्षेत्र सहित पूरे आसपास के क्षेत्र में इन दिनों खेतों में लगी रबी सीजन की गेहूं, चना, सरसों की फसल बहुत ही अच्छी है। मौसम अनुकूल रहने से खेतों में फसलें लहलहा रही हैं। फसल लगभग 3 माह की पूर्ण हो चुकी है। कुछ दिनों में क्षेत्र में चने और गेहूं की कटाई शुरू हो जाएगी। इस वर्ष मौसम के अनुकूल रहने के कारण किसानों को कीटनाशक का छिडकाव भी कम करना पडा है। इससे किसानों के चेहरों पर खुशी भी नजर आ रही है। जिन किसानों ने समय से पहले बोवनी कर दी थी, वह फसलें कटने को तैयार हो चुकी हैं। दोनों ही फसलें लगभग 15 माह के अंदर ही पक कर तैयार हो जाएंगी। होली के बाद गेहूं और चने की कटाई शुरू हो जाएगी। इस बार चने का रकबा क्षेत्र में अधिक दिख रहा है। पिछले वर्ष भी किसानों को गेहूं का उत्पादन अच्छा मिला था। इसके चलते उन्होंने इस बार गेहूं की फसल अधिक लगाई है। कुछ किसानों ने इस बार सरसों की खेती की है। सरसों की फसल भी अच्छी लगी हुई हैं। किसान उन्नत किसान सतीश बैस, संतोष धनगर, महेंद्र सिंह, आशीक बाबू ने बताया अभी तक तो फसल अच्छी लगी है। कुछ दिन और मौसम साफ रहा तो इस बार फसल का अच्छा उत्पादन मिलेगा। इस बार मौसम की मेहरबानी से फसलों में कीटनाशक का छिडकाव भी कम करना पडा है। इससे मेहनत व पैसा दोनों ही किसानों का बचा है। कम कीटनाशक के प्रयोग से किसान खुश हैं।

# आत्मविश्वास से लबरेज परीक्षा केंद्र पर पहुंचे परीक्षार्थी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रुनीजा

2 मार्च को प्रथम प्रश्न पत्र हिंदी के साथ कक्षा 12वीं के परीक्षा का भी शुभारंभ हो गया। परीक्षा का समय सुबह 9 से 12 होने से इस परीक्षा केंद्र पर रुनीजा सहित आसपास 10 से 20 किलोमीटर दूर से परीक्षा देने सुबह 8 बजे ही उत्साह और आत्मविश्वास से लबरेज परीक्षार्थी परीक्षा केंद्र पर पहुंचने लगे और एक दूसरे को शुभकामना देखकर परीक्षा भवन का मैं प्रवेश का इंतजार करने लगें। इस संदर्भ पर हमारे प्रतिनिधि द्वारा सुबह 8:बजे जाकर कई परीक्षार्थियों से चर्चा की तो सभी ने कहा कि आज हम बहुत खुश है ।जिस दिन का हम एक माह से इंतजार आज वह आ गया है। और आज हमारा हिंदी का प्रथम प्रश्न पत्र और हमें विश्वास है कि कक्षा दसवीं की तरह हमारा भी प्रश्न पत्र बहुत ही अच्छा और सरल होगा। इसी के साथ कल के बजट में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा प्रथम आने वाली बालिकाओं को स्कूटी देने की घोषणा से छात्राएं अति उत्साहित दिखी और उत्साह के साथ कहा कि इस बार इतनी मेहनत की है तो स्कूटी मामा के हाथों द्वारा प्राप्त करके आएंगे। आज उनके परीक्षा केंद्र पर एक प्राइवेट विद्यालय ओएसीस एकेडमी और दो शासकीय विद्यालय रुनिजा एवं



बालोदा लख्खा के 154 परीक्षार्थी आज परीक्षा देंगे। जिसमे हिंदी माध्यम के 137 अंग्रेजी माध्यम के 17 परीक्षार्थी परीक्षा देने पहुंचा इस संदर्भ में हमारे द्वारा छात्रा सोनू वैष्णव बालोदा कोरन से चर्चा की गई तो उसने बताया कि आज हम बहुत उत्साहित हैं प्रतिदिन 7 , 8 घंटे पढ़ाई तथा सभी विषयों का पढ़ाई पूरी करने के बाद रिवीजन भी किया है आज भी सुबह 3बजे उठकर परीक्षा की तैयारी कर परीक्षा देने पहुंचे हैं । जब उनसे पूछा गया कि मामा द्वारा स्कूटी देने की घोषणा की गई उसने कहा कि बजट में घोषणा की गई है और हम उसी हिसाब से तैयारी कर रहे हैं और 80% से अधिक अंक लाकर कर स्कूटी प्राप्त करना ही मेरा लक्ष्य है। इस संदर्भ में बालोदा लक्खा की छात्रा पायल चौहान से चर्चा की गई तो उसने भी कहा कि इस दिन का विगत 1 माह से इंतजार कर रहे थे। तथा 12 वी परीक्षा के बाद मेरा अगला लक्ष्य आईएस बनने का है और मेने उसी हिसाब से कक्षा 12वीं की परीक्षा की तैयारी की है और मुझे उम्मीद है कि मैं भी सर्वाधिक अंक लाकर अपने विद्यालय और माता-पिता का नाम रोशन करूंगी । उर्दू विषय

---

## लायंस क्लब उड़ान ने किया समाजसेवियों का सम्मान



**पचोर।** लायंस क्लब कि महिला विंग लायंस क्लब उड़ान ने सामाजिक कार्यकर्ता एवं समाजसेवियों का सम्मान समारोह आयोजित किया। इस दौरान कार्यक्रम कि अध्यक्षता कर रही लायंस क्लब कि अध्यक्ष नीलू दूबे ने आयोजन के बारे मे जानकारी देते हुए बताया कि हमने पौधा रोपण किया, जरुरतमंद बच्चो को भोजन, कपड़े, स्वेटर भी बाँटी है, लेकिन हमें लोग जानने लगे है तो वो सिर्फ समाजसेवियों एवं सभी सक्रिय कार्यकताओं के कारण। जिसने भी हमें सहयोग किया उन समाजसेवी एवं कार्यकर्तागण सम्मान के लिए इस कार्यक्रम का आयोजन कर रहे है। इस दौरान डॉ निशा गुदेनिया ने बताया कि जिस तरह एक छोटा पौधा लगाते है, वह अंकुरित होता है और जब उस पर फूल आने लगते है तब जो खुशी मिलती है वही खुशी हमें आज हमारे क्लब कि उड़ान देखकर हो रही है। समाजसेवी पुरुषोतम वैष्णव ने लायंस क्लब उड़ान को बधाई देते हुए कहा कि जो बहने घरो तक सिमित थी वो आज उड़ान भर रही है।

## शाह निवास पहुँचकर पूर्व विधायक जसवंत सिंह हाड़ा ने दी सांत्वना



**अकोदिया।** नगर के युवा भावेश शाह का पिछले दिनों सड़क दुर्घटना के चलते उनका निधन हो गया था जैसे ही है जानकारी लगी तो पूरे नगर अकोदिया सहित क्षेत्र में शोक की लहर छा गई थी नगर वासियों ने उन्हें नम आंखों से अंतिम विदाई दी थी जिसके बाद आज पूर्व विधायक जसवंत सिंह हाडा भी डांगा जी के हॉस्पिटल के सामने स्वर्गीय भावेश शाह के निवास पर पहुंचे और छायाचित्र में विराजमान भावेश शाह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए ईश्वर से कामना की कि अपने श्री चरणों में भावेश शाह को स्थान प्राप्त हो की कामना की साथ ही परिवार जनों से मुलाकात की परिवार जनों को ढांढस बंधाया इस मौके पर पूर्व विधायक जसवंत सिंह हाडा संजय मेवाड़ा पत्रकार अमर सिंह आदि मौजूद थे

## टोंकखुर्द जनपद पंचायत इंजीनियर के साथ मारपीट

**टोंकखुर्द।** जनपद पंचायत टोंक खुर्द में पदस्थ उपयंत्री के साथ ग्राम देवगुराडिया के सरपंच राजेंद्र सिंह गुर्जर एवं सरपंच के गुर्गों के द्वारा लोहे की राडो पाइप से मारा विवाद आंगनवाड़ी निर्माण को लेकर हुआ सरपंच के द्वारा उचित मापदंड का सरिया नहीं लगाने पर उपयंत्री के द्वारा उक्त कार्य को रोकने का कहा इसी बात से क्षुब्ध होकर सरपंच एवं उसके गुर्गों के द्वारा उपयंत्री सिसोदिया की सरियो एवं राडो से मार पिटाई शुरू कर दी किसी प्रकार उपयंत्री अपनी जान बचाकर टोंक खुर्द थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराने पहुंचा थाना प्रभारी ने चिकित्सा जांच करवा कर रिपोर्ट दर्ज की । जनपद सीईओ शिवहरे ने बताया कि एफआईआर दर्ज करवा दी गई है अभी किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। वही पीड़ित सिसोदिया ने बताया कि मैं आज सीईओ साहब के निर्देश पर निमार्णाधीन आंगनवाड़ी का निरीक्षण करने गया था वहीं पर सरपंच एवं उसके साथियों ने मेरे साथ मारपीट की एवं जान से मारने की धमकी दी मैं किसी प्रकार अपनी जान बचाकर थाने आया। एएसआई सौदान सिंह विश्वकर्मा ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है अपराधियों की धरपकड़ के लिए टीम को रवाना कर दिया गया है अभी किसी प्रकार की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

## तनोड़िया नगर के प्रमुख मार्गो से निकला वरघोड़ा

**तनोडिया।** नगर में चल रहे प्रतिष्ठा महोत्सव मैं आज तृतीय दिवस के अंतर्गत आज नूतन जैन मंदिर से भव्य वरघोड़ा प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गो से स्वरूप भवन पर पहुंचा भव्य वरघोड़े में वीरमगाम गुजरात की शहनाई, घुड़सवार ,सुंदर बग्गी एवं परमात्मा की पालकी चलित रंगोली आकर्षण का केंद्र रही वही विभिन्न नगरों से आई महिला मंडल एवं तनोडिया महिला मंडल द्वारा नगर में रथ यात्रा के दौरान सुंदर प्रस्तुति दी ।


**कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला उज्जैन (म.प्र.)**

क्रमांक 462/खनिज / 2021-22 दिनांक 22/02/2023

**म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 18 ( 1 - क) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा / पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति (जो भी लागू हो) प्राप्त करने के लिए**

**प्रथम सूचना**

यह सूचित किया जाता है कि, आवेदन श्री गजराज सिंह सिसोदिया पिता सुरेसिंह सिसोदिया निवासी ग्राम तुलाहेडा तहसील घट्टिया जिला उज्जैन द्वारा उत्खनिपट्टा/पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति (जो भी लागू हो) प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर ऑनलाईन आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। विज्ञप्ति प्रकाशित दिनांक से 30 दिवस की अवधि के भीतर इस क्षेत्र पर यथास्थिति उत्खनिपट्टा/पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति आवेदन ऑनलाईन आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन का संक्षिप्त विवरण

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नं | रकबा | भूमि का प्रकार | खनिज का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| उज्जैन | घट्टिया | तुलाहेडा | 376 | 2.000 हेक्टयर | शासकीय | मुरम |

1. उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से 30 दिवस के भीतर (कार्यालयीन समय सायं 5:30 बजे तक) ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।
2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 03 अथवा उससे अधिक आवेदकों के आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी अवेदन पत्रों को म०प्र० गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत् अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
3. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं तो पुनः 15 दिवस की अवधि आवेदन प्राप्त करने हेतु निर्धारित कर विज्ञप्ति प्रकाशित की जाएगी। विज्ञप्ति प्रकाशन के दिनांक से 15 दिवस के भीतर अन्य आवेदक भी उपरोक्त आवेदित क्षेत्र पर आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकेंगे। उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करेन के आशय से उसी दिना प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
4. यदि प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होता है तो प्रथम आवेदक के पक्षे में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा।
5. निर्धारित समयावधि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नहीं लिया जाएगा।

प्र.खनि अधिकारी
जिला उज्जैन

जी/23844/23

## कथावाचक रामचंद्र भट्ट का निधन



**सुसनेर।** क्षेत्र के कथावाचक संगीत प्रेमी पंडित रामचंद्र भट्ट मैना का गत दिनों निधन हो गया। उनके ग्राम मैना में शवयात्रा निकली जो मुक्तिधाम पहुंची। जहाँ उनका अन्तिम संस्कार किया। उनके पुत्र कैलाश भट्ट, ईश्वर भट्ट, अशोक भट्ट ने पिता को मुखाग्नि दी। शवयात्रा में बड़ी संख्या में समाजजन एवं ग्रामीण शामिल हुए।

## तीर्थदर्शन कर लौटे यात्रियों का किया स्वागत

**सुसनेर।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत सुसनेर से 23 फरवरी को 15 यात्रियों का जत्था जगन्नाथपुरी तीर्थ दर्शन के लिए गया था। इसमें 5 तीर्थयात्री वार्ड क्र. 12 के थे। इनके घर वापस लौटने पर वार्ड पार्षद मीना शर्मा एवं भाजपा मंडल महामंत्री पवन शर्मा ने तीर्थयात्रियों के घर पहुंचकर इनका स्वागत सम्मान किया तथा आशीर्वाद लिया।

## जल संरक्षण जागरूकता रैली का हुआ आयोजन

**सुसनेर।** शासकीय प्राथमिक विद्यालय ढाबला केलवा में जल जीवन मिशन के प्रोजेक्ट मोबिलाइजर तरुण नामदेव एवम मनोज खेलवाल द्वारा विद्यालय में जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ सरपंच प्रतिनिधि ईश्वर यादव तथा नवाचारी शिक्षक सह स्काउट मास्टर भेरूलाल ओसारा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली ग्राम के विभिन्न मार्गों से होकर शाला भवन पहुँची जहां पर बालिका समूह के लिए रांगोली प्रतियोगिता और बालक समूह के लिए चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिसमें चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान धीरज, द्वितीय स्थान कुलदीप, तृतीय स्थान विकास ने प्राप्त किया।

## नगर पालिका ने बकाया-दारों की दुकानों पर जड़े ताले

**ब्यावरा।** ब्यावरा शहर में वर्षों से नगर पालिका का बकाया राशि जमा नहीं करने वालो को अब नगर पालिका द्वारा बख्शा नहीं जा रहा है। नगर पालिका टीम द्वारा बकायादारों पर सख्ती से कार्रवाई की जा रही है। नगर पालिका ने शहर में बकायादारों की दुकानों पर तालाबंदी की कार्रवाई की। इस कार्रवाई में पहले टीम ने बस स्टैंड स्थित दुकानों में ताले लगाए और उसके बाद सुठालिया रोड स्थित काजी वाले बाबा की दुकानों में ताले लगाने की कार्रवाई की। नगर पालिका से मिली जानकारी के अनुसार हाजीजी की बावड़ी स्थित 25 बकाया दुकानदारों को पहले नोटिस जारी किए उसके बाद दुकानों पर ताले लगाए।

## राजगढ़ में ग्राम एवं नगर रक्षा समिति का एक दिवसीय प्रशिक्षण

**ब्यावरा।** राजगढ़ जिले मे पुलिस उप महानिरीक्षक एवं पुलिस अधीक्षक अवधेश कुमार गोस्वामी के नेतृत्व में जिले में लगातार नवाचार किया जा रहा। इसी दौरान जिला स्तर पर पुलिस लाइन राजगढ़ में आगामी त्योहारों को लेकर जिले भर से बुलाये गये ग्राम एवं नगर रक्षा समिति के सदस्यों को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में ग्राम एवं नगर रक्षा समिति के 245 सदस्यों को प्रशिक्षण में मध्य प्रदेश ग्राम तथा नगर सुरक्षा समिति विधेयक में रक्षा समिति के कार्य एवं कर्तव्य के बारे मे अवगत कराया। सभी सदस्यों को किट व प्रशस्ति पत्र दिए गए। इस अवसर पर जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारी पुलिस एवं समस्त थाना प्रभारी भी उपस्थित रहे।


**दैनिक अवन्तिका**

**एजेंसी बदलना है**

**उज्जैन-** चिरोलाकलां, ढाबलाहर्दू, जहाँगीरपुर, झारडा, पासलोद, महिदपुर रोड, नागदा, मकड़ावन, मड़ावदा, कायथा, खेड़ा खजूरिया। **झाबुआ-** मेघनगर, थांदला, झाबुआ, रानापुर। **देवास-** चापड़ा, हाटपिपल्या, कन्नौद, खातेगाँव, नेवरी, सोनकच्छ, बागली, भौंरासा, पीपलरांवा। **गरोठ-** मनासा, शामगढ़, सुवासरा। इन्दौर- धरमपुरी, साँवेर, घाटाबिल्लौद, बेटमा, देपालपुर, गौतमपुरा, **शाजापुर-** मोहन बड़ोदिया, पनवाड़ी, सोयतकलाँ, माचलपुर, बेरछा, कालीसिंध। **खरगोन- खण्डवा-** कुक्षी, निसरपुर, सुमारी, बमनाला, कसरावदा, निवाली। धार- धार, राजगढ़ (धार), सरदारपुर, पीथमपुर। **बुरहानपुर-** नेपानगर। **आष्टा-सिहोर। अलीराजपुर।**

सम्पर्क करें- **2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन**

0734-4041777 7771090777


**प्रकृति ने अपनी अनोखी छटा बिखेरी, केसरिया फूलों से सजे पलाश के पेड़**

# गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज की महिलाओं ने मनाया फाग उत्सव

दैनिक अवन्तिका ▶▶ महिदपुर

गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज की महिलाओं ने उत्साह से फाग उत्सव मनाकर कृष्ण कन्हैयालाल के साथ गुलाल उड़ाकर फूलों से होली खेलकर फाग की संगीतमय पिचकारियां छोड़ी। कान्हा के संग गुलाल उड़ाया, हनुमान जी की साक्षी में गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज की महिलाओं ने गाये फाग गीत, फूलों से होली खेली। गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज हनुमान मंदिर पर फाग उत्सव के साक्षी हनुमान भी रहे।

इस अवसर पर रांगोली प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जिसमें आस्था व्यास की बनाई रांगोली को प्रथम पुरस्कार दिया, द्वितीय प्रिया जोशी एवं तृतीय खुश्बू पंचोली रही। साथ ही बच्चों की पारंपरिक वेशभूषा भी आयोजित की गई जिसमें कृष्ण, हनुमान, राधा, शिव इत्यादि स्वरूप में बच्चे शामिल होकर तनुश जोशी प्रथम रहे। अन्य बच्चों को सांत्वना पुरस्कार भी दिये। उक्त जानकारी समाज की अध्यक्ष मुक्तिका शर्मा द्वारा दी गई।



महिदपुर में महिलाओं ने उत्साह से मनाया फाग उत्सव।



सारंगपुर क्षेत्र में केशरिया रंग से लदा पलाश का पेड़।

**सारंगपुर**

ढाक के तीन पात, कहावत आपने सुनी होगी। माना जाता है ये कहावत पलाश के पत्तों को लेकर बनी है। इसका मतलब है, हमेशा एक जैसा बने रहना। पलाश में एक साथ तीन पत्ते एक टहनी पर आते हैं। वसंत ऋतु के साथ ही पलाश या टेसू या खाकरा के पेड़ों पर केसरिया और पीले फूल लद जाते हैं। सारंगपुर क्षेत्र में अभी हर कहीं ऐसे नजारे दिखाई दे रहे हैं। कस्बों में, गांवों में और जंगल में पलाश बहुतायत में पाया जाता है।

समाजसेवी अनोखीलाल खाती बताते हैं, पुराने जमाने में होली खेलने के लिए इन्हीं टेसू के फूलों से रंग बनाते थे। फूल को होली के लिए एक दिन पहले एकत्रित कर मिट्टी के पात्र में रखकर गर्म किया जाता था। इससे प्राकृतिक रंग तैयार होता था। ग्रामीण आज भी पलाश की छाल को उबालकर सेवन करते हैं इसे पथरी का इलाज माना जाता है। पलाश के तने के रेशे से बनी रस्सी काफी मजबूत होती है। इसके पत्ते से दोने व पत्तल बनाए जाते हैं।

**रुनिजा**

तीन दिन बाद फागुन की पूर्णिमा को होलिका दहन होने वाला है। चारों ओर फागुन की मस्ती छाई हुई है। उसके पूर्व एक बार फिर प्रकृति ने अपनी अनोखी छटा बिखराई है। सुबह शाम गुलाबी सर्दी और दिन में गर्मी के साथ खेतों में छाई हरियाली भी बिदा हो रही और फागुन व वसन्त माह के भी बिदा होने के संकेत दे रही है। नववर्ष चैत्र के माह के स्वागत की तैयारी में टेसू के फूलों की लालिमा चारों ओर छा गई। खेतों की मेड़ पर खड़े पलास के पेड़ों पर टेसू के फूल लालिमा लिए अपनी एक अनोखी छटा बिखेरते नजर आ रहे हैं। वैसे तो वर्षो पूर्व टेसू के फूलों से प्राकृतिक रंग बनाकर होली का त्यौहार मनाया जाता था। परन्तु अब इसकी जगह केमिकल के रंगों से होली खेली जाने लगी है। बाबा महाकाल व अन्य देवालयों में आज भी टेसू के फूलों से बने रंगों से होली मनाई जाती है

**रायपुर व खेड़ा बोल्दा के किसानों में आक्रोश**

# दो गांवों के 700 किसानों को नहीं मिल रही प्रधानमंत्री सम्मान निधि

दैनिक अवन्तिका ▶▶ शुजालपुर

केन्द्र सरकार द्वारा किसानों को प्रदाय की जा रही किसान सम्मान निधि से क्षेत्र के लगभग 700 किसान विगत दो किस्तों से वंचित रह रहे हैं। इन किसानों ने पूर्व में भी जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों को कई बार पात्र होने के बाद भी इस योजना का लाभ नहीं मिलने पर अवगत कराया। लेकिन अधिकारियों ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। जिसके चलते फरवरी माह में जारी की गई किश्त भी इन किसानों को नहीं मिली। जिसके चलते किसानों में आक्रोश है। किसानों ने इस भेदभाव को लेकर विकाय यात्रा के दौरान भी अवगत कराया, लेकिन कोई हल नहीं निकला।

इस संबंध में ग्राम रायपुर व खेडा बोल्दा के किसानों ने तहसीलदार के नाम एक ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को सौंपते हुए सम्मान निधि की किश्त जारी कराने की मांग की। खेड़ा बोल्दा के किसान बालाप्रसाद गुर्जर ने बताया कि ग्राम रायपुर व खेड़ा बोल्दा पटवारी हल्का नम्बर 7 के किसानों को सितम्बर 2022 एवं फरवरी 2023 में केन्द्र सरकार द्वारा जारी की गई किसान सम्मान निधि नहीं मिली। यह राशि लगभग 28 लाख रुपए बताई जा रही है, जिससे पात्र किसान वंचित हुए। इस संबंध में राजस्व विभाग के अधिकारियों को कई बार पूर्व में भी अवगत कराया जा चुका है लेकिन इस मामले में ध्यान नहीं दिया जा रहा। ग्राम रायपुर व खेड़ा बोल्दा के किसान अरूण, सुनिल, राहुल, रोहित, दयाराम, प्रहलादसिंह, बालाप्रसाद, रामप्रसाद, छतरसिंह, योगेन्द्र, महेन्द्र कुशवाह, होकम बारोड आदि ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को ज्ञापन सौपते हुए कहा कि किसान सम्मान निधि नहीं मिलने से ग्रामवासी व्यथित हैं व गांव में आक्रोश का माहौल है। पात्र किसानों को तहसील में प्रशासनिक सिस्टम को सुधारकर 12वीं व 13वीं किसान सम्मान निधि की राशि खातों में डलवाई जाए।



**35 माह पुराने मामले में 25 आरोपियों को**

# तीन वर्ष के कठोर कारावास के साथ 3500 का अर्थदण्ड

दैनिक अवन्तिका ▶▶ महिदपुर

विगत 15 मार्च 2020 की रात्रि में 3.45 की घटना को लेकर नगर के 25 लोगों पर प्रकरण दर्ज हुआ था जिसको लेकर विगत दिवस हुए फैसले में 25 ही लोगों को 3-3 वर्ष के कठोर कारावास के साथ ही 3500-3500 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया।

15 मार्च की सुबह 3.45 की घटना बताई जिसमें प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के गणेश चौपाटी पर पत्थरबाजी की घटना की जानकारी मिलने पर महिदपुर थाने पर पदस्थ आरक्षक ब्रजेश मिश्रा ने मौके पर जाकर देखा तो उक्त घटना घटित हो रही थी, इसको लेकर मौके पर पहुंचे पुलिस दल द्वारा उन्हें तितर-बितर किया जा रहा था कि उसी समय आरोपीगणों ने पुलिस दल के साथ अभद्र अपशब्दों का प्रयोग किया जिसको लेकर पुलिस प्रशासन के द्वारा शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न कर रहे लोगों को समझाइश दी जा रही थी इसी दौरान आरोपीगणों द्वारा मौके पर पहुंचे आरक्षक ब्रजेश मोहन मिश्रा के सर पर लकड़ी से चोंट पहुंचाई जिसको लेकर पुलिस प्रशासन द्वारा 25 आरोपियों पर प्रकरण पंजीबद्ध किया। साथ ही 25 लोगों पर अशांति फैलाने का प्रकरण भी पंजीबद्ध किया था। यह पूरा मामला बाद संपूर्ण विवेचना के न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया था जिसमें अभियोजन साक्ष्य लिये जाकर आरोपीगणों पर आरोप सिद्ध पाये गये जिस पर विगत 24 फरवरी को न्यायालय द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश महिदपुर साबिर अहमद खान ने प्रत्येक आरोपियों को 3-3 वर्ष के कठोर कारावास एवं 3500-3500 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया। इस मामले में शासन की ओर से अपर लोक अभियोजक नरेन्द्र कुमार सोलंकी ने पैरवी की। उक्त जानकारी अपर लोक अभियोजक नरेन्द्र कुमार सोलंकी ने दी।

# विकास यात्रा का कायथा में समापन समारोह संपन्न

दैनिक अवन्तिका ▶▶ कायथा

मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा 5 फरवरी रविदास जयंती से पूरे प्रदेश में विकास यात्रा निकाली गई लगभग 1 महीने तक चली विकास यात्रा प्रत्येक गांव स्तर पर पहुंची अंत में 28 फरवरी को विकास यात्रा का विधिवत समापन ग्राम पंचायत कायथा के दुग्ध संस्था प्रांगण में अतिथियों ने माँ सरस्वती पूजन व कन्या पूजन करने के पश्चात विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धि अर्जित करने वाले प्रतिभाओं को साफा बांधकर पुष्पमाला, शाल, श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर जनसमुदाय को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष बहादुरसिंह बोरमुंडला ने कहा कि यात्रा का उद्देश्य सरकार के कामकाज और उनकी योजनाओं को आम जन तक पहुंचाना है।

उक्त बात भाजपा जिला अध्यक्ष बहादुरसिंह बोरमुंडला ने विकास यात्रा के समापन अवसर पर ग्राम कायथा में कही। विकास यात्रा प्रभारी जिला महामंत्री नाहर सिंह पवार ने भी संबोधित किया। यात्रा में प्रमुख रूप से शासन की योजनाओं की जानकारी दी गई एवं ग्रामीण क्षेत्र में प्राप्त समस्या एवं शिकायतों का मौके पर ही निराकरण करने का प्रयास किया गया।

इस अवसर पर नगर मे कलश यात्रा का निकाली गई विकास यात्रा कायथा के प्रमुख मार्गो से होते हुए कार्यक्रम स्थल पहुंची जहां पर ग्राम पंचायत कायथा के सरपंच प्रतिनिधि जितेंद्र सिंह सिसोदिया छोटा रावला ने उपस्थित अतिथियों का साफा बांधकर पुष्पमाला पहना कर स्वागत किया। इसके बाद यात्रा में चल रहे हैं। सभी विभागों के अधिकारियों का सरपंच प्रतिनिधि जितेंद्रसिंह सिसोदिया ने सम्मान किया। कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेतागण सम्मिलित हुए।

# त्यौहारों के मद्देनजर शांति समिति की बैठक सम्पन्न

**भाटपचलाना।** थाना प्रांगण में शांति समिति की बैठक सम्पन्न हुई। अनुविभागीय अधिकारी पुलिस पुष्पा प्रजापत ने दी ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा होली, रंग पंचमी का त्यौहार सद्भावना एवं शांतिपूर्वक मनाना है। यह त्यौहार प्रेम और सद्भावना का प्रतीक है। किसी को भी किसी प्रकार का नुकसान न हो इस प्रकार त्यौहार को मनाना चाहिए। थाना प्रभारी संजय वर्मा व आसपास गांव के गणमान्य नागरिकों ने अपने विचार रखे।


**जाहिर सूचना**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, ग्राम असलाना तहसील व जिला उज्जैन में स्थित कृषि भूमि सर्वे क. 164/3/1 रकबा 0.040 हे. , सर्वे क. 517/1 रकबा 0.160 हे. सर्वे क. 517/4 मी-1 रकबा 0.40 हे., सर्व क. 520/1 रकबा 1.80 हे. तथा सर्वे क. 533/2 रकबा 0.060 हे. कुल किता 5 कुल रकबा 2.460 हे. भूमि स्थित है तथा उपरोक्त भूमियों में मेरे पक्षकार ईश्वर पिता श्री बाबुलाल व कमल पिता श्री बाबुलाल का हित व अधिकार जन्म से ही निहित है उपरोक्त भूमियों पैतृक कृषि भूमि होकर मेरे पक्षकार का हित उपरोक्त भूमियों में जन्म से ही निहित रहा है परन्तु मेरे पक्षकार के पिता बाबुलाल पिता स्व. गंगाराम के मन में बदनियती आ जाने के कारण उपरोक्त समस्त पैतृक कृषि भूमियों को बाबुलाल पिता स्व. गंगाराम अकेले हडप कर विक्रय करने हेतु तत्पर है जिसका कि बाबुलाल पिता स्व. गंगाराम को कोई वैधानिक अधिकार प्राप्त नहीं है। इस जाहिर सूचना के माध्यम से सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, उपरोक्त उल्लेखित कृषि भूमियों को बाबुलाल पिता स्व. गंगाराम से किसी भी प्रकार का कय ना करे तथा कय करने का अनुबंध भी ना करे, इस संबंध में मेरा पक्षकार योग्य एवं वैधानिक कार्यवाही करने जा रहा है, उपरोक्त भूमियों के संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, अर्द्धशासकीय, शासकीय बैंक, आदि द्वारा उपरोक्त भूमि के संबंध में किसी भी प्रकार का कोई संव्यवहार किया जाता है तो उक्त संव्यवहार की समस्त जवाबदारी उक्त व्यक्ति, संस्था, अर्द्धशासकीय, शासकीय बैंक आदि की रहेगी तथा उपरोक्त संव्यवहार मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं रहेगा। सूचित हो।

इति दिनांक 03.03.2023

**सौरभ चौधरी**
**एडवोकेट कार्या:- चेम्बर क्रमांक- 74, न्यू कोर्ट परिसर उज्जैन**
**म.प्र. मो. न. 9411779232**



**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूखण्ड स्वामीनी श्रीमती वदना मिश्रा पति श्री प्रेम मिश्रा, निवासी-49, राजेन्द्र नगर नीलगगा उज्जैन से उनके एकमेव स्वय स्वामित्व व आधिपत्य का भूखण्ड क्रमांक सी-2 / 10. श्रेणी एम. आय. जी. स्थित श्री महाकाल वाणिज्यिक सह आवासीय सेक्टर सी योजना, उज्जैन में होकर वाणिज्यिक सह आवासीय उपयोग का है तथा जो सामने से 10.00 मीटर पीछे से 1000 मीटर व जिसकी एक बाजू 15.00 मीटर, दूसरी बाजू 15.00 मीटर के माप का होकर जिसका कुल क्षेत्रफल 150.00 वर्गमीटर है एवं जिसके उत्तर पूर्व में 9.00 मीटर सड़क, दक्षिण पश्चिम मे भूखण्ड क्रमाक सी-23 व सी-2 / 2 का भाग, पश्चिम/उत्तर में भूखण्ड क्रमाक सी-2 " तथा पूर्व दक्षिण भूखण्ड क्रमांक सी-2/9 है एवं जो वर्तमान में लीजहोल्ड राइट्स का है जिससे ज राईट्स से फ्रीहोल्ड राइट्स में सपरिवर्तन की कार्यवाही भी कार्यालय उज्जैन विकास करण उज्जैन में चलित है, को मय तल, जमीन व हवाई हक सहित तथा निर्विवाद व रिक्षा अवस्था में क्रय करने का सौदा किया होकर आशिक धनराशि अदा कर दी है। उक्त सम्पत्ति पर किसी भी व्यक्ति, वित्तिय संस्था, बैंक शासकीय, अशासकीय विभाग आदि का कोई स्वत्व, हित, अधिकार, सुखाधिकार कब्जे का अधिकार अनुसार गिरवी आदि का भार अथवा इस विक्रय व्यवहार में किसी को किसी भी प्रकार की कोई आपति हो तो सूचना प्रकाशन से 7 दिन में मय असल दस्तावेजी व तथ्यात्मक प्रमाण के मुझसे आकर मिले त उसका निराकरण करवाया जा सके बाद मियाद किसी की कोई आपत्ति आदि मेरे कार के हितों पर बंधनकारक नहीं रहेगी तथा मेरे पक्षकार द्वारा उनी सम्पति के अतरण लेख का निष्पादन व पंजीयन करवा लिया जायेगा । दिनांक 02.032023. उज्जैन.

**निखिल सोडानी, एडवोकट**
**कार्यालय दुकान न डी-8 भरतपुरी शोपिंग काम्पलेक्स आर.टी.ओ आफिस के पिछे देवास रोड उज्जैन मोबाईल नम्बर-9301376778**



**आवश्यकता है**

कंप्यूटर ऑपरेटर की जिसे हिंदी-इंग्लिश का पूर्ण ज्ञान है व ई पंजीयन संबंधित कार्य जानता हो।

**शीघ्र संपर्क करें**
**शब्बीर हुसैन**
**9907101111**
**9827638111**



**आवश्यकता है**

पैकिंग एवं मशीन कार्य हेतु महिलाओं की फैक्ट्री पर चौकीदार की (रहने की सुविधा), गृह कार्य के लिए महिला की (रहने की सुविधा)।

**शीघ्र सम्पर्क करें-**
**श्री हरि पेपर इण्डस्ट्रीज**
**8, मक्सी रोड, इण्डस्ट्रीयल एरिया, प्रवाह पेट्रोल पम्प के पीछे, उज्जैन**
**मोबा. 9425358095**



**अवन्तिका वर्गीकृत**

- 10 दिन 1000/-
- 20 दिन 1500/-
- 1 माह 2000/-

**सम्पर्क करें-**
**0734-4041777**
**0731-4085777**

**विशेष सूचना-** दैनिक अवन्तिका में प्रकाशित विज्ञापनों में किये दावों की पुष्टि पाठक अपने विवेक से करें।



**किराए से देना है**

एक हाल 40X50 का बैंक या शो रुम हेतु किराये से देना है। प्रिंस, हुंडई शो रुम के पास देवास रोड, उज्जैन।

**सम्पर्क करें**
**9424644658**
**(सतीश आर्य)**


## नगर पालिका स्थापना दिवस पर गौरव दिवस मनेगा

**शुजालपुर।** नगर पालिका परिषद शुजालपुर का स्थापना दिवस गौरव दिवस कार्यक्रम के रूप में 4 व 5 मार्च को आयोजित किया जाएगा। जिसके चलते विभिन्न कार्यक्रम होंगे। मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने बताया कि 4 मार्च की शाम 7 बजे को संस्कृति विभाग मध्यप्रदेश शासन भोपाल के कलाकारों द्वारा सिटी बस स्टेंड पर शबरी महोत्सव कार्यक्रम का मंचन किया जाएगा। साथ ही 5 मार्च रविवार को प्रातः 11 बजे सिटी बस स्टेंड पर सम्मान समारोह, भूमि पूजन व लोकार्पण कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में प्रभारी मंत्री बृजेन्द्रसिंह यादव, स्कूल शिक्षा व सामान्य प्रशासन मंत्री इंदरसिंह परमार, सांसद महेन्द्रसिंह सोलंकी, कलेक्टर दिनेश जैन सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहेंगे। समारोह की अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष बबीता बेनीप्रसाद परमार द्वारा की जाएगी। दो दिवसीय इस गौरव दिवस कार्यक्रम में नागरिकों से शामिल होने की अपील की गई।

## होली चातुर्मास के लिए साध्वी मंडल का मंडी में मंगल प्रवेश



**शुजालपुर।** होली चातुर्मास के लिए साध्वी मंडल का मंडी क्षेत्र में मंगल प्रवेश होने पर समाजजनों ने अगवानी की। स्थानक सचिव सीमित जैन ने बताया कि साध्वी कीर्ति सुधा महाराज का गुरूवार को सिटी से विहार करते हुए मंडी स्थित महावीर भवन में प्रवेश हुआ। साध्वीजी का होली चातुर्मास मंडी स्थित स्थानक में होगा, जिसमें प्रतिदिन प्रातः 9 से 10 तक प्रवचन होंगे। समाज अध्यक्ष विनोद कुमार जैन ने सभी समाज जनों से प्रवचन में शामिल होकर धर्मलाभ लेने की अपील की।साध्वी मंडल के मंडी प्रवेश के दौरान अश्विनी चौधरी, हेमंत, संदीप चौधरी, कमल चौधरी, अंकुर चौधरी, अभिषेक चौधरी, प्रमोद जैन, प्रवीण जैन, रीना चौधरी सहित अन्य समाजजनों ने अगवानी की।

## गंगावाड़ी मेले के शताब्दी वर्ष में कवि सम्मेलन 5 मार्च को

**महिदपुर।** ऐतिहासिक गंगावाड़ी मेले के शताब्दी वर्ष (100वें वर्ष) के उपलक्ष में नगर पालिका परिषद द्वारा विशाल अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन मेला रंगमंच पर 5 मार्च को रखा जा रहा है जिसमें देश के ख्यातनाम सुप्रसिद्ध कवी अपनी कविताओं से श्रोताओं को आनंदित करेंगे। आमंत्रित कवि गणों में सर्वश्री जगदीश सोलंकी कोटा, देश की वरिष्ठ ख्यात कवियत्री सुश्री कीर्ति काले दिल्ली, हास्य व्यंग के कुशल चितेरे जानी बैरागी धार राजोद, हास्य रस के बलवंत बबलू उदयपुर केसरियाजी, अर्जुन अल्हड़ जयपुर, शायर सूफियान काजी खंडवा, कवियत्री शबनम अली उज्जैन, अंतर्राष्ट्रीय कवि मंच संचालक अशोक भाटी मंच संचालन करेंगे सूत्रधार संयोजक कवि जैनेंद्र खेमसरा सरल होंगे। कवि सम्मेलन लोकप्रिय विधायक भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष बहादुर सिंह चौहान के मुखिया आतिथ्य में होगा।






स्वत्वाधिकारी अवंतिका प्रकाशन (भागीदारी फर्म) के लिए प्रकाशक, मुद्रक संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं ए-5 द्वितीय तल विजयनगर मेन रोड इन्दौर (म.प्र.) से प्रकाशित। संपादक : संदीप मेहता, फोन : 0731-4085777, मोबा. 9827771777 e-mail: awantikapressind@gmail.com